जबलपुर बुधवार 13 मई 2026 > शक संवत 1948, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष एकादशी, संवत 2083

वर्ष 31 अंक 314 > मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com



अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना
10

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**
अधिकतम तापमान 42.0°C
न्यूनतम तापमान 25.2°C
सूर्योदय - 5.30 | सूर्यास्त - 6.43



क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में पेंट-पुट्टी घोटाले का...
2



एनटीआर के जन्मदिन पर रिलीज होगा 'एनटीआरनील'
7



अचीवर्स कोचिंग क्लासेस ने मेधावी छात्रों का किया सम्मान
9

# सिस्टम वीक...पेपर लीक

- राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने परीक्षा को रद्द किया
- नासिक से हरियाणा, जयपुर, सीकर पहुंचा था पेपर
- 3 मई 2026 को 22.79 लाख छात्रों ने दी थी परीक्षा
- सभी परीक्षार्थियों को वापस की जाएगी शुल्क राशि




नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने भारत सरकार की मंजूरी से 3 मई 2026 को आयोजित नीट (यूजी) 2026 की परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही परीक्षा को दोबारा आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया है, जिसकी सूचना जल्द ही दी जाएगी। जानकारी के अनुसार, भारत सरकार ने इस मामले को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन को सौंपा है, ताकि इसमें लगाए गए सभी आरोपों की जांच की जा सके। इस जांच में एनटीए, सीबीआई को पूरा सहयोग करेगी और जांच के लिए जरूरी सभी सामग्री, रिकॉर्ड और सहायता उपलब्ध कराएगी। वहीं, दुबारा परीक्षा के लिए किसी भी नए रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं होगी, और न ही कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क लिया जाएगा। इसके अलावा, जो शुल्क पहले जमा किया जा चुका है, वह छात्रों को वापस कर दिया जाएगा इस बार परीक्षा एनटीए अपने आंतरिक संसाधनों का उपयोग करके दोबारा आयोजित करेगी। इसके अलावा दुबारा होने वाली परीक्षा को लेकर आगे की सूचनाएं, आने वाले दिनों में आधिकारिक माध्यमों से जारी किए जाएंगे। मालूम हो कि, नीट यूजी परीक्षा का आयोजन 3 मई को देशभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर करवाया गया था। इसमें 22.79 लाख छात्रों ने हिस्सा लिया था। इसके बाद राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को राजस्थान और उत्तराखंड से पेपर लीक को लेकर सूचना मिली थी। जो कथित तौर पर वास्तविक प्रश्नपत्र से मिलते-जुलते थे। इसके बाद राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह ने नीट यूजी 2026 परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच शुरू की थी।

## देशभर से 16 लोग हिरासत में

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट पेपर लीक मामले में देशभर में अब तक 16 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इस मामले में महाराष्ट्र के दो लोगों की संलिप्तता सामने आई है, जिन्हें राजस्थान पुलिस और महाराष्ट्र पुलिस के संयुक्त अभियान में पकड़ा गया। इस मामले में सीबीआई ने केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। एक आरोपी महाराष्ट्र के नासिक का रहने वाला है और बीएएमएस के अंतिम वर्ष का छात्र है।

## ये अमृतकाल नहीं विषकाल है: राहुल

नीट (यूजी) की परीक्षा को रद्द करने के मामले पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला किया है। सोशल मीडिया प्लेफॉर्म एक्स पर राहुल गांधी ने लिखा, नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गयी। 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट



भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। किसी पिता ने कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे, लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला, पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। उन्होंने आगे लिखा, यह सिर्फ नाकामी नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं और ईमानदार छात्र सजा भुगतते हैं। अब लाखों छात्र फिर से वही मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता झेलेंगे। अगर अपनी तकदीर परिश्रम से नहीं, पैसे और पहुंच से तय होगा, तो फिर शिक्षा का मतलब क्या रह जाएगा? प्रधानमंत्री का तथाकथित अमृतकाल, देश के लिए विषकाल बन गया है।

## पहचान छिपाने के लिए मुंडन करवाया

जांच एजेंसियों को तकनीकी सूचनाओं के आधार पर आरोपी शुभम खैरनार की तस्वीर मिली थी। आरोपी ने पहचान छिपाने के लिए मुंडन करवाया था, लेकिन क्राइम ब्रांच के एक कांस्टेबल ने उसकी सटीक पहचान कर ली, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। नासिक सिटी के पुलिस उपायुक्त किरण कुमार चव्हाण ने बताया कि सुबह राजस्थान पुलिस की ओर से अनुरोध प्राप्त हुआ था। इसके बाद नासिक क्राइम ब्रांच ने आरोपी को हिरासत में लिया।

## 140 सवाल सीधे मैच हुए

जांच में सामने आया है कि कथित क्वेश्चन बैंक में शामिल कई सवाल वास्तविक परीक्षा पत्र से मेल खाते पाए गए हैं। एजेंसियों के अनुसार लगभग 140 प्रश्न ऐसे मिले, जो परीक्षा में पूछे गए सवालों से लगभग समान थे। चूंकि नीट में प्रत्येक प्रश्न चार अंकों का होता है, ऐसे में इससे करीब 600 अंकों तक का संभावित फायदा मिलने की आशंका जताई जा रही है। यही वजह है कि जांच एजेंसियां इस पूरे मामले को बेहद संवेदनशील मान रही हैं।

## परीक्षा से पहले पहुंचा 'पेपर तैयार है' का मैसेज

मामले की जांच के दौरान एक और अहम जानकारी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक परीक्षा से पहले कुछ अभ्यर्थियों को फोन कर बताया गया था कि प्रश्नपत्र उपलब्ध हो चुका है। शुरुआती दौर में इसे भारी रकम लेकर उपलब्ध कराया गया, लेकिन परीक्षा की तारीख करीब आने पर कई छात्रों ने इसे कम दामों पर दूसरों तक पहुंचाना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि यह सामग्री बाद में पांच हजार से तीस हजार रुपये तक में बेची गई।

## भोजशाला विवाद पर फैसला सुरक्षित

**इंदौर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में चर्चित भोजशाला प्रकरण की सुनवाई मंगलवार को पूरी हो गई। करीब दो घंटे से ज्यादा चली सुनवाई में सभी पक्षों ने अपने तर्क रखे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने भी अपना पक्ष मजबूती से रखा। मामले में कोर्ट ने फैसला रिजर्व फॉर ऑर्डर रखा है। पिछले एक माह से अधिक समय से चल रही सुनवाई के दौरान हिंदू और मुस्लिम पक्षों ने अपने-अपने तर्क न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए। यह मामला वर्ष 2022 में तब शुरू हुआ था, जब रंजना अग्निहोत्री और उनके साथियों ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर भोजशाला का धार्मिक स्वरूप तय करने और हिंदू समाज को पूर्ण अधिकार देने की मांग की थी। इसी प्रकरण में वर्ष 2024 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने भोजशाला परिसर का 98 दिन तक वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया था। इसके बाद 23 जनवरी 2026 को वसंत पंचमी पर सुप्रीम कोर्ट ने दिनभर निर्बाध पूजा-अर्चना की अनुमति दी थी। 6 अप्रैल 2026 से हाईकोर्ट में नियमित सुनवाई शुरू हुई, जो 12 मई तक चली।

## आरजेडी सांसद की गाड़ी पर हमला

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के मदनपुर थाना क्षेत्र के हसनवार गांव के पास मंगलवार की रात करीब आठ बजे बरात में शामिल दो युवकों ने राजद सांसद अभय कुमार सिन्हा उर्फ अभय कुशवाहा के स्कॉर्पियो कार पर हमला कर दिया। हमलावरों ने चालक नवलेश कुमार एवं सांसद के निजी सहायक संजय कुमार की पिटाई कर दी। दोनों को गाली देते हुए गाड़ी को आगे बढ़ने से रोक दिया। घटना के समय सांसद कार में नहीं थे। बताया जा रहा है कि सड़क से गाड़ी हटाने को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद कार पर सवार दो युवकों ने सांसद के ड्राइवर की पिटाई कर दी।

## लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकी ढेर

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना ने घुसपैठ की साजिश को नाकाम कर दिया। मंगलवार को पुंछ जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैबा संगठन से जुड़ा एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। यह आतंकी पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के जरिए घुसपैठ कर रहा था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मारा गया आतंकवादी लश्कर समूह का हिस्सा था जो घुसपैठ करने की कोशिश कर रहा था। सतर्क सैनिकों ने उनकी गतिविधि को रोका, जिसके परिणामस्वरूप अग्रिम क्षेत्र में गोलीबारी हुई।



# छग में 1.5 करोड़ का एलपीजी घोटाला

## फूड ऑफिसर निकला मास्टरमाइंड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में करीब 1.5 करोड़ रुपये के एलपीजी घोटाले का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव को इस पूरे रैकेट का कथित मास्टरमाइंड बताया गया है। मामले में अब तक तीन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस का कहना है कि जब्त किए गए एलपीजी टैंकरों से बड़ी मात्रा में गैस निकालकर उसे अवैध तरीके से बेचा गया। यह मामला उन छह एलपीजी टैंकर कैप्सूल से जुड़ा है जिन्हें पहले जब्त किया गया था। बाद में सुरक्षा कारणों से उन्हें सुपुर्दगी प्रक्रिया के तहत सुरक्षित रखने के लिए सौंपा गया था। पुलिस के मुताबिक इसी दौरान गैस चोरी और डायवर्जन की साजिश रची गई। जांच में सामने आया कि सरकारी प्रक्रिया का फायदा उठाकर करोड़ों रुपये की एलपीजी को गायब किया गया। पुलिस जांच के अनुसार, 23 मार्च को जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव और गौरव गैस एजेंसी के संचालक पंकज चंद्राकर के बीच पहली बैठक हुई थी। इसी बैठक में कथित तौर पर टैंकरों में भरी एलपीजी निकालने की योजना बनाई गई। बाद में रायपुर निवासी मनीष चौधरी को भी इस साजिश में शामिल किया गया। पुलिस का दावा है कि उसे उन एजेंसियों से संपर्क करने की जिम्मेदारी दी गई जो इस अवैध सौदे में शामिल हो सकती थीं।

## पाकिस्तान के साथ बातचीत बंद न हो: होसबाले



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं करने चाहिए। उनका मानना है कि दोनों देशों के बीच जनता से जनता के रिश्ते तनाव कम करने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। होसबाले ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सांस्कृतिक संबंध पुराने हैं और हम एक ही राष्ट्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व पर भरोसा कम होने के कारण पाकिस्तान के खिलाड़ियों, वैज्ञानिकों और सिविल सोसायटी को आगे आना चाहिए।

# कलकत्ता हाईकोर्ट की बेंच आरजी-कर केस की सुनवाई से हटी

कोलकाता



कलकत्ता हाईकोर्ट में आरजी कर रेप-मर्डर केस की सुनवाई कर रही बेंच ने खुद को मामले से अलग कर लिया। जस्टिस राजा शेखर मंथा और जस्टिस राय चट्टोपाध्याय ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान कहा कि दूसरे मामलों की वजह से हम इस केस को समय नहीं दे पा रहे हैं। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने अपनी जांच रिपोर्ट भी पेश की। इस पर पीड़ित के परिवार ने कहा कि एजेंसी द्वारा कोई नई जांच नहीं की गई है। दरअसल, कोर्ट ने मई में सीबीआई को नए सिरे से मामले की जांच करने को कहा था। हाईकोर्ट ने कहा कि यह महत्वपूर्ण मामला है। पूरी दुनिया इसे देख रही है। इसलिए इस मामले को पर्याप्त समय मिलना जरूरी है। हमने केस से खुद को अलग करने के फैसले के बारे में चीफ जस्टिस को बता दिया है। वे अब इस पर फैसला लेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो इसके लिए एक कमीशन भी बनाया जाएगा। कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पिछले साल 8-9 अगस्त की रात एक ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डॉक्टर की लाश सेमिनार हॉल में मिली थी। सुनवाई

# मोदी सर्वदलीय बैठक बुलाएं

## पश्चिम एशिया संकट पर बोले शरद पवार

नई दिल्ली



शरद पवार ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट पर पीएम नरेंद्र मोदी से सर्वदलीय बैठक बुलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित के मामलों में सभी दलों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करना जरूरी है। पवार ने एक्स पर लिखा- पीएम मोदी ने जनता से सोना न खरीदने और पेट्रोल-डीजल कम खर्च करने की अपील की है। इससे अर्थव्यवस्था पर लंबे समय तक असर पड़ सकता है। इन घोषणाओं से आम लोगों और कारोबारियों में बेचैनी बढ़ी है। ज्वेलरी काउंसिल का कहना है कि पीएम को उनसे बात करनी चाहिए थी। पीएम की अपील से उनकी रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा। दरअसल, पीएम मोदी ने लगातार दो दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील की। हालांकि, इस बीच पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि देश में तेल और गैस की कोई कमी नहीं है। भारत के पास 69 दिन का कच्चे तेल और 45 दिन का एलपीजी स्टॉक है।

# बंगाल में एसआईआर कराने वाले अधिकारी बने चीफ सेक्रेटरी

## कांग्रेस बोली ईसी और बीजेपी के बीच खुली मिलीभगत

कोलकाता

सुवेंदु सरकार ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर कराने वाले चुनाव अधिकारी मनोज अग्रवाल को राज्य का नया चीफ सेक्रेटरी नियुक्त किया है। मनोज की देखरेख में विधानसभा चुनावों से पहले बंगाल में वोटर लिस्ट में विशेष गहन संशोधन कराया गया था। इसमें मतदाता सूची से लगभग 91 लाख वोटर्स के नाम हट गए थे। इसके अलावा रिटायर्ड आईएएस अधिकारी सुब्रत गुप्ता को भी मुख्यमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया है। सुब्रत को बंगाल में एसआईआर के दौरान ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया था। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ये नियुक्तियां ईसीआई और बीजेपी के बीच खुली मिलीभगत और सांठगांठ को दर्शाती हैं। अब तो इस मिलीभगत को छिपाने की कोई कोशिश भी नहीं की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये नियुक्तियां इस बात का प्रमाण हैं कि ईसीआई निष्पक्ष नहीं था और उसने पूरी तरह से बीजेपी को फायदा पहुंचाने के मकसद से काम किया। रमेश ने कहा, चुनाव के दौरान 27 लाख लोगों को वोट करने से रोक दिया गया। ईसीआई ने बीजेपी को चुनावी फायदा पहुंचाने के लिए इस काम को बड़ी ही चालाकी से अंजाम दिया।

## बेहद बेशर्मी भरा कदम: टीएमसी

टीएमसी नेता साकेत गोखले ने इस कदम को बेहद बेशर्मी भरा बताया। वहीं टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने तंज वाले लहजे में इसे एक संयोग कहा। एक्स पर अपनी पोस्ट में, गोखले ने कहा कि इस कदम से पता चलता है कि बीजेपी और ईसीआई चुनाव चुराने के मामले में खुलेआम सामने आ रहे हैं, और उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अदालतें अंधी हैं या इसमें मिलीभगत है।

## सीबीआई करेगी सुवेंदु अधिकारी के पीए मर्डर केस की जांच

**बंगाल।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। सीबीआई ने केस अपने हाथ में लेते ही 7 मेंबर्स की स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम बनाई है। टीम की अगुआई डीआईजी रैंक के अधिकारी करेंगे। इस केस में अब तक बिहार और यूपी से 3 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को तीनों को नॉर्थ 24 परगना के बारासात कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। बंगाल चुनाव नतीजों के दो दिन बाद, 6 मई को नॉर्थ 24 परगना के मध्यमग्राम में 42 साल के चंद्रनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर ने उनकी कार रोककर कई राउंड फायरिंग की, जिसमें उन्हें सीने और पेट में तीन गोलियां लगीं।

# बंगाल के पूर्व मंत्री सुजीत को ईडी ने किया गिरफ्तार

## नगर निगम में अवैध भर्ती का आरोप, 150 लोगों को दिलाई नौकरी

कोलकाता



पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और टीएमसी नेता सुजीत बोस को कोर्ट ने मंगलवार को 10 दिन की प्रवर्तन निदेशालय की कस्टडी में भेजा है। ईडी ने बोस को नगर निगम भर्ती घोटाले में सोमवार को गिरफ्तार किया था। सुजीत अपने बेटे समुद्र बोस के साथ सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे ईडी ऑफिस पहुंचे थे। उनसे करीब 10 घंटे पूछताछ की गई, फिर रात को गिरफ्तार कर लिया गया था। सुजीत बोस पर 2014-2018 के बीच साउथ दमदम नगर निगम में करीब 150 लोगों की अवैध भर्ती कराने का आरोप है। कहा जाता है कि सुजीत ने इसके बदले पैसे और फ्लैट लिए थे। सुजीत उस वक्त दमदम नगर पालिका के उपाध्यक्ष थे। बिधाननगर से तीन बार के विधायक रहे सुजीत बोस हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के शरदवत मुखर्जी से 37,000 से अधिक वोटों के अंतर से हार गए थे। सुजीत बोस को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान ईडी के कई नोटिस मिले। जिनमें से एक 6 अप्रैल को मिला था। इसी दिन नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। उन्होंने पहले कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और चुनाव प्रचार में अपनी व्यस्तता का हवाला देते हुए ईडी के सामने पेश होने से छूट मांगी थी।

# '12 न्यायाधीशों को है खतरा'

## सुरक्षा व्यवस्था पर हाईकोर्ट ने पुलिस को दिए 7 जुलाई तक रिपोर्ट सौंपने के आदेश

नई दिल्ली




न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा की मांग को लेकर दायर याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस को स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी की पीठ ने कहा कि सुरक्षा के संबंध में अधिकारियों के बीच हुई बैठक की रिपोर्ट पेश करें और अगली सुनवाई पर इस पर विचार किया जाएगा। ज्यूडिशियल सर्विस एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान पीठ को सूचित किया गया कि अदालत के निर्देश पर बैठक आयोजित की गई थी, लेकिन इसका विवरण रिकार्ड पर नहीं रखा गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि यह खतरे की आशंका पर आधारित होना चाहिए और जिला न्यायाधीशों को सुरक्षा दी गई है। यह भी बताया कि 12 ऐसे न्यायाधीश हैं जिनके लिए खतरे की आशंका है।इस पर पीठ ने कहा कि यह तो कहने की जरूरत ही नहीं है कि अगर खतरे की आशंका है, तो पुलिस किसी भी स्थिति में सुरक्षा प्रदान करेंगे ही। सवाल तो यह है कि क्या यह मांग वैध है या नहीं। क्या उन्हें सुरक्षा दिए जाने की आवश्यकता है या दी जानी चाहिए। पुलिस ने जवाब में कहा कि हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार द्वारा भी एक बैठक आयोजित की गई थी। हालांकि, पीठ ने कहा कि हमें यह नहीं पता कि बैठक में क्या हुआ। पीठ ने कहा कि अगर बैठक समाप्त हो गई है, तो सब कुछ रिकार्ड पर पेश किया जाएगा। पीठ ने कहा कि इस पर सात जुलाई को होने वाली अगली सुनवाई पर विचार किया जाएगा। याचिका में कहा गया है कि न्यायिक अधिकारी खुद गाड़ी चलाकर कोर्ट आते हैं और उन्हें पीछा किए जाने, गाली-गलौज और धमकियों जैसी कई घटनाओं का सामना करना पड़ता है। पिछली सुनवाई पर पीठ ने दिल्ली सरकार के कानून, न्याय और विधायी मामलों के विभाग के प्रधान सचिव, दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, केंद्रीय गृह मंत्रालय और दिल्ली पुलिस के बीच एक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया था। साथ ही बैठक की रिपोर्ट पेश करने को कहा था।

# क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में पेंट-पुट्टी घोटाले का आरोप

## भुगतान नहीं मिला तो ठेकेदार ने परिवार सहित अनिश्चितकालीन अनशन की दी चेतावनी

शहडोल (स्वतंत्रमत)

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय एक बार फिर विवादों के केंद्र में है। इस बार मामला कार्यालय में कराए गए पेंट, पुट्टी और वाटरप्रूफिंग कार्य के लगभग 18.35 लाख रुपये के भुगतान से जुड़ा है। हार्डवेयर व्यवसायी एवं ठेकेदार शिवम गुप्ता ने आरटीओ अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई है।

**बिना टेंडर लाखों का काम, अब भुगतान से इनकार**- शिकायत के अनुसार, आरटीओ कार्यालय भवन की पुट्टी, इमल्शन पेंट, बाउंड्री पेंटिंग और छत की वाटरप्रूफिंग का कार्य दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच कराया गया। आरोप है कि यह कार्य बिना विधिवत निविदा प्रक्रिया के कराया गया और कार्य पूर्ण होने के बावजूद भुगतान रोक दिया गया।

**काम शुरू होने से पहले बनवाया गया 18 लाख का बिल**- शिवम गुप्ता का कहना है कि तत्कालीन अधिकारी के निर्देश पर उनसे बिना तारीख का बिल तैयार कराया गया। पहले कार्य की अनुमानित राशि लगभग 7.98 लाख रुपये बताई गई, लेकिन बाद में अतिरिक्त कार्य और जीएसटी









जोड़कर कुल राशि 18,35,819 रुपये दर्शाई गई।

### 8 का 18 बनाने का आरोप

ठेकेदार का आरोप है कि मूल कार्य की लागत की तुलना में बिल राशि असामान्य रूप से बढ़ाई गई। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या भुगतान प्रक्रिया में वित्तीय अनियमितता की गई।

**कौन है अरविंद सिंह**-मामले में अरविंद सिंह नामक व्यक्ति की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी व्यक्ति ने विभागीय भुगतान का भरोसा देकर काम कराया और अपने निजी मकान में भी पुट्टी-पेंट का कार्य करवाया। इसके बदले केवल 13,200 रुपये दिए गए, जबकि शासकीय भुगतान अब तक लंबित है।

### ठेकेदार को मजदूरों को भुगतान करना हो रहा मुश्किल

ठेकेदार का कहना है कि लाखों रुपये फंस जाने से मजदूरों की मजदूरी देना मुश्किल हो गया है और उनका व्यवसाय आर्थिक संकट में पहुंच गया।

**उठ रहे बड़े सवाल**

क्या बिना निविदा लाखों रुपये का कार्य कराया गया?

कार्य प्रारंभ से पहले बिना तारीख का बिल क्यों बनवाया गया?

भुगतान किस आधार पर रोका गया?

अरविंद सिंह की विभागीय भूमिका क्या है?

क्या यह वित्तीय अनियमितता का मामला है?

**कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग**

शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो मामला गंभीर प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितता का रूप ले सकता है।

# कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याएं

शहडोल (स्वतंत्रमत)



कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सोन सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के ग्राम गोड़िनबूडा निवासी मिलसो राव ने निजी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने, ग्राम हर्रा टोला निवासी बब्बू बैगा ने रोड निर्माण हेतु ली गई जमीन के बदले मुआवजा दिलाने, ग्राम चुहिरी निवासी महन्तु जायसवाल ने जमीन का सीमाकंन कराने, मो. फजिल धनपुरी निवासी ने निजी भूमि में किये जा रहे निर्माण कार्य को रूकवाने, ग्राम हर्रा टोला निवासी भैयालाल गड़ारी ने भूमि का सीमाकंन कराने, ग्राम बरगंवा निवासी फूल सिंह ने नल जल योजना के तहत किये गए कार्यों को पूर्ण कराने, ग्राम बुधसार निवासी बद्री प्रसाद मौर्य ने व्हीलचेयर प्रदाय करने हेतु आवेदन किया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सभी प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित करते हुए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता है। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय ने जारी की स्नातक प्रथम वर्ष परीक्षा एवं आवेदन तिथियाँ

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों हेतु परीक्षा आवेदन एवं परीक्षा कार्यक्रम की महत्वपूर्ण तिथियाँ घोषित कर दी गई हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार विद्यार्थियों के नामांकन एवं परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया 12 मई प्रारंभ होकर 23 मई तक संचालित की जाएगी। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि स्नातक प्रथम वर्ष के स्वाध्यायी विद्यार्थियों को नामांकन एवं परीक्षा फॉर्म दोनों प्रक्रियाएँ पूर्ण करनी होंगी, जबकि नियमित विद्यार्थियों को केवल परीक्षा फॉर्म भरना अनिवार्य रहेगा। विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र 26 मई से उपलब्ध कराए जाएंगे।

# शिक्षक संघ ने संभागीय मुख्यालय में कोष एवं लेखा के संचालन हेतु संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह से भेंटकर सौंपा ज्ञापन

बुढार (स्वतंत्रमत)



शिक्षक संघ नें संभागीय मुख्यालय में कोष एवं लेखा के कार्यालय संचालन की न्याय संगत मांग को लेकर शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह से भेटकर ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ की संभागीय इकाई के प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय प्रकोष्ठ प्रमुख जनजातीय कार्य विभाग अनिल कुमार सिंह एवं संभागीय अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिध मंडल सांसद हिमाद्री सिंह से उनके गृह ग्राम राजेन्द्रग्राम में भेंटकर समस्या से अवगत कराया और मांगपत्र सौंपा। शिक्षक संघ नें सांसद को सौंपे ज्ञापन में उल्लेखित किया कि संभाग में कोश एवं लेखा का संभागीय कार्यालय संचालित नहीं होने से कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, और वर्तमान में पेंशन एवं अन्य स्वत्वों के भुगतान संबंधी कार्यों के लिए रीवा कार्यालय जाना पड़ता है, जिससे समय एवं आर्थिक व्यय का सामना करना पड़ता है, ऐसी स्थिति में प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि मुख्यालय पर शीघ्र कोष एवं लेखा का संभागीय कार्यालय संचालित करवाया जाये, जिससे संभाग के कर्मचारियों को सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध हो सकें। शिक्षक संघ की समस्या को सांसद हिमाद्री सिंह ने गंभीरता से लेते हुए आयुक्त कोष एवं लेखा भोपाल से दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान कोष एवं लेखा द्वारा समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन संघ के प्रतिनिध मंडल को दिया गया। सांसद को ज्ञापन सौंपते समय म.प्र. शिक्षक संघ प्रांतीय प्रकोष्ठ प्रमुख अनिल कुमार सिंह, संभागीय अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा, संभागीय संगठन मंत्री डॉ. नरेन्द्र पटेल, संभागीय सचिव हरिहर प्रताप सिंह तथा शहडोल जिला सचिव विनोद सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# नवविवाहिता को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिये उकसाने वाला आरोपी गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)



थाना सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत मर्ग जांच जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर नवविवाहिता को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिये उकसाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में मृतिका संतोषी यादव पति राकेश बैगा उम्र 22/23 वर्ष निवासी ग्राम नवलपुर थाना सोहागपुर की 15 अप्रैल को जलने से मृत्यु होना पाया गया था। मेडिकल कॉलेज से प्राप्त अस्पताली तहरीर के आधार पर मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। मृतिका के शव पंचनामा की कार्यवाही कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सोहागपुर द्वारा संपादित की गई। मर्ग जांच के दौरान मृतिका की माता संजू यादव एवं बहन रानू यादव सहित अन्य साक्षियों के कथन लिये गये, जिनमें बताया गया कि मृतिका पिछले लगभग तीन वर्षों से राकेश बैगा के साथ पति-पत्नी की तरह रह रही थी। आरोपी राकेश बैगा मृतिका को दूसरी जाति की होने की बात कहकर प्रताड़ित करता था तथा अपने जाति समाज में शादी करने की बात कहकर उसे मानसिक रूप से परेशान करता था। प्रताड़ना से परेशान होकर मृतिका द्वारा अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा लेना बताया गया। प्रकरण में प्राप्त कथन साक्षीगण, मर्ग इंटीमेशन, शव पंचनामा, घटनास्थल निरीक्षण, जप्तशुदा वस्तुएं एवं पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण आग से जलना पाए जाने पर आरोपी राकेश बैगा पिता पन्नेलाल बैगा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम नवलपुर थाना सोहागपुर के विरुद्ध अपराध धारा 108 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी राकेश बैगा को नबलपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## बरगांव से शुरू हुआ बृहद पशु टीकाकरण अभियान 35 गांवों में पहुंचेगी 50 टीमें गलघोंटू रोग से बचाव पर जोर



डिंडौरी (स्वतंत्रमत)

विकासखंड शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगांव में मंगलवार को पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा बृहद पशु टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत 35 गांवों में 50 टीमें घर.घर पहुंचकर पशुओं का टीकाकरण करेंगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य गलघोंटू जैसे संक्रामक रोगों की रोकथाम कर पशुधन को सुरक्षित रखना तथा पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से बचाना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री लखन पटेलए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईकेए सांसद फग्गनसिंह कुलस्तेए विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम की उपस्थिति में किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथियों ने 4 बसों एवं 18 चार पहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों के माध्यम से पशु चिकित्सकए पैराबेटए सहायक एवं तकनीकी कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर पशुओं का टीकाकरण करेंगे।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख राजकुमार मटालेए कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरियाए वेटनरी कॉलेज जबलपुर की डीन डॉण् राखी वैश्यए नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉण् मंजीत शर्मा सहित कई अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे। पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने टीकाकरण शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों को अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन पशुपालकों के हित में लगातार कार्य कर रहा है तथा पशुओं को रोगमुक्त रखने के लिए यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण है। अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा गांव.गांव मुनादी कराकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया हैए ताकि अधिक से अधिक पशुपालक अपने पशुओं का टीकाकरण करा सकें। इस अभियान में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुरए पशुपालन विभाग जबलपुर एवं पशुपालन विभाग डिंडोरी के चिकित्सकों एवं तकनीकी टीम का विशेष सहयोग रहा।

# 3 साल बाद सरकारी जमीन से हटा कब्जा

डिंडौरी (स्वतंत्रमत)



तीन वर्षों तक शिकायतोंए आवेदन और गुहार के बाद आखिरकार प्रशासन को शासकीय भूमि पर हुए अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ी। समनापुर तहसील अंतर्गत ग्राम कंचनपुर में मंगलवार को उस समय हलचल मच गई जब राजस्व विभाग और प्रशासनिक अमला जेसीबी मशीन लेकर खसरा नंबर 628 की सरकारी भूमि पर पहुंचा और वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की। बताया जा रहा है कि ग्राम कंचनपुर निवासी बलराम पिता गुलाबीए जाति प्रधान द्वारा लगभग दो एकड़ शासकीय भूमि पर लंबे समय से कब्जा कर खेती की जा रही थी। इतना ही नहींए जमीन पर लकड़ी की मढ़ैया बनाकर निवास भी किया जा रहा था। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत वर्ष 2023 में ही प्रशासन से कर दी थीए लेकिन कार्रवाई फाइलों में ही दबकर रह गई। ग्रामीणों का आरोप है कि बीते तीन वर्षों में कई बार शिकायतें देने के बावजूद नायब तहसीलदार और संबंधित राजस्व अमले की ओर से गंभीरता नहीं दिखाई गई। कार्रवाई में देरी ने कब्जाधारी के हौसले इतने बढ़ा दिए कि सरकारी जमीन पर खुलेआम खेती और निर्माण जारी रहा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन सख्ती दिखाताए तो सरकारी जमीन पर इस तरह स्थायी कब्जे की स्थिति पैदा ही नहीं होती। मंगलवार को जब प्रशासनिक टीम पुलिस बल और राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंची और जेसीबी से अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई शुरू हुईए तो माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बलराम प्रधान की पत्नी छोटा बाई कार्रवाई रोकने के लिए जेसीबी मशीन के सामने ही लेट गईं। कुछ देर तक मौके पर अफरा.तफरी और विवाद की स्थिति बनी रही। प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाइश दीए लेकिन विरोध जारी रहने पर सख्ती बरतते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की गई।

# जनसुनवाई में उमड़ी समस्याओं की फेहरिश्त 69 आवेदन पहुंचे कलेक्टर के पास

## पेयजलए आवास भुगतान और फसल नुकसान को लेकर ग्रामीणों ने लगाई गुहार

डिंडौरी स्वतंत्र मत






कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणों और नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में कुल 69 आवेदन प्राप्त हुएए जिन पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पेयजल संकटए अधूरे निर्माण कार्यए लंबित भुगतानए प्रधानमंत्री आवास योजनाए फसल नुकसान और रोजगार जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। कई ग्रामीणों ने गांवों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव की शिकायत करते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की। वहीं आगजनी से नुकसान झेल चुकी एक पीड़िता ने मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कर राहत सहायता की मांग की।

जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य पर ग्रामीणों का आक्रोश

ग्राम पंचायत खम्हेराए विकासखंड बजाग के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में निर्मित ओवरहेड टंकी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैए जिससे पानी लगातार बहकर बर्बाद हो रहा है। गांव के 234 परिवारों में से केवल 58 घरों तक ही पानी पहुंच रहा हैए जबकि 178 परिवार अब भी पेयजल सुविधा से वंचित हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभाग को जांच कर शीघ्र व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

**तालाब निर्माण का भुगतान अटका**- ग्राम पंचायत पिण्डरूखी निवासी भजन सिंह राजपूत ने तालाब निर्माण कार्य का लगभग 1 लाख 25 हजार रुपये भुगतान लंबित होने की शिकायत की। कलेक्टर ने अधिकारियों को जांच कर भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

**जर्जर मकान के लिए आवास की मांग**- नेहरू वार्ड निवासी सरस्वती बर्मन ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग करते हुए बताया कि उनका मकान अत्यंत जर्जर स्थिति में है। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को पात्रता परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**वर्षों से अधूरा पड़ा आरआई भवन**- ग्राम सक्का में लंबे समय से अधूरे पड़े आरआई भवन निर्माण कार्य को लेकर भी ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों ने भवन शीघ्र पूर्ण कराने की मांग कीए जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को जांच कर निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

### नहर अधूरीए हर साल फसल नुकसान

ग्राम मुकुटपुर निवासी चोवाराम मलगाम ने खुडिया डायवर्सन नहर का कार्य अधूरा होने से प्रतिवर्ष फसल नुकसान की शिकायत की। उन्होंने बताया कि हर साल करीब तीन लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर जेण्पीण् यादवए डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिकए डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैनए डिंडौरी तहसीलदार शांशक शेंडेए जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुमन परस्तेए डीपीसी श्रीमती श्वेता अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिनदहाड़े बीच बाजार में ड्राइवर की चाकू से गोदकर हत्या

### पैसे के लेनदेन में बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, आरोपियों की पतासाजी में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

संजीवनी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहीनाका के पास मंगलवार दोपहर एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी। हमलावरों ने युवक पर तब तक वार किए, जब तक कि उसकी जान नहीं निकल गई। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों ने पुलिस की गश्त और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं।





#### पैसे के लेनदेन का विवाद

जानकारी के अनुसार, शाहीनाका निवासी आयुष गुप्ता जो कि पेशे से ड्राइवर है, मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे अपने काम से घर लौट रहा था। तभी अंबा टेंट हाउस के पास पहले से घात लगाए बैठे 4-5 बदमाशों ने उसे घेर लिया। पुलिस की शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपियों और आयुष के बीच रुपयों के लेनदेन को लेकर कुछ विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते बाइक और एक्टिवा से आए बदमाशों ने बीच सड़क पर आयुष पर चाकुओं से हमला बोल दिया।

#### अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी सरेबाजार हथियार लहराते हुए फरार हो गए। घायल आयुष को लहूलुहान हालत में स्थानीय लोग मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की।

#### आरोपियों की तलाश शुरू

पुलिस ने प्राथमिक जांच और चश्मदीदों के बयान के आधार पर रोहन पटेल, आयुष श्रीपाल, काला और उनके तीन अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रशासन ने दावा किया है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। फिलहाल, पुलिस आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।




# जबलपुर संभाग में होगा मेगा जॉब फेयर का आयोजन

### संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

एईडीपी पाठ्यक्रम, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं अकादमी तथा भारतीय ज्ञान परंपरा जबलपुर संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक दिनांक 12 मई 2026 को शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के सभागृह में आयोजित की गई। डॉ. मनोज कुमार सिंह, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन भोपाल एवं निदेशक, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के मुख्य आतिथ्य तथा अतिरिक्त संचालक, जबलपुर संभाग, जबलपुर डॉ. पंजाबराव चंदेलकर की अध्यक्षता एवं प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर तथा डॉ. शिखा सक्सेना, प्राचार्य शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर की उपस्थिति में आयोजित संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में समस्त प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस एवं शासकीय अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर संभाग, शासकीय अग्रणी महाविद्यालय के एईडीपी पाठ्यक्रम जिला नोडल अधिकारी एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल अधिकारी, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी अधिकारी, कार्यालय अतिरिक्त संचालक जबलपुर संभाग जबलपुर की सहभागिता रही।

समीक्षा बैठक में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना की कार्यशालाओं, सेमिनार का आयोजन, स्थानीय संस्थाओं के साथ एमओयू, एईडीपी के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा, श्रेष्ठ प्रथाओं (बेस्ट प्रैक्टिसेज) को साझा करना, शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया जिसमें प्रवेश छात्रों का नामांकन और परामर्श तथा कार्यक्रम का क्रियान्वयन सम्मिलित है एवं अप्रेंटिसशिप अवसरों हेतु स्थानीय उद्योगों का मानचित्रण करना बैठक की कार्यसूची के विषय रहे।

# वन्दना विनम्र को मिला राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मान



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध संस्थान भोपाल द्वारा दुष्यंत संग्रहालय के राज सदन में आयोजित सत्रहवें वार्षिक उत्सव एवं राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मान समारोह में वंदना सोनी विनम्र को राष्ट्रीय स्तर पर शंभूदयाल शुक्ल स्मृति बाल साहित्यकार सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान वंदना द्वारा सृजित अनेक बाल साहित्यिक कृतियों के लिए दिया गया। सम्मान स्वरूप अलंकरण, प्रतीक एवं अन्य सामग्रियां कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ बाल साहित्यकार डॉ. कुमकुम गुप्ता, मुख्यअतिथि न्यायमूर्ति मनोहर ममतानी, सारस्वत अतिथि योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र शर्मा और विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद सौरभ प्रकाश के साथ संस्था के पदाधिकारियों ने प्रदान किया। ज्ञातव्य हो कि वन्दना विनम्र एक सक्रिय साहित्यकार और अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों में स्थापित कवियत्री के रूप में जानी जाती हैं। आपकी छब्बीस साहित्यिक कृतियां प्रकाशित हैं जिनमें उपन्यास विडम्बना के लिए आपको पूर्व में हिंदी साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा साहित्य अकादमी पुरस्कार, बहुचर्चित महाकाव्य अहल्या विषाद के लिये राष्ट्रभाषा प्रचार समिति भोपाल का प्रतिष्ठित राष्ट्र भाषा सेवा सम्मान प्राप्त हो चुका है।उक्त उपलब्धि पर पाथेय, वर्तिका, मंथनश्री, हिंदी लेखिका संघ, अनेकान्त, जागरण, अंतस, समवेत स्वर, ने आपका अभिनंदन किया।

# एपीएन महाविद्यालय में आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एपीएन महाविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और नवाचारी शिक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे श्री राम कॉलेज के प्राचार्य डॉ भरत सोलंकी ने अपने व्याख्यान में कहा कि एआई किस प्रकार व्यक्ति की जिंदगी को सरल बना रहा है। लेकिन कहीं इसके कारण रोजगार मे कमी आ रही है। महाविद्यालय के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यशाला का शीर्षक बहुत ही नवीनतम एवं वर्तमान पीढी के लिये अत्यंत उपयोगी है। अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया। मंच संचालन श्रीमती वीनाक्षी सेतिया खुराना ने किया। कार्यक्रम का संयोजन एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ दिव्या पाराशर एवं एन.एस.एस. अधिकारी अर्चना कुररिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यशाला का लाभ उठाया साथ ही विशेषज्ञ से सवाल पूछकर विषय से संबंधित शंकाएं दूर की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ समस्त स्टाफ की सक्रिय भूमिका रहीं। महाविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री मानवेद्र सिंह, प्राचार्या डॉ सौनल खरे, डायरेक्टर मयंक श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया।

# स्नेहा ज्योति सिंह और राजेश मिश्रा बने जिलाध्यक्ष





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** 12 मई को भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन द्वारा पुलिस प्रशासन एवं मानवाधिकार के बीच बेहतर सामंजस्य कैसे स्थापित हो विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संगठन के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मप्र प्रवास के दौरान भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग रघुवंशी का जबलपुर आगमन हुआ। इस अवसर पर भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन, जिला जबलपुर इकाई में नए जिला अध्यक्षों की घोषणा भी की गई। महिला इकाई में स्नेहा ज्योति सिंह को जिला अध्यक्ष तथा पुरुष इकाई में राजेश मिश्रा को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। संगठन द्वारा दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें आगामी जिम्मेदारियों हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

# जिनसार में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस

### पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से दिया पर्यावरण बचाने का संदेश




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस के अवसर पर जबलपुर इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च, जिनसार में 12 मई को 'आवर नर्स, आवर फ्यूचर : केयरिंग फॉर नर्सेज स्ट्रेंग्थेंस हेल्थकेयर सिस्टम्स वर्ल्डवाइड ' थीम पर विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ तथा समन्वयन ऋषिका कोठारी, साक्षी पटेल एवं पूर्वी विजय कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुकुल खम्पारिया, जयकुमार वाधवानी एवं यातेंद्र सिंघई उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, स्किट एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। मंच संचालन जॉयस दास एवं सानिया कौसर द्वारा किया गया। इस अवसर पर ' इको ड्राइव, प्लास्टिक बोतल कलेक्शन चैलेंज ' के अंतर्गत विद्यार्थियों ने 500 से अधिक प्लास्टिक बोतलों का संग्रह कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पोस्टर प्रतियोगिता एवं एलुमनी ट्रिब्यूट वीडियो भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन म्यूरियल क्रिस्टोफर द्वारा किया गया, जिसमें उत्कृष्ट विद्यार्थियों और फैकल्टी सदस्यों को सम्मानित किया गया। अंत में प्रो. अराधना द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए केक कटिंग समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पुलिया निर्माण ने रोकी रफ्तार, आवागमन हुआ ठप्प



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** खितौला मोड़ से वन विभाग रोड तक पुलिया निर्माण कार्य के चलते वार्ड क्रमांक 13 और 15 के रहवासियों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। बीड़ी औषधालय के आगे सड़क का एक बड़ा हिस्सा खोद दिए जाने के कारण वाहन निकालना तो दूर पैदल गुजरना भी मुश्किल हो गया है। इस कारण पिछले एक सप्ताह से क्षेत्रवासी परेशानी झेल रहे हैं। यह मार्ग सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन, कृषि उपज मंडी ,बाजार जाने के लिए दोनों वार्डों के लोगों का प्रमुख और लगभग एकमात्र रास्ता है।

सड़क बंद होने से स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों और रोजाना बाजार आने-जाने वाले लोगों को लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। नगर पालिका के लोक निर्माण विभाग द्वारा बंद पड़ी पुरानी पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन फिलहाल केवल सड़क खोदकर छोड़ दिए जाने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। गौरव चौधरी ने बताया कि 20 से 25 वर्ष पुरानी पुलिया का हिस्सा लंबे समय से बंद था। निर्माण कार्य में 10 से 15 दिन का समय लगेगा, इसलिए इस दौरान इस मार्ग पर आवागमन बंद रहेगा।

# आईपीएल की हर बॉल पर लग रहे थे लाखों के दांव

### क्राईम ब्रांच और सिविल लाईन पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, मुख्य सटोरियों की तलाश में पुलिस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सिविल लाईन थाना क्षेत्रातंर्गत रिषी रिजेंसी होटल के समीप मोबाईल पर आईपीएल का सट्टा खेल रहे एक आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपी रितेश तिवारी उर्फ घंशु ने पंजाब व दिल्ली के बीच चल रहे क्रिकेट मैच पर पचास हजार रुपये का दांव लगाया था। पुलिस ने आरोपी के पास से 1910 रुपये की नगदी व एक मोबाईल जब्त किया है। आरोपी युवक से मिली जानकारी के बाद अब पुलिस सट्टा खिलाने वाले सोनू उर्फ राकेश पांडे व मनीष जुनवानी की तलाश कर रहीं है।पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रिषी रिजेंसी होटल के समीप दबिश दी गई। जहां से रितेश तिवारी उर्फ घंशु तिवारी उम्र 34 वर्ष निवासी कांचघर केनरा बैंक के सामने घमापुर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि आईपीएल टीमों में रूपये पैसों का दांव सोनू उर्फ राकेश पाण्डे एवं मनीष जुनवानी के माध्यम से मोबाइल के जरिये लगाता है। पुलिस ने आरोपी के पास से नगद 1910 रूपये, मोबाइल एवं आईपीएल टीम में लगाये गये पैसों की रिकार्डिंग तथा हिसाब किताब की एक पर्ची बरामद की।

आरोपी ने आईपीएल की टीम पंजाब एवं दिल्ली में उसने अलग-अलग पॉच हजार, दो हजार करके अलग अलग पैसे लगाते हुये कुल 50 हजार रूपये लगाना बताया। साथ ही जीतने हारने पर उसे सोनू उर्फ राकेश पाण्डे नगद पैसे मदनमहल में देते है और कुछ लेनदेन यूपीआई के माध्यम से करने की जानकारी दी। आरोपी ने बताया कि आईपीएल का सट्टा खिलाने वाला मनीष जुनवानी है। सोनू उर्फ राकेश पाण्डे एवं मनीश जुनवानी द्वारा आईपीएल की टीमों में पैसे लगाकर हारजीत का खेल खिलाते है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मुख्य सटोरियों की तलाश शुरु कर दी है।

# 5 रेलकर्मियों को मिला उत्कृष्ट संरक्षा जागरूकता पुरस्कार



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

रेलवे द्वारा रेल परिचालन में उच्च स्तरीय सुरक्षा मानकों को बनाए रखने और संरक्षा के प्रति असाधारण जागरूकता दिखाने वाले रेलकर्मियों को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में अप्रैल 2026 माह के दौरान पश्चिम मध्य रेलवे में ड्यूटी के दौरान असाधारण सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देकर संभावित दुर्घटनाओं को टालने वाले 5 रेलकर्मियों को पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह द्वारा उत्कृष्ट संरक्षा जागरूकता पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत कर्मचारियों में लोको पायलट (गुड्स)/एनकेजे/जबलपुर मंडल कमलेश कुमार मौर्य, स्टेशन मास्टर (गोंदवाली)/एनकेजे/जबलपुर मंडल रंजन कुमार, सीनियर ट्रेन मैनेजर (गुड्स) इटारसी/भोपाल मण्डल हिमांशु अग्रवाल, ट्रैकमैन-(महिदपुर रोड)/ कोटा मण्डल श्याम कुमार मांझी एवं ट्रैकमैन-(महिदपुर रोड)/ कोटा मण्डल दुपेन्द्र सिंह शामिल हैं।

# जंगल में आबाद जुआ फड़ पर पुलिस की रेड, मची भगदड़

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बरगी पुलिस ने हर्षित वेयर हाउस के पास जंगल में आबाद जुएं फड़ पर रेड मारी, पुलिस की घेराबंदी देख जुआरियों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से चार आरोपियों को धर दबोचा। जिनके पास से ताश के 52 पत्तें व 35 सौ रुपये की नगदी जब्त की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर हर्षित वेयर हाउस के समीप जंगल में दबिश दी गई। जहां एक पेड़ के नीचे कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव लगा रहे थे। पुलिस की घेराबंदी देख पहाड़ी के रास्तें कुछ जुआरी भाग निकले। पुलिस ने मौके से राजेन्द्र पटेल निवासी ग्राम सोहड, शेख सलमान निवासी ग्राम बसहा बरगीनगर, शेख अकरम निवासी बरगीनगर, शरद उर्फ बेला यादव निवासी बरगीनगर को हिरासत में लिया। टॉवल रजक निवासी बरगी का जुआ की नाल लेकर जुआ खिलवाता है। जुआ खेलने वाले संजू चौकसे, राजेश साहू, करन कुशवाहा, हन्नी नामदेव साथ में जुआ खेल रहे थे जो पहाड़ी का फायदा उठाकर जंगल तरफ भाग गये।

# उद्यमिता और डिजिटल प्लेटफॉर्म से सशक्त होगा मध्यप्रदेश : हिमांशु खरे

### स्वर्ण जयंती समारोह में नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



प्रदेश की शीर्ष व्यापारिक एवं औद्योगिक संस्था फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के स्वर्ण जयंती वर्ष का भव्य शुभारंभ मंगलवार, 12 मई को भोपाल स्थित होटल कोर्टयार्ड मेरियट में हुआ। इस अवसर पर संस्था की वार्षिक साधारण सभा के साथ ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिमांशु खरे एवं उनकी नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश शासन के श्रम एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप उपस्थित रहे। मंत्रियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिमांशु खरे को पदभार का प्रमाण पत्र सौंपा और नई टीम को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

#### विगत उपलब्धियों का लेखा-जोखा

समारोह की शुरुआत में निवर्तमान अध्यक्ष दीपक शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान फेडरेशन द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों और उपलब्धियों की रिपोर्ट पेश की। पूर्व अध्यक्ष डॉ. आर.एस. गोस्वामी ने भारतीय उद्यमियों की वैश्विक साख पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय निर्यात की संभावनाओं को भुनाने का सबसे सटीक अवसर है। पदभार ग्रहण करने के बाद अपने पहले संबोधन में हिमांशु खरे ने प्रदेश के औद्योगिक विकास का रोडमैप साझा किया। उन्होंने कई प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के उद्योग और व्यापार की मार्केटिंग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करने की जरूरत है ताकि प्रदेश में निवेश बढ़े। सेवानिवृत्त और अनुभवी विशेषज्ञों के ज्ञान को उद्योगों के विकास से जोड़ा जाएगा। उद्योगों और श्रमिकों के बीच बेहतर समन्वय के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म और उद्यमिता विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। समारोह में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए बड़ी संख्या में व्यापारियों और उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया, जिससे यह आयोजन प्रदेश के व्यापारिक जगत के लिए एक महत्वपूर्ण मिल का पत्थर साबित हुआ।

# पर्यटकों से लाखों की वसूली मूलभूत सुविधाएं कुछ नहीं

## गांगुलपारा झरना में वसूली राशि से विकास कार्यो की मांग को लेकर कलेक्टर से लगाई गुहार

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।



जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पण्डार झरना में पर्यटकों से लगातार शुल्क वसूले जाने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया है। ग्राम पंचायत टेकाड़ी के सरपंच एवं समस्त ग्रामीणों ने कलेक्टर बालाघाट को ज्ञापन सौंपकर फॉरेस्ट विभाग पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि गांगुलपारा क्षेत्र वर्षों से पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध है, जहां मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। फॉरेस्ट विभाग द्वारा पर्यटकों से प्रवेश शुल्क के रूप में प्रति व्यक्ति 12 रुपये, दोपहिया वाहन से 25 रुपये, चारपहिया वाहन से 100 रुपये, मिनी बस से 250 रुपये एवं बड़ी बस से 500 रुपये तक शुल्क लिया जाता है। इसके बावजूद क्षेत्र में विकास कार्य न होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पण्डार झरना में न बैठने की व्यवस्था है, न पेयजल की सुविधा और न ही सड़क की मरम्मत कराई गई है। कच्ची सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिससे बरसात के दिनों में आवागमन बेहद कठिन हो जाता है।

### फॉरेस्ट विभाग अपने लिए बना रहा सुविधाएं

ग्रामीणों ने कहा कि विभाग ने अपने लिए आधुनिक टिकट काउंटर तो बना लिया, लेकिन पर्यटकों और ग्रामीणों की सुविधा की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। इसी मार्ग से फॉरेस्ट विभाग के भारी वाहन, ट्रक एवं बांस-लकड़ी का परिवहन भी होता है, जिससे सड़क और अधिक खराब हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार इस संबंध में डीएफओ दक्षिण सामान्य वन मंडल एवं रेंजर से कई बार चर्चा की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। विभागीय अधिकारियों द्वारा यह कहकर जिम्मेदारी टाल दी जाती है कि शुल्क की राशि बोर्ड को जमा कर दी जाती है।

### बारिश से पहले सड़क सुधार और सुविधाएं देने की मांग

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि फॉरेस्ट विभाग से चर्चा कर शुल्क की राशि का उपयोग क्षेत्र के विकास कार्यों में कराया जाए। विशेष रूप से सड़क मरम्मत, पेयजल, बैठने की व्यवस्था एवं पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि बारिश से पहले सड़क और सुविधाओं में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले समय में पर्यटकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# एसएनसीयू की सतर्कता और आधुनिक उपचार से दो नवजातों को मिला नया जीवन



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिला चिकित्सालय बालाघाट के विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (स्न्ह्ष्ट) में चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की सतत मेहनत, आधुनिक उपचार पद्धति और समय पर देखभाल से गंभीर स्थिति में भर्ती दो नवजात बालिकाओं को सफलतापूर्वक स्वस्थ कर डिस्चार्ज किया गया। दोनों शिशुओं के स्वस्थ होकर घर लौटने से परिजनों में खुशी का माहौल है तथा उन्होंने चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप एवं सिविल सर्जन डॉ नीलय जैन ने बताया कि जिला सिवनी के ग्राम बागडोगंरी निवासी रीना डांडेकर ने 25 अप्रैल 2026 को बालाघाट के एक निजी अस्पताल में सिजेरियन प्रसव द्वारा बालिका को जन्म दिया। जन्म के दूसरे दिन शिशु को सांस लेने में गंभीर समस्या होने लगी, जिसके बाद उसे जिला चिकित्सालय बालाघाट के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। शिशु की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने तत्काल उसे सीपीएपी मशीन पर रखा, लेकिन ऑक्सीजन स्तर नियंत्रित नहीं होने पर वेंटिलेटर सपोर्ट देना पड़ा। लगातार उपचार, एंटीबायोटिक दवाइयों और विशेषज्ञ निगरानी के बाद तीन दिन में शिशु की स्थिति में सुधार हुआ। इसके बाद उसे पुन: सीपीएपी एवं फिर ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। उपचार के दौरान मां का दूध नली के माध्यम से दिया गया तथा प्रोटोकॉल के अनुसार केएमसी एवं एनएनएस भी कराया गया। पूर्णत: स्वस्थ होने के बाद 9 मई 2026 को 14 दिन की आयु एवं 2.130 किलोग्राम वजन पर शिशु को सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया।

इसी प्रकार बालाघाट जिले के बिरसा तहसील अंतर्गत ग्राम बजांरी टोला निवासी सपना मराठे ने 25 अप्रैल 2026 को पीएचसी मोहगांव में सामान्य प्रसव द्वारा बालिका को जन्म दिया। जन्म के तुरंत बाद शिशु के नहीं रोने और लगातार झटके आने की समस्या के कारण उसे उसी रात जिला चिकित्सालय बालाघाट के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया। भर्ती के समय शिशु को सांस लेने में कठिनाई थी तथा बार-बार झटके आ रहे थे। चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू करते हुए झटकों को नियंत्रित करने के लिए विशेष दवाइयां एवं मिडास इन्फ्यूजन ड्रिप दी। ऑक्सीजन स्तर कम होने पर शिशु को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। एक दिन वेंटिलेटर, एक दिन सीपीएपी मशीन एवं लगभग 10 दिनों तक ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखने के बाद शिशु की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हुआ। बाद में मां का दूध नली द्वारा दिया गया तथा स्वास्थ्य बेहतर होने पर स्तनपान,केएमसी एवं एनएनएस कराया गया। शिशु के पूरी तरह स्वस्थ होने पर 9 मई 2026 को 14 दिन की आयु एवं 2.380 किलोग्राम वजन पर उसे भी सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया।

एसएनसीयू के चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के समर्पित प्रयासों से दोनों नवजातों को नया जीवन मिल सका। अस्पताल से छुट्टी के समय दोनों परिवारों ने चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर मिले उपचार और देखभाल से उनके बच्चों की जान बच सकी। जिला चिकित्सालय बालाघाट की यह सफलता आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और समर्पित स्वास्थ्य सेवाओं का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आई है।

# पेंचक सिलाट में बालाघाट का जलवा, 38 पदक जीतकर बना प्रदेश का उपविजेता

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।



राजगढ़ (ब्यावरा) में 8 से 10 मई तक आयोजित 12वीं राज्य स्तरीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में एकलव्य मार्शल आर्ट एंड फिटनेस एकेडमी बालाघाट के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले को प्रदेश में उपविजेता बनाया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के करीब 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें बालाघाट के 22 खिलाड़ियों ने 9 स्वर्ण, 10 रजत और 19 कांस्य सहित कुल 38 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। टीम ने सीनियर वर्ग में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। जब खिलाड़ी 12 मई को बालाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे तो खेल प्रेमियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन के सचिव एवं टीम कोच प्रवीण नन्हेट ने बताया कि खिलाड़ियों ने टेंडिंग, तुंग्गल, सोलो, रेगु और गांडा इवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। ओम सोनकर ने दो स्वर्ण, सोहम बीरा ने दो स्वर्ण, जबकि यथार्थ गर्दे, सलोनी पांचे, अदिति तितरमारे और सारून सोनवाने ने स्वर्ण पदक जीते। अब जिले के खिलाड़ी जून में नासिक और जुलाई में शिलॉन्ग में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे।

वहीं वियतनाम में आयोजित होने वाली एशियन चैंपियनशिप के चयन ट्रायल के लिए भी खिलाड़ी तैयारी कर रहे हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिले में खुशी का माहौल है।

# सड़क पर बनी दीवार से आवागमन बाधित

## प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद विवाद गहराया, पीड़ितों ने तोड़ी दीवार

कटंगी(स्वतंत्र मत)।

कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 05 में विगत दिवस सड़क पर अचानक बड़ी दीवार खड़ी कर दी गई। जिसने वार्डवासियों के जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। गत दिवस बनाई गई यह दीवार न केवल लोगों के आवागमन में बाधा बनी बल्कि प्रशासन और नागरिकों के बीच संघर्ष का कारण भी बन गई। मंगलवार की दोपहर डेड़ बजे इस विवाद ने तब और नया मोड़ लिया जब मुख्य नगर पालिका अधिकारी राधेश्याम चौधरी, उपयंत्री राजेश चौकसे मौके पर पहुँचे और अतिक्रमणकारी को अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया। जब अतिक्रमणकारी ने स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाया तो अतिक्रमणकारी को नोटिस जारी किया लेकिन अतिक्रमणकारी ने यह नोटिस लेने से भी इंकार कर दिया। तब नगर परिषद के एक कर्मचारी ने अतिक्रमणकर्ता के घर पर नोटिस चस्पा दिया।



पूरा मामला वार्ड क्रमांक 05 की एक गली में छाया ठाकरे नाम की महिला के द्वारा दीवार बनाएं जाने का है। यह दीवार इसी वार्ड में रहने वाले कुछ वार्डवासियों के आवागमन को प्रभावित कर रही है। पीड़ितों के मुताबिक दीवार के बनने से उनके बच्चे आंगनवाड़ी नहीं जा पा रहे है। उनके रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हो रहे है। हालात यह है कि वह अपने घरों का कचरा तक बाहर नहीं फेंक पा रहे है। जिसकी पीड़ितों ने प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की और तत्काल कार्रवाई की मांग रखी। इसी शिकायत पर मंगलवार को सीएमओ और उपयंत्री स्थिति का जायजा लेने के लिए पहुंचे उन्होंने पाया कि सड़क पर दीवार बना दी गई है जो पूरी तरह से अवैध है। इसी आधार पर नगर परिषद ने अतिक्रमणकारी को नोटिस जारी किया। लेकिन अतिक्रमणकारी छाया ठाकरे ने नोटिस लेने से साफ इंकार कर दिया। जिसके बाद अधिकारी यहां से लौट गए और उनके जाने के आधे घंटे बाद यानी करीब 2 बजे पीड़ितों ने दीवार तोड़ दी। अतिक्रमणकारी ने डॉयल 112 में शिकायत की और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दीवार तोड़ने वालों को भी समझाइश दी और दोनों ही पक्षों को विभागीय अधिकारियों के पास शिकायत करने के लिए कहा है।

### दोनों ही पक्षों ने रखी अपनी बात

दीवार का निर्माण करने वाली छाया ठाकरे का कहना है कि जो लोग दीवार बनाने का विरोध कर रहे है। दरअसल, वह लोग बेहद आपत्तिजनक व्यवहार करते थे। शराब की बोतलें उनके घर आंगन के सामने फेंकी जाती थी। जिस कारण मजबूरन दीवार बनानी पड़ी। हालांकि पीड़ितों ने इन आरोपों से इंकार कर दिया। उनका कहना था कि यह दीवार उनके जीवन को असहनीय बना रही है। जिसके चलते उन्होंने दीवार को तोड़ दिया। दीवार टूटने के बाद अतिक्रमणकारी छाया ठाकरे ने डायल 112 पर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि वार्डवासियों ने उनकी संपत्ति को नुकसान पहुँचाया है। गौर करने वाली बात यह है कि इस पूरे मामले में वार्ड पार्षद भी चुप्पी साधे बैठी हुई है जबकि पीड़ितों ने उनके संज्ञान में भी इस मामले को लाया था। अगर, पार्षद निर्माण के दौरान ही इस विषय पर गंभीरता दिखाती तो शायद यह मामला इतना तूल ही ना पकड़ता।

# कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में 92 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं



### आवेदकों के लिए बैठने और पेयजल की समुचित व्यवस्था रही

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर राखी सहाय ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 92 नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई में भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए।

कलेक्टर श्रीमती सहाय ने सभी आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके।

दूर-दराज से आए आवेदकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जनसुनवाई स्थल पर बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। साथ ही पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई, जिससे उपस्थित नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

जनसुनवाई में महोबादादर निवासी गुड्डी बाई, छोटे सिंह, कामता और सुनील ने ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए सहायता राशि दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं पाली निवासी गुलाब चौधरी एवं शिवपाल चौधरी ने अमृत सरोवर तालाब में ट्रैक्टर-ट्रॉली से किए गए कार्यों की भुगतान राशि दिलाने की मांग की। इसी प्रकार उजान निवासी निम्मू लाल ने बिजली बिल में सुधार कराने, सविता महोबिया ने पटवारी द्वारा सीमांकन कराने, पुराना पड़ाव निवासी नत्थू लाल ने किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने तथा भुंडी निवासी इंद्रसेन साहू ने अपनी पुत्री सानवी साहू को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन दिया।

मझौली खुर्द निवासी रोहित लाल महरा ने कूप निर्माण की राशि दिलाने, धमोखर निवासी शोभा कोल ने पिछले दो माह का वेतन दिलाने तथा चंदवार निवासी अंजू बैगा ने प्रधानमंत्री आवास योजना की द्वितीय किश्त दिलाने की मांग प्रशासन के समक्ष रखी।



# अजय गुप्ता का मेडिकल आफीसर में हुआ चयन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मानपुर नगर के डॉ. प्रभांशु गुप्ता सुपुत्र अजय गुप्ता एवं माता संगीता गुप्ता सुपौत्र राम भगत गुप्ता को एमपीपीएससी द्वारा आयोजित मेडिकल आफीसर 2024 परीक्षा में अंतिम चयन हुआ है। उनकी यह सफलता केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज और क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है। कठिन संघर्ष, मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का यह सुंदर परिणाम है।

# विद्युत लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** इंदवार थाना क्षेत्र के ग्राम चँसुरा में मजदूरी करने गया युवक विद्युत लाइन की चपेट मे गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद घायल युवक को अमरपुर अस्पताल ले जाया गया,परन्तु कुछ ही देर में युवक जिंदगी की जंग हार गया।घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।जानकारी के मुताबिक ग्राम चँसुरा निवासी मजदूर आशीष कोल पिता ननबुद्धि कोल उम्र 23 वर्ष मंगलवार सुबह गांव से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम कछरा टोला (कुदरी) में आवास निर्माण कार्य करने गया था।बताया जा रहा है कि निर्माण स्थल पर बीम तैयार करने के दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन 11 हजार केवी लाइन के बेहद करीब लोहे की लंबी रॉड पहुंच गई।देखते ही देखते रॉड तार से टकराई और तेज धमाके के साथ करंट दौड़ गया।करंट लगते ही आशीष गंभीर रूप से झुलसकर जमीन पर गिर पड़ा।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथ में काम कर रहे मजदूरों और ग्रामीणों ने बिना देर किए घायल युवक को अमरपुर अस्पताल पहुंचाया,लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।एक पल की चूक ने गरीब परिवार का जवान बेटा छीन लिया।सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंचकर जरूरी कार्यवाही कर रही है।



# दुलहरा में बाघ का युवक पर हमला, शहडोल रेफर

उमरिया (स्वतंत्रमत)।



मानपुर परिक्षेत्र से सटे दुलहरा गांव के धर्मेंद्र पिता बाबूवा बैगा उम्र 32 वर्ष पर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया। घटना में युवक गम्भीर रूप से घायल हुआ है। घायल युवक के सर व पैर गम्भीर रूप से चोटिल हुए है।घटना के बाद घायल युवक को मानपुर अस्पताल लाया गया,जहाँ प्राथमिक उपचार कर घायल को 108 की मदद से शहडोल मीडिक्ल कॉलेज रेफेर कर दिया गया है।स्थानीय सूत्रों की माने तो घायल धर्मेंद्र बैगा सुबह 05 बजे करीब गांव से सटे सिद्ध बाबा ज्वालामुखी मंदिर गए थे,इसी बीच झाड़ियों में छिपे टाइगर ने दहाड़ मरते हुए हमला कर दिया,। घटना के बाद ग्रामीणों ने शोरगुल किया,जिसके बाद टाइगर जंगल की ओर भाग गया,पर इस बीच टाइगर ने धर्मेंद्र बैगा को लहूलुहान कर दिया।वन्य प्राणियों के लगातार हो रहे इंसानी हमलों से वन क्षेत्र से सटे गांवो में काफी दहशत है।जरूरी है कि पार्क टीम को ऐसे चिन्हित स्थलों पर गश्ती पर और ज्यादा फोकस करने की जरूरत है।



# खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम में लगातार कार्यवाही जारी 1 वाहन जप्त

**उमरियां (स्वतंत्र मत)।** जिले में कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देशन में खनि अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो की टीम द्वारा खनिजों के अवैध उत्खननन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम हेतु सतत् भ्रमण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में खनिज अमले की वाहन जॉच में तहसील मानपुर अंतर्गत ग्राम चन्दसुरा के पास वाहन क्रमांक एमपी 54 ए 6194 मय रेत का अवैध उत्खनन -परिवहन किया जाने से जप्त कर म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। खनिज अमले द्वारा कलेक्टर एवं खनि अधिकारी के निर्देशन में लगातार सघन जॉच की जा रही है।

# कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने सम्पूर्ण उमरिया जिले को किया जल अभाव ग्रस्त घोषित

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि जिले की सामान्य औसत वर्षा 1215.70 मि.मी. है। वर्ष 2024-25 में 1036.5 मि.मी. वर्षा हुई थी। जबकि वर्ष 2025-26 में 1373.6 मि.मी. वर्षा हुई है। जो सामान्य औसत वर्षा से अधिक है, किन्तु विगत वर्ष में अल्प वर्षा थी इस वर्ष सामान्य औसत वर्षा से 157.90 मि.मी. अधिक होने पर भी पेयजल स्त्रोतों का जल स्तर ग्रीष्म ऋतु में गिरना प्रारंभ हो गया है। जिससे ग्रीष्म ऋतु तक पेयजल संकट की विकराल संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। भविष्य में पेयजल संकट की संभावित स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत जिले में नवीन निजी हैण्डपम्प,नलकूप खनन तथा सतही स्त्रोतों जैसे स्टॉप डैम, चेक डैम, नदी, तालाब आदि के पानी को सिंचाई प्रयोजन के लिए प्रतिबंधित करना आवश्यक हो गया है, ताकि जल स्तर नीचे जाने से जिले में पेयजल की स्थिति प्रभावित न हो। कलेक्टर एवं जिलादण्डाधिकारी श्रीमती राखी सहाय ने मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए सम्पूर्ण उमरिया जिले को जल अभाव ग्रस्त घोषित किया है ।



# संगठनात्मक बैठक संपन्न, संगठन कि मजबूती पर दिया गया जोर

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद चंदिया के वार्ड क्रमांक 07 में कांग्रेस के सक्रिय साथी गुरुदीन चौधरी के निवास पर एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, नए कार्यकर्ताओं के निर्माण एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी विजय कोल ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने, जनसमस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने तथा पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उमरिया ब्लॉक अध्यक्ष मिथलेश राय , कांग्रेस के निर्वाचन प्रभारी एडवोकेट शिशुपाल यादव जी, जिला महामंत्री संजय अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना तथा आगामी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने की रणनीति तैयार करना रहा।

# यदि लाइसेंसी दुकानों से ही शराब अवैध तरीके से गांवों और कस्बों में भेजी जाएगी तो फिर नियम-कायदे कानून का क्या मतलब

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)

मंडला जिले के नारायणगंज बीजादांडी क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा। पुलिस कार्यवाही पर कार्यवाही कर रही है लेकिन शराब माफिया और ठेकेदारों के हौसले इतने बुलंद हैं कि गांव-गांव, गली-गली तक शराब पहुंच रही है। ताजा मामला नारायणगंज शराब दुकान का सामने आया है जहां थाना कोतवाली क्षेत्र की पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बोलेरो वाहन से 67 लीटर अवैध शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस पूरे मामले ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर जिले में अवैध शराब के पीछे किसका संरक्षण है और कब तक युवाओं की जिंदगी शराब के जहर में झोंकी जाती रहेगी। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में जिलेभर में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सफेद रंग की बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी/20/सीए 6089 में बड़ी मात्रा में शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई






और वेल वेदर स्कूल के पास फूलसागर क्षेत्र में घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। जब पुलिस ने बोलेरो की तलाशी ली तो वाहन के भीतर भारी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब मिली। कुल 67 लीटर शराब बरामद की गई जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 73 हजार 200 रुपये बताई जा रही है। वहीं जब्त बोलेरो वाहन की कीमत करीब 4 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने कुल 4 लाख 73 हजार 200 रुपये का मशरूका जब्त किया है। पूछताछ में आरोपियों ने जो खुलासा किया उसने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया। आरोपियों ने बताया कि शराब नारायणगंज स्थित दुकान से लाई गई थी और यह शराब ठेकेदार अनुराग अवधिया के पास से लोड की गई थी। इस खुलासे के बाद सवाल सीधे शराब ठेकेदारों की भूमिका पर खड़े हो रहे हैं। आखिर यदि लाइसेंसी दुकानों से ही शराब अवैध तरीके से गांवों और कस्बों में पहुंचाई जा रही है तो फिर नियम-कायदे सिर्फ कागजों में ही क्यों दिखाई देते हैं। पुलिस ने मौके से सतीश रजक और अरविंद बरमैया को गिरफ्तार किया है जबकि एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। वहीं मामले का मुख्य नाम सामने आने के बाद भी ठेकेदार अनुराग अवधिया फरार बताया जा रहा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है लेकिन जिले में लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर शराब माफियाओं पर इतनी मेहरबानी क्यों रहती है छोटे वाहन चालक और मजदूर पकड़ लिए जाते हैं लेकिन असली सरगना लंबे समय तक पुलिस पकड़ से बाहर कैसे रहते हैं गौरतलब है कि मंडला जिले के नारायणगंज, बीजादांडी, निवास क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। गांवों में खुलेआम शराब बिक रही है। कई इलाकों में रात होते ही शराब का अवैध परिवहन शुरू हो जाता है। युवाओं को शराब की लत लग रही है और परिवार बर्बाद हो रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कई मामलों में नाबालिगों का उपयोग शराब ढुलाई और बिक्री में किया जा रहा है। इस मामले में भी एक विधि विरुद्ध बालक का पकड़ा जाना बेहद गंभीर संकेत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन चाहे तो अवैध शराब पर पूरी तरह लगाम लग सकती है लेकिन सवाल यह है कि क्या वास्तव में शराब माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने की इच्छाशक्ति दिखाई जाएगी क्योंकि हर कुछ दिनों में शराब पकड़ने की खबर सामने आती है मगर कारोबार बंद नहीं होता। इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं न कहीं नेटवर्क बहुत मजबूत है। ग्रामीण इलाकों में स्थिति और भी खराब बताई जा रही है। कई गांवों में बिना लाइसेंस शराब बेची जा रही है। देर रात तक शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है। महिलाओं और बुजुर्गों ने कई बार विरोध भी किया लेकिन शराब माफियाओं के हौसले कम नहीं हुए। सवाल यह भी है कि आखिर आबकारी विभाग की निगरानी कहां है यदि लाइसेंसी दुकान से शराब निकलकर अवैध तरीके से गांवों तक पहुंच रही है तो इसकी जवाबदेही कौन लेगा। लेकिन जनता अब सिर्फ कार्रवाई नहीं बल्कि स्थायी समाधान चाहती है। लोग चाहते हैं कि शराब माफियाओं की पूरी चेन पर कार्रवाई हो न कि केवल छोटे स्तर पर पकड़-धकड़ करके मामले को शांत कर दिया जाए। मंडला में लगातार बढ़ रही अवैध शराब की घटनाएं प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही हैं। युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में जा रही है और गांवों का सामाजिक ताना-बाना प्रभावित हो रहा है। यदि समय रहते कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। अब देखने वाली बात होगी कि फरार बताए जा रहे ठेकेदार अनुराग अवधिया तक पुलिस कब पहुंचती है और क्या इस मामले में सिर्फ वाहन चालक और मजदूर ही आरोपी बनेंगे या फिर शराब के असली नेटवर्क पर भी शिकंजा कसेगा। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में सउनि भुमेश्वर वामनकर, आरक्षक प्रियांश, रमेश, मृदुल, जगदीश और धीरेंद्र की भूमिका रही।

## जनसुनवाई में पहुंचे आवेदक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला योजना भवन में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने जिले के दूर-दराज से आए 118 आवेदकों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुना कलेक्टर धोटे ने न केवल आवेदनों को गंभीरतापूर्वक लिया बल्कि उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी जारी किए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री धोटे ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए कई वृद्ध और दिव्यांग आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया।

## नरवाई जलाने पर कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के ग्राम घुघरा आमगांव एवं मधुपुरी में नरवाई जलाए जाने की सूचना प्राप्त होने पर राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम तत्काल फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंची टीम द्वारा खेतों में लगी आग को बुझाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की गई फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन खेतों की मेड़ पार करने में वाहन को कठिनाई होने एवं समय अधिक हो जाने के कारण कई स्थानों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हाथ से ही आग बुझाई गई संबंधित पटवारी कृषकों के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर अतिशीघ्र तहसील कार्यालय में प्रस्तुत करें।

## अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्राप्त शिकायतों के आधार पर ग्राम हिरदेनगर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान अवैध रेत परिवहन में संलिप्त दो डंपरों को जब्त किया गया। जानकारी के अनुसार खनिज विभाग की टीम ने वाहन क्रमांक एमपी 20 एक्ससी 2621 एवं एमपी 20 जेडडी 9963 को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा। दोनों वाहनों को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी प्रभारी चौकी हिरदेनगर की सुपुर्दगी में रखा गया है।

## होटल लॉजों की जांच

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन एवं एसडीओपी पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली एवं महाराजपुर पुलिस द्वारा जिले में अपराध नियंत्रण, संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम तथा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से होटल एवं लॉजों की लगातार सघन चैकिंग की जा रही है अभियान के तहत पुलिस टीमों ने विभिन्न होटल एवं लॉजों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

## सनराइजर्स ने दो विकेट से दी मात

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला क्रिकेट संघ एवं मैकल क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए 1 मई से 15 दिवसीय क्रिकेट समर कैंप जारी है साथ ही एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट मैकल कप 2026 का शुभारंभ स्टेडियम ग्राउंड हो चुका है। टूर्नामेंट में तीन टीम शामिल हैं जो लीग मैच खेल रही हैं सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुए मैच में वरिष्ट खिलाड़ी बसंत कुमार ने दोनों टीम के कप्तान के सामने टॉस किया जिसमे नर्मदा सनराइजर्स ने पहिले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया नर्मदा के पहिले 4 विकेट जल्द गिर गिरा किंतु बल्लेबाजी में दक्ष अभिषेक रनो की बदौलत मात्र 102 रनो का लक्ष्य फाइन चैलेंजर को दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी फाइन चैलेंजर के 5 विकेट जल्द ही पवेलियन लौट गए किंतु शुभ चक्रवर्ती के शानदार 64 रनो की पारी से नर्मदा सनराइजर्स बैक फुट पर आ गई अंत में यह मैच फाइन चैलेंजर ने 2 विकेट से जीत लिया।

# वैदिक गुरुकुल में चरित्र निर्माण शिविर

मण्डला(स्वतंत्रमत)

काशी विश्वनाथ वैदिक गुरूकुल के वार्षिकोत्सव के अवसर पर युवक युवती चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन 16 मई से किया जा रहा है। आचार्य भीमदेव नैष्ठिक ने बताया कि काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं युवक-युवती चरित्र निर्माण शिविर के समापन अवसर पर 22 मई को गुरुकुल परिसर गयाजीपुर जिलहरी घाट में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर वैदिक परंपरा, राष्ट्रभक्ति एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया जाएगा कार्यक्रम आचार्य आचार्य मनुदेव वाग्मी के ब्रह्मत्व में सायं 4 बजे प्रारंभ होगा जिसमें 11 कुंडीय सर्व कल्याण महायज्ञ का आयोजन किया



जाएगा। महायज्ञ में देश समाज एवं विश्वकल्याण की कामना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार होंगे इसके पश्चात आमंत्रित विद्वानों द्वारा धर्म, संस्कृति एवं चरित्र निर्माण विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिए जाएंगे शिविर में भाग लेने वाले युवक एवं युवतियों द्वारा शौर्य प्रदर्शन भी कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा इसमें पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र संचालन, आत्मरक्षा कौशल एवं अनुशासन आधारित प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजकों के अनुसार यह शिविर युवाओं में संस्कार, राष्ट्रनिष्ठा एवं आत्मबल विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है जिसका समापन 22 मई को एक साथ होगा कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं एवं नागरिकों के सम्मिलित होने की संभावना है इस आयोजन से पूर्व 21 मई को सायं लगभग 3:30 बजे मंडला शहर में अस्त्र-शस्त्र सहित भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में शिविरार्थी, संत-महात्मा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित होंगेआयोजन समिति ने इसे भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा के गौरव प्रदर्शन का प्रतीक बताया है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संपतिया उईके तथा फग्गन सिंह कुलस्ते की विशेष उपस्थिति रहेगी आयोजकों ने जिलेवासियों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की है।

# प्रबंधन को सद्बुद्धि देने हुआ सुंदरकांड

मण्डला(स्वतंत्रमत)

कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों की लगातार हो रही संदिग्ध मौतों को लेकर पत्रकारों का धरना प्रदर्शन आठवें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के बीच धरना स्थल पर संगीतमय सुंदरकांड एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में समर्थक व सामाजिक कार्यकर्ता सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। पत्रकारों का समर्थन करते हुए कान्हा प्रबंधन से जवाबदेही तय करने की मांग उठी। कार्यक्रम नवयुवक शिव मंडल आजाद वार्ड मंडला द्वारा किया गया। वनप्रेमियों ने कहा कि जंगल और वन्यजीव संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है और बाघों की लगातार हो रही मौत चिंता का विषय है। धरने पर बैठे पत्रकारों ने



आरोप लगाया कि कई दिनों से आंदोलन जारी होने और लगातार सवाल उठने के बावजूद कान्हा प्रबंधन की ओर से अब तक कोई ठोस जवाब सामने नहीं आया है। गौरतलब है कि आंदोलनकारी पत्रकारों द्वारा देश के प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया था जिसमें बाघों की मौत की उच्चस्तरीय जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। पत्रकारों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा तथा पोल खोल अभियान भी शुरू किया जाएगा।

# जिंदा जलाने घर में लगाई आग

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जिले के टाटरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भरवेली में मंगलवार देर रात एक सनसनीखेज आगजनी की घटना सामने आई गांव के तिवारी परिवार ने आरोप लगाया है कि कुछ दबंग लोगों ने उनके घर में आग लगाकर पूरे परिवार को सोते हुए जिंदा जलाने की कोशिश की घटना रात लगभग 12 बजे की बताई जा रही है परिवार के सदस्यों के अनुसार आग लगने के समय सभी लोग घर में सो रहे थे अचानक धुआं और आग की लपटें उठने पर परिवार की नींद खुली और किसी तरह जान बचाकर बाहर निकले। हालांकि आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते घर का बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कुछ दबंग तत्व लंबे समय से तिवारी परिवार को निशाना बना रहे थे पीड़ित परिवार ने दावा किया है कि उन्हें आरोपियों की पहचान है और संबंधित नाम पुलिस अधीक्षक एवं मीडिया को उपलब्ध कराए जाएंगे सूत्रों के अनुसार घटना से पहले गांव में कुछ लोगों द्वारा बैठक कर परिवार के खिलाफ माहौल बनाने और लोगों को भड़काने की बात भी सामने आ रही है घटनास्थल से आग की लपटों में घिरे मकान का वीडियो भी सामने आया है जो घटना की भयावहता को दर्शाता है। पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है तथा संदिग्धों से पूछताछ की तैयारी की जा रही है।

## हम फाउंडेशन की बैठक संपन्न

मण्डला(स्वतंत्रमत)

महाराजपुर के कारीकोन में हम फाउंडेशन की बैठक जिलाध्यक्ष एचपी झरिया की अध्यक्षता में तथा बीके राय प्रदेश संरक्षक हम फाउंडेशन के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में अतिथियों का तथा पदाधिकारी सदस्यों का परिचय कराया गया इसके पश्चात प्रदेश संरक्षक बीके राय ने सदस्यता सुनिश्चित करने निष्क्रिय शाखों को सक्रिय करने हेतु अपने सुझाव दिए। यह भी निर्णय लिया गया कि विवेकानंद शाखा ने लक्ष्य से अधिक सदस्यता प्राप्त की है। अंत में अध्यक्ष पुहुप सिंह भारत ने सभी सदस्यों का अभिवादन व आभार व्यक्त किया तथा निर्णय लिया गया कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए माह जून के 9 तारीख को होने वाली बैठक निरस्त की जाए आगामी बैठक 9 जुलाई को संपन्न होगी।

# गर्ल्स कालेज में स्थापना दिवस




**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शासकीय जगन्नाथ मुन्नालाल चौधरी महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर शरद नारायण खरे के मार्गदर्शन व सुश्री पूजा टेमरे के संयोजन-संचालन व डॉ अंजली पंड्या, डॉ अंजुसिंह के सह-संयोजन में रेडक्रॉस स्थापना दिवस पर संस्था की स्थापना, उद्देश्यों व कार्यों पर प्रकाश डाला गया छात्राओं व प्राध्यापकों ने इसके विविध आयामों व तत्वों पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर शरद नारायण खरे ने सेवा कार्य से भरे युवाओं की आवश्यकता पर बल दिया इसके समापन सत्र में निबंध लेखन पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्राचार्य प्रोफेसर शरद नारायण खरे के कर कमलों से वितरित हुए। आभार प्रदर्शन सुश्री पूजा टेमरे ने किया।

## चार दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** 148 वीं बटालियन सीआरपीएफ केम्प में जिला आयुष कार्यालय के सहयोग से 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व आयोजित 50 दिवसीय काउंट डाउन हेतु चार दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम की शुरुआत की गई योग के सामान्य अभ्यास क्रम प्रोटोकॉल के अंतर्गत योगाभ्यास की शुरुआत सूक्ष्म व्यायाम से की गई।आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रियंका धुर्वे, डॉ एकता वाल्को, औषधि संयोजक विश्व दीपक चंद्रौल, 148 वीं बटालियन के अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने मिलकर बटालियन मुख्यालय प्रांगण में योग अभ्यास किया।

## पंजीयन आदेश निरस्त कराने ज्ञापन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** प्रदेश व्यापी आव्हान पर मुख्यालय के अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। संगठन के जिला अध्यक्ष समाजसेवी पीडी खैरवार ने बताया है कि लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा जारी पत्र क्रमांक/अतिथि शिक्षक /2026-27/548/549/भोपाल एवं 12/05/26 को जारी आदेश क्रमांक/अतिथि शिक्षक/2026-27/56 में नए आवेदकों के पंजीयन के लिए भी जिक्र किया गया है जो कार्यानुभवी अतिथि शिक्षकों के लिए अहितकारी है खैरवार ने सरकार पर आरोप लगाया है कि पहले से ही लाखों आवेदकों का पंजीयन हर वर्ष ऐसे ही करा कराकर अतिथि शिक्षक जैसे अस्थाई काम के लिए नए-नए युवक-युवती बेरोजगारों की फौज बढ़ाते जा रही है ।

# सर्व ब्राह्मण सभा की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा की महत्वपूर्ण बैठक गत दिवस नावघाट स्थित परशुराम मंदिर में सम्पन्न हुई। बैठक में विचार विमर्श पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आगामी 7 जून को ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जाएगा। इसी अवसर पर मेधावी छात्र छात्राओं का भी सम्मान होगा। बोर्ड परीक्षा में जिन्होंने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं वे ही इसके पात्र रहेंगे। समाज की मातृशक्ति संपूर्ण कार्यक्रम का दायित्व संभालेंगी यह आयोजन परशुराम मंदिर से सटे भगवान सूर्य मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा आयोजन का विशेष आकर्षण शहर का सुप्रसिद्ध झा परिवार का अभिनंदन कार्यक्रम रहेगा। बता दें कि जिले के प्रख्यात झा परिवार ने अपने पैतृक सूर्य मंदिर की देखरेख की जिम्मेदारी ब्राह्मण समाज को सौंपी है। सम्मान समारोह पश्चात महाआरती की जाएगी बैठक में सभा के अध्यक्ष प्रमोद पांडे, प्रवीण तिवारी, संजय दुबे,आसीम झा, हनुमान तिवारी, प्रमोद दुबे, प्रशांत वाजपेई, अशोक दुबे,बंटी उपाध्याय, राजेन्द्र पाठक, अर्चना पांडे,राखी मिश्रा, कीर्ति वाजपेई, संजय शर्मा,अभय वाजपेई आदि की उपस्थिति रही।

## टीएल पत्रों में नहीं चलेगी लापरवाही

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला योजना भवन में सोमवार को समय-सीमा और विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि टीएल पत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी स्वयं व्यक्तिगत फॉलोअप कर समय पर जवाब प्रस्तुत करें। जिन प्रकरणों पर कार्यवाही पूरी हो चुकी है उन्हें तत्काल क्लोज कराया जाए जिलाधिकारियों के फील्ड विजिट की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सिर्फ भ्रमण पर जाना काफी नहीं है मौके पर निरीक्षण कर उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा उन्होंने सभी एसडीएम को सप्ताह में दो दिन और नगरीय निकायों के सीएमओ को सप्ताह में तीन दिन फील्ड विजिट के निर्देश दिए। विजिट के दौरान आंगनबाड़ी और स्कूलों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करने को कहा कलेक्टर ने बताया कि 1 जून से जिले में ग्राम दिवस कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

# घर में सकोरे लगाने एसपी की अपील

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने प्रकृति के संरक्षण के लिए आम जनता से अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी एवं बढ़ते हुए तापक्रम को देखते हुए गर्मी से बचाव के लिए हर नागरिक सामने आकर अपने घरों में सकोरे में जल डालकर जीव जंतुओं को पक्षी को दाना एवं पानी देकर जीवन की रक्षा करें ताकि हमारी पारिस्थितिकीय तंत्र बची रहे इस अवसर पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मिट्टी के सकोरे में जल डाला तथा उन्होंने अवगत कराया कि जिले के समस्त थाना चौकी एवं पुलिस थाना में यह अभियान के माध्यम से आम लोगों को जागरूक करने में पुलिस विभाग सक्रिय होकर योगदान देगी ताकि जीव जंतुओं की भी सुरक्षा की जा सकती है इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा ने भी आम जनता से अपील करते हुए कहा कि जल का मानव के साथ-साथ जीव जंतुओं का भी अधिकार है। सभी लोग एक साथ आकर अपने अपने घरों में मिट्टी के सकोरे लगाकर जल अवश्य दें कार्यक्रम का संयोजन राजेश क्षत्री पर्यावरण विद के द्वारा किया गया।



## डोलोमाइट के प्रदूषण और ओव्हर लोडिंग से ग्रामीण परेशान

### जनसुनवाई में आया मामला

**नैनपुर( स्वतंत्र मत)।** चिरईडोंगरी क्षेत्र में डोलामाइट से फैल रहे प्रदूषण एवं ओवरलोड डम्फरों से दुर्घटना से आशंकित रक ज्ञापन जन सुनवाई में नैनपुर एस डी एम को सौंपा गया है।

बताया गया है कि डोलामाइट ओवरलोडिंग डम्फर से सड़को पर गिट्टी गिरने के कारण आये दिन मोटर साइकल चालक दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं। डोलामाइट ठेकेदार को मोबाईल से सूचना देने पर भी ओवरलोडिंग डम्फर में सुधार नहीं किया जा रहा है। डोलामाइंट ओवरलोडिंग से गांव में चारो तरफ प्रदूषण भी फैल रहा है । इस कारण से क्षेत्र के ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे नियमानुसार लोडिंग के समय पानी का छिड़काव भी नही कर रहा है।

कल नैनपुर में ज्ञापन सौंपते हुए मांग की गई कि तत्काल ओवर लोडिंग डम्फरों पर रोक लगाई जाए। कहा गया कि एक सप्ताह के अंदर समस्या का निदान ना होने पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी चिरईडोंगरी के द्वारा चक्काजाम कर आंदोलन किया जावेगा।

संपादकीय

## क्यों ना खरीदें सोना?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोना नहीं खरीदने की सलाह दी है, उन्होंने देशवासियों से अगले एक साल तक सोना नहीं खरीदने की अपील की है। सवाल यह है कि आखिर प्रधानमंत्री ने लोगों से सोना नहीं खरीदने की भावुक अपील क्यों की है? दरअसल, भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा सोने का उपभोक्ता है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भारत हर साल करीब 750 टन सोना आयात करता है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 721 टन सोना आयात हुआ. 2024-25 में लगभग 757 टन और वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 744 टन सोना भारत ने आयात किए। भारत स्विट्जरलैंड से सबसे अधिक सोना आयात करता है। लगभग कुल आयात का 40 फीसदी हिस्सा स्विट्जरलैंड से लेता है। इसके बाद यूएई और दक्षिण अफ्रीका का नंबर आता है। भारत में सोने का खनन बहुत कम होता है, इसलिए डिमांड पूरी करने के लिए आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। खासकर ज्वेलरी और निवेश के लिए लोग सोना खरीदते हैं। सोने का आयात सीधे भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव डालता है। सोने का भारी आयात देश के व्यापार घाटे को बढ़ाता है, क्योंकि इसके लिए बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। जब भारत 10 ग्राम सोना खरीदता है, जिसकी कीमत करीब 1.50 लाख रुपये है, भारत को यह भुगतान डॉलर में करना पड़ता है। इससे आयात और निर्यात के बीच असंतुलन बढ़ जाता है, और देश का व्यापार घाटा भी बढ़ जाता है, यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने सोना नहीं खरीदने की अपील की है। भारत ने वित्त-वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 721.03 टन सोना आयात किया था। साल भर का कुल आयात मूल्य लगभग 6,11,830 करोड़ रुपये रहा। इस हिसाब से एक दिन में भारत औसतन 1.97 टन सोना आयात करता है। सरकारी आंकड़ों के आधार पर देखें तो भारत रोजाना औसतन 1,676 करोड़ रुपये का सोना विदेशों से खरीदता है। भारत हर घंटे करीब 80 किलो सोना आयात करता है। यही नहीं, देश में शादियों के सीजन और दिवाली जैसे त्योहारों के दौरान सोने का दैनिक औसत खरीदारी 4 से 5 टन तक पहुंच जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक भी अपने विदेशी मुद्रा भंडार के हिस्से के रूप में सोने की खरीदारी करता है। दिसंबर 2024 तक आरबीआई के पास लगभग 876 टन सोने का भंडार था। दरअसल, प्रधानमंत्री की अपील के पीछे देश की आर्थिक स्थिरता से जुड़ा मामला है। सोने के आयात की वजह से विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ता जा रहा है, भारत अपनी जरूरत का लगभग सारा सोना विदेशों से आयात करता है और इसके लिए भुगतान अमेरिकी डॉलर में करना पड़ता है। फिलहाल, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और हॉर्मुज में तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें भी आसमान छू रही हैं। इस तनाव की वजह से भारत को तेल खरीदने के लिए 30 प्रतिशत अधिक डॉलर खर्च करने पड़ रहे हैं। अगर इसी समय लोग भारी मात्रा में सोना भी आयात करेंगे, तो देश के डॉलर भंडार पर 'दोहरी मार' पड़ेगी। देखा जाय तो सोने के बहाने एक तरह से प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका पर भी निशाना साधा है, जो कि डॉलर में ट्रेड को बढ़ावा दे रहा है। जबकि भारत-रूस समेत कई दूसरे बड़े देश वैकल्पिक करेंसी में ट्रेड पर विचार कर रहा है। डॉलर का कम इस्तेमाल यानी अमेरिकी मुहिम को झटका देना है। कच्चा तेल खरीदना देश की मजबूरी है, तमाम आर्थिक गतिविधियां तेल पर निर्भर हैं। लेकिन सोना एक स्वैच्छिक निवेश है। सरकार चाहती है कि लोग सोने में पैसा लगाने के बजाय उसे देश के भीतर अन्य उत्पादक कार्यों या सरकारी योजनाओं में लगाएं। विदेशी यात्राओं से बचें, ताकि डॉलर बाहर न जाए। कम पेट्रोल डीजल का इस्तेमाल करें ताकि डॉलर का खर्च कम हो।

## विश्व राजनीति में होगा बड़ा उलटफेर

# वैश्विक संकट के बीच सबसे बड़े कूटनीतिक मिशन पर निकल रहे हैं मोदी



नीरज कुमार दुबे
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

वैश्विक चुनौतियों, बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों, ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला की अनिश्चितताओं और तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बीच भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर बड़े कूटनीतिक मिशन पर निकल रहे हैं। 15 मई से 20 मई तक प्रस्तावित उनकी बहुराष्ट्रीय विदेश यात्रा के दौरान वह संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का दौरा करेंगे। यह यात्रा भारत की वैश्विक रणनीति, आर्थिक हितों और सामरिक साझेदारियों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इस दौरान ऊर्जा सहयोग, व्यापार, हरित प्रौद्योगिकी, रक्षा, निवेश, नवाचार और वैश्विक सुरक्षा जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी, जिससे भारत की अंतरराष्ट्रीय भूमिका और अधिक मजबूत होने की संभावना है।

इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि भारत अपने पारंपरिक मित्र देशों के साथ केवल व्यापारिक संबंधों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि वह प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को भी विस्तार देना चाहता है। हाल के वर्षों में भारत ने विश्व मंच पर एक भरोसेमंद और संतुलित शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई है। यही कारण है कि यूरोप और पश्चिम एशिया के देश भारत को भविष्य के आर्थिक और सामरिक साझेदार के रूप में देख रहे हैं।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा की शुरुआत संयुक्त अरब अमीरात से करेंगे, जहां वह राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग, निवेश, डिजिटल भुगतान, रक्षा और भारतीय समुदाय के कल्याण जैसे विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हुई है। संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है तथा बीते पच्चीस वर्षों में भारत में निवेश करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते ने व्यापार को नई गति दी है। ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में भी संयुक्त अरब अमीरात भारत का

> **भारत अपने पारंपरिक मित्र देशों के साथ केवल व्यापारिक संबंधों तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि वह प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को भी विस्तार देना चाहता है।**



महत्वपूर्ण सहयोगी है। इसके अलावा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा दोनों देशों की सामरिक निकटता को और अधिक मजबूत बना रहा है। वहां रह रहे लाखों भारतीय दोनों देशों के सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों की मजबूत कड़ी हैं।

संयुक्त अरब अमीरात के बाद प्रधानमंत्री नीदरलैंड जाएंगे। यह यात्रा भारत और नीदरलैंड के बीच बढ़ते आर्थिक तथा प्रौद्योगिकी सहयोग को नई दिशा देगी। प्रधानमंत्री वहां के राजा विलेम अलेक्जेंडर, महारानी माक्सिमा और प्रधानमंत्री रोब येटन से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा, हरित हाइड्रोजन, जल प्रबंधन, सेमीकंडक्टर और नवाचार जैसे क्षेत्रों में तेजी से सहयोग बढ़ रहा है। नीदरलैंड यूरोप में भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत में बड़े निवेशकों में शामिल है। जल प्रबंधन और कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नीदरलैंड की विशेषज्ञता भारत के लिए अत्यंत उपयोगी मानी जाती है। दोनों देश मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के समर्थन में भी एक समान दृष्टिकोण रखते हैं।

मोदी की स्वीडन की यात्रा भारत और नॉर्डिक देशों के साथ बढ़ते सहयोग को और मजबूत बनाएगी। प्रधानमंत्री गोथेनबर्ग में स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन से वार्ता करेंगे। दोनों देशों के बीच व्यापार, हरित परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उभरती प्रौद्योगिकी, रक्षा, अंतरिक्ष और जलवायु कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में व्यापक सहयोग की संभावनाएं हैं। हम आपको बता दें कि स्वीडन की अनेक प्रमुख कंपनियां भारत में सक्रिय हैं और दोनों देशों के बीच नवाचार आधारित साझेदारी तेजी से विकसित हो रही है। भारत और स्वीडन लोकतांत्रिक मूल्यों, सतत विकास और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में समान सोच रखते हैं। हरित औद्योगिक परिवर्तन और जलवायु संरक्षण के लिए दोनों देशों का सहयोग वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी इसके बाद नॉर्वे जाएंगे, जहां वह तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नॉर्वे की पहली यात्रा होगी और पिछले तैंतालीस वर्षों में भारत से वहां होने वाली पहली प्रधानमंत्री स्तरीय यात्रा भी मानी जा रही है। नॉर्वे के प्रधानमंत्री योनास गार स्तोरे के साथ होने वाली वार्ता में व्यापार, निवेश, हरित प्रौद्योगिकी और समुद्री अर्थव्यवस्था पर विशेष जोर रहेगा। भारत और नार्वे के संबंध समुद्री सहयोग, हरित ऊर्जा और सतत विकास पर आधारित हैं। भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार समझौते के बाद दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई गति मिलने की संभावना है। नॉर्वे का विशाल पेंशन कोष भारतीय पूंजी बाजार में महत्वपूर्ण निवेश कर चुका है। आर्कटिक क्षेत्र, हरित जहाजरानी और समुद्री संसाधनों के प्रबंधन में दोनों देशों का सहयोग भविष्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन इस यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पक्ष होगा। इसमें नॉर्वे, स्वीडन, डेनमार्क, फिनलैंड और आइसलैंड के शीर्ष नेता शामिल होंगे। यह मंच भारत और नॉर्डिक देशों के बीच प्रौद्योगिकी, नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा, अंतरिक्ष, सतत विकास और समुद्री अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई रणनीतिक दिशा देगा। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने और हरित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में यह सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री इटली जाएंगे। प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और राष्ट्रपति सर्जियो मातारेला के साथ उनकी बैठकें भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगी। दोनों देश 2025 से 2029 तक की संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना पर तेजी से काम कर रहे हैं। व्यापार, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और औद्योगिक सहयोग इसके प्रमुख क्षेत्र हैं। इटली ने चीन की बेल्ट एंड रोड पहल से अलग होकर भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे को समर्थन दिया है, जिससे दोनों देशों की सामरिक निकटता बढ़ी है। रक्षा क्षेत्र में सह-विकास और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर जोर दिया जा रहा है। इटली भारत के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के प्रयासों का भी समर्थन करता रहा है। वहां रह रहा भारतीय समुदाय दोनों देशों के संबंधों को सामाजिक और सांस्कृतिक मजबूती प्रदान करता है।

इस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह विदेश यात्रा केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की बदलती वैश्विक भूमिका का प्रतीक भी है। यह यात्रा भारत को ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी सहयोग, हरित विकास, रक्षा साझेदारी और वैश्विक व्यापार के नए अवसर प्रदान करेगी। साथ ही यह संदेश भी देगी कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख और विश्वसनीय केंद्र बनकर उभर रहा है।

## विरासत की इबादत

है अमर शहीदों की पूजा, हर एक राष्ट्र की परम्परा,
उनसे है मां की कोख धन्य उनको पाकर है धन्य धरा,
गिरता है उनका रक्त जहां वे ठोर तीर्थ कहलाते हैं,
वे रक्तबीज अपने जैसों की नई फसल दे जाते हैं।



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

शहीदों को सम्मान देना हमारा दायित्व है और उन्हें याद कर उनके दिखाए मार्ग पर चलना हमारे परिवार के संस्कार हैं। 12 मई 1984 को मेरे पूजनीय दादा जी रमेश चंद्र जी का बलिदान दिवस है। यह तो सभी जानते हैं कि जो जन्मा है, एक न एक दिन उसे मृत्यु को प्राप्त होना ही होगा। शहादत हर एक के नसीब में नहीं होती। यदि शहादत का कोई कारण हो तो पूजनीय दादा जी की शहादत भी देश की एकता और अखंडता के लिए की गई कुर्बानी है। हमारे जीवन में यह नियति ही रही कि उनके बलिदान के चलते मेरे अनुज आकाश और अर्जुन दादा जी के स्नेह से वंचित रहे। मेरे पिताश्री अश्विनी कुमार जी हमें पूजनीय दादा जी और हमारे परदादा अमर शहीद लाला जगत नारायण जी की स्वतंत्रता संग्राम से लेकर स्वतंत्र भारत तक उनके जीवन की दास्तान सुनाया करते थे। जब भी 12 मई का दिन आता मेरे पिता अश्विनी कुमार स्वयं को असहाय पाते लेकिन बाद में कहते कि हर व्यक्ति के जीवन में कभी न कभी ऐसे क्षण आते हैं कि जब वह वक्त के द्वारा दिए गए निर्णय के समक्ष बेबस होते हैं। हम सब उस निर्णय को नियति कह सकते हैं। अमर शहीद लाला जगत नारायण जी का बलिदान और फिर रमेश चंद्र जी का बलिदान हमें गर्व से सिर ऊंचा कर जीना सिखाता है।

जमीन-मकान सब तुम्हें मुबारक
मुझे दादा जी के आदर्शों की वसीयत मिली है,
मेहनत के रास्ते ही मिलता है अपना हक
विरासत में सही नसीहत मिलती है

अक्सर मैं अनेक परिवारों में दादा को पौत्र-पौत्रियों के साथ खेलते देखता हूं तो पाता हूं कि दादा बच्चों का बार-बार हाथ पकड़ते हैं। दादा बच्चों का हाथ इसलिए नहीं पकड़ते कि वह खुद न लड़खड़ा जाए, बल्कि इसलिए पकड़ते हैं कि कहीं बच्चे गिर न जाएं। कहते हैं दादा-दादी का अपने पौत्र-पौत्रियों के साथ बहुत स्नेह होता है। यह कहावत बार-बार कही जाती है कि 'मूल से ज्यादा ब्याज प्यारा होता है।' जैसे अपनी मां को देखता हूं, उनकी जान मेरे बच्चों में बसती है। शायद आज की तारीख में उन्हें मुझसे ज्यादा मेरे बच्चों से प्यार है और जब बच्चों को दादा-दादी कहते लिपटते, प्यार करते देखता हूं तो मुझे अपने जीवन में इस प्यार की बहुत कमी महसूस होती है।

हर वर्ष जब दादा जी का शहादत दिवस आता है तो मैं पूजनीय पिता अश्विनी कुमार को देखता और महसूस करता हूं कि वह भावनाओं के समन्दर में कितना बहे होंगे। सही अर्थों में दादा जी की कलम की विरासत को सम्भालने का श्रेय एक सम्पादक के तौर पर मेरे पिता श्री अश्विनी कुमार को ही जाता है। मुझे आज स्वयं पर गर्व हो रहा है कि मैं उस परिवार का हिस्सा हूं जिसके दो वट वृक्षों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और साम्प्रदायिक सद्भाव को बरकरार रखने के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी। इस दिन मेरे पिता दादा जी की एक छोटी डायरी के पन्नों को पलट-पलट कर देखते और दादा जी की कलम को अपने सामने रखते। आज वही डायरी मेरे हाथ में है, जिनके पन्नों पर श्रीराम चरित मानस की चौपाइयां और गुरुवाणी की पंक्तियां लिखी हुई हैं। एक पन्ने पर लिखा है-

मेरे राम राय, तू संता का संत,
तेरे सेवक को वो किछु नाही,
जम नहीं आवे नेड़े।

जो कुछ भी मैंने सुना और जितना मैंने पंजाब की राजनीति के इतिहास में पढ़ कर जाना कि दादा जी ने आतंकवाद के दौर में सीमापार की साजिशें, विफल होते प्रशासन, बिकती प्रतिबद्धताओं और लगातार मिल रही धमकियों के बीच शहादत का मार्ग चुन लिया। उन्होंने एक सम्पादकीय में लिखा था असत्य के साथ समझौते से तो अच्छा है कि उस मृत्यु का वरण कर लिया जाए जो राष्ट्र की अस्मिता को समर्पित हो। अन्याय मुझे विवश कैसे कर लेगा मैं आर्य पुत्र हूं, सत्य लिखना मेरा धर्म है और कलम मेरा ईमान। मैं सत्यपथ का पथित हूं। आगे जो मेरा प्रारुध मुझे स्वीकार। लाला जी के बलिदान के बाद रिश्तेदारों, मित्रों और सहयोगियों ने बहुत दबाव डाला कि जालंधर से पंजाब केसरी का प्रकाशन बंद कर किसी और जगह शुरू किया जाए लेकिन मेरे पिता अश्विनी कुमार ने इसका कड़ा प्रतिरोध किया। दादा जी की स्मृति में मेरी मां किरण चोपड़ा हर वर्ष जन-जन की सेवा के लिए कार्यक्रम करती हैं। आज मैं पत्रकारिता में विरासत का दायित्व संभाल रहा हूं। मुझे आकाश और अर्जुन का पूरा सहयोग मिल रहा है। मेरे लिए पत्रकारिता विरासत की इबादत है। आज हम दादा जी की सादगी, अच्छाई और सौम्यता से परिपूर्ण जीवन को याद कर रहे हैं। सत पुरुष वही है जिनमें संतों के गुण हो, करुणा सहनशीलता और दिल में सभी के लिए प्यार हो। हमारा परिवार इन्हीं गुणों को ग्रहण कर आगे बढ़ रहा है। यही दादा जी को सच्ची श्रद्धांजलि है।

## भारत का युवा चौराहे पर, शिक्षा या परीक्षा की फैक्ट्री

पवन शर्मा

भारत आज एक खतरनाक शैक्षणिक मोड़ पर खड़ा है। एक ओर विश्व शक्ति बनने का सपना है, तो दूसरी ओर स्कूल, कोचिंग, प्रतियोगिता और अनिश्चित भविष्य के बीच पिसती हुई युवा पीढ़ी की कठोर सच्चाई। देश में तेजी से बढ़ता कोचिंग उद्योग केवल शिक्षा की कहानी नहीं कहता, बल्कि यह उस व्यवस्था का आईना है जो धीरे-धीरे अपने ही स्कूलों और कॉलेजों पर विश्वास खोती जा रही है। अनुमानों के अनुसार भारत में 68,000 से अधिक पंजीकृत कोचिंग संस्थान हैं, जबकि अपंजीकृत संस्थानों की संख्या लाखों में हो सकती है। आज कोचिंग उद्योग का आकार लगभग 58,000 करोड़ तक पहुँच चुका है और अनुमान है कि 2028-30 तक यह 1.3-1.5 लाख करोड़ तक पहुँच जाएगा - जो केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय के वार्षिक बजट 1.28 लाख करोड़ के लगभग बराबर है। यह अब केवल सहायक शिक्षा व्यवस्था नहीं रही। यह एक समानांतर शिक्षा अर्थव्यवस्था बनती जा रही है। आंकड़े शिक्षा व्यवस्था की सच्चाई खोलते हैं। हर वर्ष लगभग 10-12 लाख विद्यार्थी PSC परीक्षा देते हैं, लेकिन अंतिम चयन मुश्किल से लगभग 1,000 का होता है। वहीं लगभग 15 लाख छात्र IIT में प्रवेश के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं, जहाँ अंतिम चयन दर लगभग 1-1.5% के आसपास रहती है। फिर भी बड़े-बड़े विज्ञापन 80-90% सफलता का दावा करते हैं।

**लेकिन सफलता किसकी?** अधिकतर ये आंकड़े चुनिंदा टॉपर बैच के आधार पर दिखाए जाते हैं, न कि उन लाखों छात्रों के जो पूरे सिस्टम में प्रवेश करते हैं। अधिकांश युवाओं के हिस्से में आता है - मानसिक दबाव, निराशा, आर्थिक बोझ, चिंता और भावनात्मक थकान। लेकिन सबसे बड़ी त्रासदी किताबों से बाहर दिखाई देती है। बच्चा दिनभर स्कूल में रहता है और शाम को कोचिंग में। रात तक उसके पास न खेल का समय बचता है, न परिवार के साथ बैठने का, न संगीत, न किताबें, न आत्मचिंतन, न रचनात्मकता और न ही स्वस्थ जीवन। भारत के बच्चे जीवन सीखने से पहले केवल फार्मूले सीख रहे हैं। मैदान खाली हो रहे हैं। परिवारों में संवाद कम हो रहे हैं। बचपन रैंक और रिजल्ट की दौड़ में बदलता जा रहा है। माता-पिता भी अनजाने में इस दबाव का हिस्सा बन चुके हैं। अनेक बच्चे इंजीनियरिंग, मेडिकल, सिविल सेवा या अन्य लोकप्रिय क्षेत्रों में इसलिए धकेले जाते हैं क्योंकि पड़ोसी का बच्चा वही कर रहा है या समाज उसे सफलता मानता है। बहुत कम बच्चों से ईमानदारी से पूछा जाता है- तुम वास्तव में जीवन में क्या बनना चाहते हो? दूसरी ओर स्कूल केवल औपचारिकता बनते जा रहे हैं। व्यक्तित्व विकास, नैतिक शिक्षा, संवाद कौशल, खेल, रचनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। शिक्षा धीरे-धीरे व्यावसायिक और परीक्षा-केंद्रित होती जा रही है। नीतिगत स्तर पर स्थिति और गंभीर है। दशकों से शिक्षा सुधार की बातें हो रही हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर की यूनिवर्सिटी, रिसर्च संस्कृति, खेल ढाँचा, शिक्षक प्रशिक्षण, व्यावसायिक शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य व्यवस्था आज भी देश की जरूरतों से बहुत पीछे हैं। शिक्षा को दूरदृष्टि चाहिए, केवल राजनीति नहीं। दुर्भाग्य से शिक्षा नीति कई बार नौकरशाही, जातीय समीकरण, वोट बैंक और अल्पकालिक राजनीति के नीचे दब जाती है। दूसरी ओर निजी कोचिंग उद्योग महत्वाकांक्षाओं को बाजार में बदलकर लगातार विस्तार कर रहा है। समस्या केवल कोचिंग नहीं है। समस्या कोचिंग पर बढ़ती निर्भरता है। कोई भी महान राष्ट्र तब मजबूत नहीं बन सकता जब स्कूल औपचारिकता बन जाएँ, कॉलेज भरोसा खो दें, खेल मैदान खाली हो जाएँ और युवा लगातार असफलता के डर में जीने लगें। भारत को केवल टॉपर नहीं चाहिए। भारत को विचारक, वैज्ञानिक, शिक्षक, कलाकार, खिलाड़ी, उद्यमी, कुशल युवा और संतुलित नागरिक चाहिए। एक बुद्धिमान समाज केवल डिग्री और तनाव ढोने वाले युवाओं से नहीं बनता। वह तब बनता है जब शिक्षा युवा के मस्तिष्क, शरीर, चरित्र, आत्मविश्वास, रचनात्मकता और मानवीय मूल्यों का विकास करे। समय आ गया है कि भारत शिक्षा नीति पर गंभीरता से पुनर्विचार करे - केवल राजनीतिक घोषणाओं के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य के लिए। वरना आने वाले समय में हमारे पास कोचिंग सेंटर तो बहुत होंगे, लेकिन मौलिक सोच वाले युवा बहुत कम।

## अब घुसपैठ से मुक्त होगा पश्चिम बंगाल

सुरेश हिंदुस्तानी

पश्चिम बंगाल में अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार के तौर पर शुभेन्दु अधिकारी ने शासन की बागडोर संभाल ली है। भाजपा का यह स्पष्ट नारा रहा है कि वह विदेशी घुसपैठियों को देश से बाहर करेगी। इसलिए पश्चिम बंगाल के जनादेश में इस पर अब जनता की मुहर भी लग गई है। कई राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी मानना है कि तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने मुस्लिम तुष्टिकरण को बढ़ावा देकर अपने शासन का संचालन किया। इसमें बांग्लादेश के घुसपैठियों का भी समर्थन भी शामिल रहा। अब भाजपा की सरकार बनने के बाद यह तय हो चुका है कि अब पश्चिम बंगाल की बांग्लादेश से लगी हुई सीमाएं पहले से ज्यादा सुरक्षित होंगी और एक बड़ी समस्या से छुटकारा भी मिलेगा। इससे यह भी आशय निकलता है कि सबका साथ और सबका विकास वाली राजनीतिक अवधारणा को स्वीकार किया जाने लगा है। देश में इसी प्रकार की राजनीति की आवश्यकता है। क्योंकि राजनीतिक दलों ने आज देश में रहने वाले समाज के बीच इतना भेद पैदा कर दिया है कि कई जगह समाज बंधु एक दूसरे के दुश्मन बन गए हैं। हिन्दू और मुसलमान समाज के ही हिस्से हैं, इसलिए इनको अलग अलग देखने की राजनीति नहीं होना चाहिए। इसके विपरीत देश के कुछ राजनीतिक दलों का आधार ही मुस्लिम वोट हैं। जबकि यह भी सही है कि तुष्टिकरण से किसी का भला न तो हुआ है और न ही होगा।

लम्बे समय से पश्चिम बंगाल में जनसंख्या का अप्रत्याशित रूप से बढ़ना कई प्रकार के सवाल खड़ा करता रहा है। इसके पीछे बांग्लादेश से आए घुसपैठिए भी एक बड़ा कारण है। इस समस्या से बंगाल ही नहीं, असम भी प्रभावित है, लेकिन अच्छी बात यह है कि विपक्षी राजनीतिक दलों को यह समस्या दिखाई नहीं देती। असम और पश्चिम बंगाल की जनता इस घुसपैठ के विरोध में खड़ी हो गई है, इसलिए इस बार का जनादेश भी बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरोध में आया। इसी के चलते असम में भाजपा सरकार का पुनः बनना और पश्चिम बंगाल में एक नए राजनीतिक उदय के साथ सत्तारूढ़ होना इसी बात का परिचायक है कि भाजपा ही नहीं, जनता भी देश से घुसपैठियों को निकालने का मन बना चुकी है। सुनने में यह भी आ रहा है जो बांग्लादेशी नागरिक पश्चिम बंगाल में घुसपैठ करके आए, वे अपने देश वापस जाने का मानस बना चुके हैं। इसलिए यह भी कहा जा रहा है कि अब पश्चिम बंगाल घुसपैठ की समस्या से मुक्त हो जाएगा।



भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में प्रारंभ से ही इस बात पर जोर दिया था कि वह विदेशी घुसपैठियों के खिलाफ है। भाजपा के नेताओं के भाषण भी इसी पर केंद्रित रहते थे। इस मुद्दे पर भाजपा को जनता का भी समर्थन मिला और जनता ने भाजपा को बहुमत दे दिया। इसके अलावा ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने जो कार्य किए, वह कहीं न कहीं हिन्दू समाज को नीचा दिखाने वाले ही थे, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के नेता शायद इस बात को भूल गए कि बहुसंख्यक समाज को नकारने की राजनीति एक प्रकार से उसके लिए सत्ता से अलग होने की तस्वीर पेश कर सकती है।

पश्चिम बंगाल घुसपैठ की समस्या से बहुत प्रभावित हुए हैं। यहां पर अप्रत्याशित रूप से ज़मीनों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। कई जगह अचानक ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र बनते जा रहे हैं। जिनमें मुर्शिदाबाद, उत्तर दिनाजपुर और मालदा आदि है। यह तीनों जिले बांग्लादेश की सीमा से लगे हुए हैं। इसके चलते बंगाल में अपराध भी बहुत होने लगे हैं। इसका कारण यही माना जा रहा है कि जो व्यक्ति घुसपैठ करके आए हैं, उनके सामने रोजगार का संकट है। जब रोजगार नहीं मिलेगा तो स्वाभाविक रूप से व्यक्ति गलत कार्य भी करने लगता है। इससे की दशा और दिशा भी ख़राब हो रही है।

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के रास्ते कई बांग्लादेशी नागरिक घुसपैठ करते रहे हैं। स्थानीय नागरिकों की मदद से वे सभी अपने आशियाने भी बना रहे थे, इनके ज्यादातर आशियाने अवैध कब्ज़ा करके ही बने हैं। तृणमूल कांग्रेस की सरकार के समय इनको पर्याप्त संरक्षण भी मिला। उल्लेखनीय है जिन क्षेत्रों में मुस्लिमों की जनसंख्या अचानक बढ़ी है, वे सभी तृणमूल कांग्रेस के प्रभाव वाले क्षेत्र रहे हैं। इन क्षेत्रों में हिन्दू समाज का कोई भी व्यक्ति जाने से डरता है। सवाल यह है कि यह डर किसने पैदा किया और इसको संरक्षण देने वाले कौन हैं। तृणमूल कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राह पर चलते हुए इनको ताकत देने का काम किया। और यही उसकी हार का कारण भी बना।

अब पश्चिम बंगाल का राजनीतिक दृश्य परिवर्तित हो चुका है। जिन्होंने लम्बे समय तक अमानुषिक अत्याचार सहन किए, वे सत्ता में आ चुके हैं, लेकिन भाजपा को यह सत्ता ऐसे ही नही मिल गई। उसके सैकड़ों कार्यकर्ता का बलिदान इस जीत के नींव के पत्थर बने। चुनाव के बाद शुभेन्दु अधिकारी के निजी सहायक देवनाथ की हत्या इसका ताजा उदाहरण है। जिसके बारे में कहा जा रहा है कि यह कार्य प्रशिक्षित अपराधियों ने किया। संभावना इस बात की भी है कि घटना के बाद ये बांग्लादेश भाग चुके हैं। इसे राजनीतिक हत्या के तौर पर भी देखा जा रहा है और इसके आरोप तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर लग रहे हैं।

घुसपैठियों की समस्या से त्रस्त पश्चिम बंगाल में सरकार बदलने के बाद विदेशी घुसपैठिओं के चेहरे उतरने लगे हैं, क्योंकि अब इन विदेशी घुसपैठियों को सहन नहीं किया जाएगा। अब उनको बाहर जाना ही होगा। भाजपा की सरकार ही इनको बाहर निकलेगी। देश के गृह मंत्री अमित शाह इसकी चेतावनी पहले से ही देते रहे हैं। यहां यह कहना भी उचित होगा कि भाजपा ने केवल घुसपैठियों को बाहर निकालने की ही बात की है, भारत के मुसलमानों की नहीं, लेकिन विपक्ष और खासकर तृणमूल कांग्रेस ने ऐसा भ्रम फैलाने का प्रयास किया कि सारे मुस्लिमों पर इसका प्रभाव होगा। विदेशी घुसपैठियों को बाहर निकालना सभी चाहते हैं, विपक्ष को इस मुद्दे पर भाजपा का साथ देना चाहिए, क्योंकि यह राष्ट्रीय हित की बात है।

## दोबारा हमला किया तो.... ईरान की अमेरिका-इजरायल को धमकी

# न्यूक्लियर डस्ट को लेकर ट्रंप की बढ़ी चिंता

नई दिल्ली

ईरान ने साफ चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका या इजरायली सेनाएं उस पर दोबारा हमला करती हैं तो वह अपने यूरेनियम भंडार को 90 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित कर सकता है, जो हथियार-ग्रेड स्तर माना जाता है। यह धमकी ऐसे वक्त में आई है जब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ नए सैन्य अभियान पर विचार कर रहे हैं।

ईरानी संसदीय आयोग के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ऋ पर पोस्ट करते हुए कहा, एक और हमले की स्थिति में ईरान के विकल्पों में से एक 90 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन करना हो सकता है। हम संसद में इस पर विचार करेंगे।

ट्रंप ने ईरान के समृद्ध यूरेनियम को न्यूक्लियर डस्ट करार देते हुए इसे तेहरान के खिलाफ अपने अभियान का प्रमुख कारण बताया है। यह संघर्ष अब 70 दिनों से अधिक समय से जारी है। ट्रंप ने साफ कहा है कि उन्हें (ईरान को) परमाणु हथियार हासिल करने की कभी इजाजत नहीं दी जाएगी।



इस हफ्ते ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि अमेरिका ईरान के यूरेनियम भंडार पर करीब से नजर रख रहा है। अगर कोई उस जगह के पास भी गया तो हमें पता चल जाएगा और हम उन्हें उड़ा देंगे। सोमवार को ट्रंप ने ईरान के जवाबी प्रस्ताव को ठुकरा दिया और कहा कि मध्य-पूर्व में संघर्ष-विराम लाइफ सपोर्ट पर है।

ईरान ने अपने प्रस्ताव में कहा था कि उसकी सेना किसी भी आक्रामक कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है।वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के जवाबी प्रस्ताव में कुछ अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम को कम करने और बाकी को तीसरे देश में स्थानांतरित करने की बात शामिल थी।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले आठ वर्षों में जब ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में ईरान परमाणु समझौते से अमेरिका को बाहर निकाला था ईरान ने लगभग 11,000 किलोग्राम (22,000 पाउंड) संवर्धित यूरेनियम जमा कर लिया है।

ईरान ने 2006 में औद्योगिक स्तर पर यूरेनियम संवर्धन शुरू किया था और दावा किया था कि यह शांतिपूर्ण प्रयोजन के लिए है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्टों में पाया गया कि इसका भंडार लगातार बढ़ा है। वर्तमान में ईरान के पास 440.9 किलोग्राम यूरेनियम 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित है, जो 90 प्रतिशत हथियार-ग्रेड स्तर से महज एक तकनीकी कदम दूर है।

विशेषज्ञों के अनुसार, संवर्धन की प्रक्रिया में जितनी सांद्रता बढ़ती है, आगे संवर्धन उतना आसान हो जाता है। 2015 के परमाणु समझौते के तहत प्रतिबंध हटाने के बदले ईरान ने अपनी गतिविधियां सीमित करने का वादा किया था, लेकिन ट्रंप के फैसले के बाद यह टूट गया।

आईएईए प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने इस हफ्ते कहा कि ईरान का अधिकांश समृद्ध यूरेनियम इस्फहान न्यूक्लियर कॉम्प्लेक्स में रखा हुआ है। जून 2025 के 12-दिवसीय युद्ध के दौरान यहां हमले हुए थे। ग्रॉसी ने कहा, हम पुष्टि या इनकार नहीं कर पाए हैं, लेकिन हमारा अनुमान है कि सामग्री वहीं है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय से विवादों का केंद्र रहा है। पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी ने भी 2021 में स्वीकार किया था कि जरूरत पड़ने पर 90 प्रतिशत संवर्धन संभव है।

## होर्मुज़ जलडमरूमध्य अब एक व्यापक रणनीतिक समुद्री क्षेत्र बन गया है : आईआरजीसी

तेहरान, (वार्ता)



ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य अब केवल एक संकीर्ण समुद्री मार्ग नहीं रह गया है, बल्कि इसे एक व्यापक रणनीतिक और परिचालन समुद्री क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है।

आईआरजीसी नौसेना के राजनीतिक उप प्रमुख मोहम्मद अकबरजादेह ने मंगलवार को तस्नीम समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा कि हालिया संघर्षों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य की अवधारणा में बड़ा बदलाव आया है और अब यह पारंपरिक सीमाओं से कहीं अधिक विस्तृत परिचालन क्षेत्र को समाहित करता है।

उन्होंने कहा कि पहले होर्मुज जलडमरूमध्य को होर्मुज द्वीप जैसे सीमित क्षेत्रों के आसपास एक संकीर्ण समुद्री गलियारे के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब इसे जास्क तट से लेकर सिर्री द्वीप तक फैले विस्तृत समुद्री क्षेत्र के रूप में माना जा रहा है।

श्री अकबरजादेह के अनुसार जो समुद्री गलियारा पहले लगभग 32 से 48 किलोमीटर चौड़ा माना जाता था, वह अब प्रभावी रूप से 320 से 480 किलोमीटर तक विस्तृत क्षेत्र में बदल गया है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र किश्म द्वीप और ग्रेटर तुंब से आगे तक फैला हुआ है और अब पूर्ण चाप का स्वरूप ले चुका है। उन्होंने कहा एक समुद्री व्यापार मार्ग नहीं, बल्कि व्यापक रणनीतिक समुद्री क्षेत्र के रूप में कार्य कर रहा है। श्री अकबरजादेह ने कहा कि ईरान के सशस्त्र बल होर्मुज जलडमरूमध्य और उसके आसपास की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रहे हैं तथा किसी भी उकसावे वाली कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा, ईरान क्षेत्रीय गतिविधियों की सटीकता और अधिकार के साथ निगरानी करता है और अपने जलक्षेत्र तथा हितों के किसी भी उल्लंघन की अनुमति नहीं देगा। आईआरजीसी अधिकारी ने कहा कि ईरान ने वैश्विक तेल व्यापार के प्रमुख मार्ग माने जाने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रति व्यापक रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाया है और देश की नौसैनिक सेनाएं क्षेत्र में सक्रिय बनी हुई हैं।

## नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में भाजपा ने 23 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया :तेजस्वी

**पटना, (वार्ता)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक होने के बाद परीक्षा रद्द किए जाने के ममले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुये कहा कि 23 लाख छात्रों के भविष्य के साथ एक बार फिर खिलवाड़ किया गया है। श्री यादव ने आज बयान जारी कर कहा कि देश में पेपर लीक की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित प्रदेशों में एक सामान्य परीक्षा भी बिना पेपर लीक के पारदर्शी तरीके से आयोजित नही हो पा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार हो रहे पेपर लीक से सरकार की नीति और नीयत दोनों पर सवाल उठ रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अब 23 लाख छात्रों को पुनर्परीक्षा देनी पड़ेगी। इसके लिए देशभर के 552 शहरों में स्थित परीक्षा केंद्रों तक दोबारा यात्रा करनी होगी, जिससे छात्रों और उनके अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि लाखों लीटर पेट्रोल-डीजल की अतिरिक्त खपत होगी और छात्रों को मानसिक एवं शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केवल औपचारिक जांच कराने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि सरकार को आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया कि क्या सरकार ने इस पूरे मामले के सामाजिक और आर्थिक प्रभाव का आकलन

# खैबर पख्तूनख्वा में बम धमाका, नौ की मौत

लक्की मरवत, (वार्ता)

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले की सराय नौरंग तहसील में मंगलवार को एक विस्फोट में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गयी, जबकि 33 अन्य घायल हो गये। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में सात लोगों की मौत और 23 लोगों के घायल होने की बात कही गयी थी। लक्की मरवत जिला पुलिस अधिकारी के प्रवक्ता कुदरतुल्लाह खान ने मृत पुलिसकर्मियों की पहचान आदिल जान और राहतुल्लाह के रूप में की। अलग से जारी बयान में लक्की मरवत के उप महानिरीक्षक पुलिस सज्जाद खान ने भी पुष्टि की कि दोनों मृतक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी थे। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में भी यही जानकारी दी गयी। बाद में लक्की मरवत के उपायुक्त हमीदुल्लाह खान ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गयी है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार आतंकवादियों ने एक रिक्शा में विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी थी। टीएचक्यू अस्पताल की ओर से जारी घटना रिपोर्ट में नौ लोगों की मौत और 33 घायलों को अस्पताल लाये जाने की पुष्टि की गयी। रिपोर्ट के अनुसार गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को बन्नू रेफर किया गया है।इस बीच, उपायुक्त ने सराय नौरंग स्थित तहसील मुख्यालय अस्पताल का दौरा कर घायलों के उपचार का जायजा लिया और प्रशासन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल मरीजों को बन्नू और पेशावर के जिला मुख्यालय अस्पतालों में भेजा गया है।सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में विस्फोट के कारण कई दुकानों और तीन पहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त होते देखा गया।पुलिस अधिकारी ने बताया कि नौरंग सर्किल के उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और पूरे इलाके को घेरकर साक्ष्य जुटाये गये। इससे पहले रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता शादाब खान ने विस्फोट की पुष्टि करते हुए बताया था कि एम्बुलेंस और बचाव दलों को मौके पर भेज दिया गया है। उन्होंने लोगों से बचाव एजेंसियों के साथ सहयोग करने और घटनास्थल से दूर रहने की अपील की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए आतंकवाद के 'खात्मे के संकल्प' को दोहराया। सरकारी प्रसारक पाकिस्तान टेलीवीजन कॉर्पोरेशन के अनुसार, श्री शरीफ ने कहा कि सभी संबंधित संस्थान आतंकवाद के उन्मूलन के लिए 'अटूट प्रतिबद्धता' के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने विस्फोट की जांच के आदेश भी दिये। श्री शरीफ ने अपने बयान में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के 'बलिदान' की सराहना की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## 2027 तक सीमित रहेगा यूएई का गैस उत्पादन :एडनॉक

**अबू धाबी, (वार्ता)।** अबू धाबी राष्ट्रीय गैस कंपनी (एडनॉक) ने कहा है कि हालिया युद्ध के दौरान ईरानी हमलों से हुए नुकसान के कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का प्रमुख गैस प्रसंस्करण केंद्र वर्ष 2027 से पहले पूर्ण उत्पादन क्षमता पर वापस नहीं लौट पाएगा। एडनॉक गैस के अनुसार अबू धाबी स्थित हबशन गैस प्रसंस्करण परिसर वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत क्षमता पर संचालित हो रहा है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी गैस प्रसंस्करण सुविधाओं में गिना जाता है और यह पूरे यूएई में गैस आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी को उम्मीद है कि 2026 के अंत तक उत्पादन क्षमता को लगभग 80 प्रतिशत तक बहाल कर लिया जाएगा, जबकि पूर्ण क्षमता से उत्पादन 2027 में शुरू होने की संभावना है।कंपनी ने अपनी पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों में 1.1 अरब डॉलर का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 15 प्रतिशत कम है। कंपनी ने लाभ में गिरावट के लिए 'क्षेत्रीय अनिश्चितता में वृद्धि और कठिन बाजार परिस्थितियों' को जिम्मेदार ठहराया। ऊर्जा क्षेत्र होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान से जुड़ी अस्थिरता से प्रभावित बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार संघर्ष के दौरान हबशन परिसर कई बार हमलों की चपेट में आया। अवरुद्ध किये गये हमलों के मलबे से आग लगने के बाद कम से कम तीन बार उत्पादन रोकना पड़ा।

## राज ठाकरे ने व्यक्तिगत खर्च कम करने की अपील पर प्रधानमंत्री पर साधा निशाना, सरकारी खर्च पर उठाये सवाल

मुंबई, (वार्ता)

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने नागरिकों से व्यक्तिगत खर्च कम करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कथित अपील को लेकर उन पर निशाना साधा और सवाल किया कि जब राजनीतिक नेता महंगे सार्वजनिक कार्यक्रमों, काफिलों तथा विदेशी दौरों को जारी रखे हुये हैं, तो आम लोगों को अपने खर्चों में कटौती करने की सलाह क्यों दी जा रही है। श्री राज ठाकरे ने आरोप लगाया कि जहां नागरिकों से ईंधन, यात्रा और सोने की खरीद जैसे खर्चों में कटौती करने का आग्रह किया जा रहा है, वहीं राजनीतिक रोड-शो, जनकल्याणकारी योजनाओं और चुनाव से जुड़ी गतिविधियों पर भारी सार्वजनिक धन खर्च किया जा रहा है। उन्होंने मुद्रास्फीति, मुद्रा के मूल्य में गिरावट और कथित आर्थिक अनिश्चितता पर भी चिंता जतायी और देश की वित्तीय स्थिति पर विस्तार से चर्चा करने के लिये संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की। मनसे प्रमुख ने सरकार पर आर्थिक अनुशासन को लेकर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया और पिछले नेतृत्व के उदाहरण देते हुये तर्क दिया कि जनता को मितव्ययिता की सलाह देने से पहले राजनीतिक नेताओं को अपने खर्च कम करने चाहिए। उन्होंने कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का भी जिक्र किया और कहा कि पिछली सरकारों के दौरान भी कच्चा तेल 90 से 100 अमेरिकी डॉलर के स्तर तक पहुंच गया था, लेकिन उनके अनुसार, तब वित्तीय बोझ जनता पर इस तरह नहीं डाला गया था। सरकार पर दोहरे मानदंड का आरोप लगाते हुए उन्होंने दावा किया कि जहां एक ओर रेवड़ी संस्कृति या लोकलुभावन कल्याणकारी राजनीति की सार्वजनिक रूप से आलोचना की जाती है, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक लाभ के लिये कल्याणकारी और चुनावी योजनाओं पर बड़े पैमाने पर खर्च किया जा रहा है।

# आर्थिक स्थिति का सच देशवासियों के सामने रखे मोदी सरकार : केजरीवाल

नयी दिल्ली, (वार्ता)


आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश की आर्थिक स्थिति का सच देशवासियों के सामने रखने का आग्रह किया । श्री केजरीवाल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ऱप्रधानमंत्री ने लोगों से विदेश न जाओ, विदेशी उत्पाद न खरीदो, सोना न खरीदो, पेट्रोल-डीलज की गाड़ी इस्तेमाल न करो, पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करो और वर्क फ्रॉम होम करो, जैसे 7 कठोर कदम उठाने की अपील की है। इससे साफ है कि देश की अर्थ व्यवस्था का बहुत बुरा हाल है और आने वाले दिनों में और भी बुरा हाल होने वाला है उन्होंने सवाल किया कि इन सभी कदमों से सिर्फ मिडिल क्लास ही प्रभावित हो रहा है और आखिर सारी कुर्बानी मिडिल क्लास ही क्यों दे। सरकार, पीएम, मंत्री, उद्योगपति और अफसर अपने खर्चों में कटौती क्यों नहीं कर सकते? हम देश के खातिर कुर्बानी देने के लिए तैयार हैं, लेकिन चुन कर सिर्फ मिडिल क्लास को टारगेट नहीं किया जाए और देश के साथ सारी जानकारी साझा की जाए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश बहुत आर्थिक संकट से गुजर रहा है। इस वजह से उन्होंने देश के लोगों से सात कठोर कदम उठाने की अपील की है जिसमें वर्क फ्रॉम होम, कम से कम सोना खरीदने, पेट्रोल



डीजल की बचत करने, ज्यादा से ज्यादा सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने, उर्वरक का कम से कम इस्तेमाल करने, प्राकृतिक कृषि करने, विदेशी उत्पाद कम से कम प्रयोग करने, विदेशी मुद्रा बचाने, खाने के तेल का भी कम से कम इस्तेमाल करने और विदेश यात्रा बंद करना शामिल है। उन्होंने कहा कि 1950 से अभी तक ऐसे कई समय आए, जब हमारा देश अलग-अलग संकटों से गुजरा। चीन, पाकिस्तान से युद्ध हुआ। हमारा देश आर्थिक मंदी से भी गुजरा। लेकिन इतने कठोर कदम आज तक कभी किसी प्रधानमंत्री ने देशवासियों को उठाने के लिए नहीं कहे। उन्होंने प्रधानमंत्री ने तीन गुजारिश करते हुए कहा कि अगर प्रधानमंत्री ने इतने कठोर कदम उठाने के लिए कहा है तो इसका मतलब देश की अर्थव्यवस्था का काफी बुरा हाल है। साथ ही आने वाले समय में अर्थ व्यवस्था का और भी बुरा हाल होने का अंदेशा है। लिहाजा, प्रधानमंत्री से देश यह जानना चाहता है कि अर्थ व्यवस्था के मामले में हम कहां खड़े हैं? सभी देशवासी देश भक्त हैं। कठोर से कठोर कदम भी उठाएंगे, अगर हमें देश के लिए कठिनाईयां बर्दाश्त करनी पड़ी, कुर्बानियां देनी पड़ी तो वह भी करेंगे, लेकिन देश को यह बात का पता तो चले कि यह कदम क्यों उठाए जा रहे हैं? देश को पता तो चले कि देश की अर्थ व्यवस्था आज कहां खड़ी है?

केवल आदेश दे देने भर से तो काम नहीं चलेगा। यह देश हम सब 140 करोड़ लोगों का है। आप नेता ने प्रधानमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था की वर्तमान स्थिति और आने वाले कुछ महीनों या एक साल में अर्थ व्यवस्था की क्या स्थिति होने का अंदेशा है, इसकी सारी जानकारी देश के लोगों के साथ साझा करें। अन्यथा देश के लोगों में शंका पैदा होती है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन




## अदिति शर्मा और हम्द खान की जोड़ी ने किया वीडियो एल्बम 'इश्क ज़ालिम हैं' का आगाज़

अदिति शर्मा और हम्द खान की जोड़ी ने अपने नए वीडियो एल्बम इश्क ज़ालिम है का आगाज़ किया है। बॉलीवुड गायक अंसारी मोहसिन द्वारा गाए, संगीतबद्ध और गीत लिखे गए इस वीडियो एल्बम का टीजर वीनस ओरिजिनल्स यूट्यूब पर आउट हो गया है। इस वीडियो एल्बम में पहली बार अभिनेत्री अदिति शर्मा और अभिनेता हम्द खान मुख्य भूमिका में हैं। वीडियो एल्बम का निर्देशन रिदम सनाढ्य ने किया है, जिन्होंने अपनी निर्देशन क्षमता से इस वीडियो एल्बम को और भी खास बना दिया है। सनाढ्य ने बताया की अदिति बहुत ही मंझी हुई कलाकार है, उनके साथ शूट करना काफी आसान रहा, उन्होंने इमोशनल सीन में जान डाल दी, और किरदार को बखूबी निभाया, अभिनेता हम्द भी काफी मेहंदी कलाकार है। फिल्म अभिनेत्री अदिति शर्मा ने बताया कि मैं लखनऊ, उत्तर प्रदेश की रहने वाली हूं।मैं कई फ़िल्मों में अभिनय कर चुकी हूं। मैंने जैसे मौसम, इक्कीस तोपों की सलामी, लेडिज वेर्सेज रिकी बहल, अंग्रेज, जोगिन्द्र सिंह, सूबेदार जैसी फिल्मों में काम किया है। मैंने अपने करियर की शुरुआत हिंदी फिल्म खन्ना वर्सेज अय्यर से की, इसके बाद मैं तेलुगु फिल्मों में भी काम कर रही हूं। इश्क ज़ालिम है वीडियो अल्बम में नृत्य कर के बहुत मज़ा आया आप लोग मेरा वीडियो जरूर देखे और अपना प्यार दे!

## एनटीआर के जन्मदिन पर रिलीज होगा 'एनटीआरनील' का पहला ग्लिम्प्स

अभिनेता एनटीआर के जन्मदिन के अवसर पर उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एनटीआरनील' का पहला ग्लिम्प्स 19 मई 2026 की आधी रात को जारी किया जाएगा। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच लंबे समय से उत्सुकता बनी हुई है। यह फिल्म इंडस्ट्री की दो बड़ी हस्तियों, अभिनेता एनटीआर और निर्देशक प्रशांत नील को पहली बार साथ ला रही है।



मेकर्स के अनुसार, 20 मई को जन्मदिन मना रहे एनटीआर के प्रशंसकों के लिए यह खास तोहफा होगा। फिल्म में अभिनेता एनटीआरआर नए अंदाज में नजर आएंगे, जिसे लेकर फैंस में काफी उत्साह है। घोषणा के बाद से ही 'एनटीआरनील' चर्चा में बनी हुई है और दर्शक फिल्म से जुड़ी हर जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। बड़े बजट और चर्चित कलाकारों के कारण यह फिल्म वर्ष की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल मानी जा रही है। प्रशांत नील के निर्देशन में बन रही एनटीआरनील में एनटीआर लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स के बैनर तले किया जा रहा है।



## सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल में फिल्म लालोः कृष्ण सदा सहायते की स्टारकास्ट आयेगी नजर

सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल दर्शकों के लिए एक खास और दिल छू लेने वाला एपिसोड लेकर आ रहा है, जिसमें ब्लॉकबस्टर गुजराती फिल्म लालो- कृष्ण सदा सहायते की स्टारकास्ट में नज़र आएगी। बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचते हुए और पहली गुजराती फिल्म बनते हुए जिसने वैश्विक स्तर पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया, लालो अब टेलीविज़न पर 17 मई दोपहर एक बजे सोनी मैक्स पर प्रीमियर होगी। यह फिल्म हिंदी और गुजराती दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगी। आने वाले स्पेशल एपिसोड्स में, पुष्पा (करुणा पांडे) की भावनात्मक यात्रा एक आध्यात्मिक मोड़ लेती है, जब उसे 'लालो' फिल्म के कृष्ण (श्रुहद गोस्वामी) और तुलसी (रीवा रच्छ) से अप्रत्याशित सुकून और मार्गदर्शन मिलता है। मदर्स डे पर, अकेली पुष्पा अपने बच्चों को याद करते हुए कृष्ण के घर रात बिताती है। वहाँ उसकी मुलाकात एक मासूम लड़के किसना से होती है, जो उसे मैयाँ कहकर पुकारता है, गरम काठियावाड़ी चाय परोसता है और अपनी बांसुरी की मधुर धुन और दिल छू लेने वाली बातों से उसके मातृत्व का सुख फिर से जगाता है। सुबह होते ही किसना रहस्यमय ढंग से गायब हो जाता है और मंदिर के उत्सव के दौरान पुष्पा को एहसास होता है कि वह वास्तव में भगवान कृष्ण थे, जो उसे दिलासा देने और यह याद दिलाने आए थे कि ईश्वरीय प्रेम कभी साथ नहीं छोड़ता। 'पुष्पा इम्पॉसिबल' और 'लालो' की दुनिया जब एक साथ आती है, तो दर्शकों को आस्था, भावनाओं और माँ-बच्चे के खूबसूरत रिश्ते पर आधारित एक दिल छू लेने वाली कहानी देखने को मिलेगी।

# मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य है रामायण

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

बाल्मीकि रामायण अनुपम मनोहारी महाकाव्य है।यह प्रभु राम के जीवन वृत्त सहित उनके सम्पूर्ण चरित्र चित्रण का सुंदर दस्तावेज है।श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम राम हैं।परिवार के ज्येष्ठ पुत्र हैं।भाइयों के प्रिय भ्राता हैं।मां बाप के आज्ञाकारी पुत्र हैं।साधु संतों के रखवाले हैं।राम धर्मपरायण श्रेष्ठ राजा हैं।जन जन के दिलों में निवास करने बाले नायक हैं।हमें रामायण को पढ़ना चाहिए और अपने जीवन में उतारना चाहिए उक्ताशय के विचार रामायण प्रवचनकर्ता पं.जगदीश दुबे ने बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर नरसिंहपुर में रामायण सत्संग प्रसंग में व्यक्त किये।साहित्यकार ओजस्वी कवि अशोक त्रिपाठी ने



रामायण के सृजन की कथा सुनाते हुए कहा कि तमसा नदी के तट पर क्रौंच पक्षी के जोड़े को प्रेममग्न देखकर शिकारी निषाद ने नर क्रौंच पक्षी को बाण से मार दिया।नर की मृत्यु से मादा क्रौंच बिलाप करने लगी।यह दारुण दृश्य देखकर बाल्मीकि जी का हृदय विदीर्ण हो गया।उन्होंने निषाद को श्राप दे दिया।रे शिकारी तुझे अब कभी भी सम्मान न मिले।बाल्मीकि जी की करुणा शोक में बदल गई और ये शोक श्लोक में बदल गया..मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगम शाश्वती समा।

यत्क्रौंच मिथुनादेकम् अवधीःकाम मोहितम् । महर्षि बाल्मीकि के मुखारविंद से निकली यह वाणी प्रथम कविता के रूप में जानी गई और इससे ही रामायण के सृजन को आधार मिला।ब्रम्हा जी के कहने पर बाल्मीकि जी ने रामायण की रचना की।रामायण में बालकाण्ड अयोध्या काण्ड अरण्य काण्ड किष्किन्धाकाण्ड सुंदर काण्ड लंका काण्ड और उत्तर काण्ड इस तरह सात कांड 500सर्ग (उपखंड) सहित चौबीस हजार श्लोक हैं।

रामायण से ही प्रेरित होकर तुलसीदास जी महाराज ने रामचरित मानस की रचना की।रामायण सत्संग में पं.यू एस उपाध्याय प्रेमशंकर राघव अरुण कुमार खरे गणेश कुमार चतुर्वेदी डा महेश त्रिपाठी मदन कुमार शर्मा धनपत तिवारी चन्द्र भान शर्मा अशोक वर्मा सोमनाथ पटेल बी एस मेहरा बबलू नेमा गोविंद नेमा कृष्ण कुमार शुक्ला उपस्थित थे।आभार प्रदर्शन पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी ने किया।

# मुंगवानी में किसी भी प्रकार के ड्रोन उड़ाने या उपयोग करने पर प्रतिबंध

## जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने जारी किए आदेश

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 मई को नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना कार्यक्रम अंतर्गत हितग्राहियों को हितलाभ एवं विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने उक्त कार्यक्रम में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए तथा वर्तमान में ड्रोन के अनाधिकृत उपयोग से सुरक्षा में खतरे को देखते हुए तहसील नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत मुंगवानी एवं उसके आसपास 2 किमी की परिधि में किसी भी प्रकार के ड्रोन और को उड़ाने/ उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंगवानी एवं उसके आसपास 2 किमी की परिधि तक सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक ड्रोन, मानव रहित हवाई वाहन, मानव रहित हवाई प्रणाली, रिमोट संचालित एयरक्राफ्ट प्रणाली तथा रिमोट संचालित एयरक्राफ्ट उड़ाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है।

उक्त आयोजन में जिन ड्रोन धारकों को कार्यक्रम की फोटोग्राफी/ वीडियोग्राफी के लिए अधिकृत किया गया है, वे प्रोटोकाल अनुसार कार्य कर सकते हैं। जारी आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत दंडनीय होगा।

## प्री-मैट्रिक/ पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के नवीनीकरण आवेदन के लिए 15 मई से पोर्टल प्रारंभ

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग नरसिंहपुर ने बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए वर्ष 2026-27 प्री-मैट्रिक/ पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के नवीन/ नवीनीकरण के लिए 15 मई 2026 से पोर्टल प्रारंभ किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नवीन/नवीनीकरण के लिए स्क्क्ष्स्ट क्शह्ह्लुड्ढ एवं प्री-मैट्रिक/ पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के नवीनीकरण आवेदन के लिए एनआईसी 2.0 पोर्टल 15 मई 2026 से प्रारंभ किए जा रहे हैं। समस्त शासकीय/ अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत पात्र छात्र-छात्राएं एनराईड मोबाइल या कियोस्क केन्द्र के माध्यम से अपना छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## ओंकार प्रसाद साहू की पुण्यतिथि पर साहू परिवार द्वारा खिचड़ी का वितरण

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

गाडरवारा के प्रतिष्ठित साहू परिवार द्वारा स्व.श्री ओंकार प्रसाद साहू जी की 17 वीं पुण्यतिथि पर मानव सेवा संघ के माध्यम से शासकीय अस्पताल गाडरवारा में खिचड़ी एवं फल,बिस्किट, ठंडा का वितरण किया जाएगा। पुत्र नीलेश साहू द्वारा बताया गया। कि हमारा परिवार हमेशा से मानव सेवा एवं समाज सेवा में आगे रहता है। हमारे परिवार के वरिष्ठ एवं पूजनीय पिता जी की 17 वीं पुण्यतिथि पर आज हमारे परिवार द्वारा मानव सेवा संघ के माध्यम से शासकीय अस्पताल गाडरवारा में यह पुनीत कार्य करने का अवसर मिला। आज सभी परिवार जनों मित्रों एवं रोटरी क्लब सदस्यों,सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति में खिचड़ी वितरण करके एक विशेष सुख की अनुभूति प्राप्त हुई है। आज के खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में साहू समाज के जिला महासचिव श्री नीलेश साहू,समाज की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा साहू,श्रीमती पुष्पा साहू,सचिव श्रीमती रितु साहू,प्रीति साहू,मंजू साहू, प्रिया साहू,साहू समाज युवा अध्यक्ष आशीष साहू,पवन साहू,सौरभ साहू प्रतीक साहू,रोशन साहू मनीषसाहू,दीपक साहू,अमन साहू,सचिन जैन,हर्षित साहू,पीयूष नायक,बृजेश साहू,नीलेश साहू वारदाना वाले,ललित साहू,पूरा साहू परिवार एवं समाज के सदस्य व मानव सेवा संघ से श्री अशोक मौलासरिया,हरीश स्थापक,ओमकार चौरसिया,रोटरी क्लब से रमाकांत गुप्ता,अरुण तिवारी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत नरसिंहपुर आएंगे

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग और जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत मंगलवार 12 मई 2026 को सायं 07:30 बजे सागर से प्रस्थान कर रात्रि 10:30 बजे नरसिंहपुर आएंगे और रात्रि विश्राम करेंगे।

## सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का गठन

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिला समिति सेवा निवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ मध्य प्रदेश नरसिंहपुर के निर्वाचन में इंजीनियर लखनलाल सोनी जिलाध्यक्ष, इंजी. एन.के.तिवारी जिला सचिव, इंजी.ए.डी.शर्मा जिला कोषाध्यक्ष,निर्वाचित हुए द्य तत्पश्चात संघ के नियमों के अनुसार सर्व सम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है द्य जिसमें इंजी. के.के.मिश्रा संरक्षक ,इंजी.अशोक पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इंजी.आर.पी.डेहरिया उपाध्यक्ष, इंजी.एस.एन.चौधरी उपाध्यक्ष,इंजी.अशोक सोनी सह सचिव, इंजी.एस.के.सोनी संघठन मंत्री ,इंजी.जी.पी. अठ्या प्रचार मंत्री, उच्चाधिकार समिति के सभी सदस्य गण इंजी.आ.एस.शुक्ल ,इंजी.यू.एम.मंसूरी, इंजी.आर.बी.तखरया,इंजी.विष्णु रावत, इंजी. एम.आर.खान,एवं कार्यकारिणी सदस्य गण इंजी. अजय पांडे, इंजी.डी.एस. राजपूत,इंजी.ए.पी.तिवारी,इंजी. भोला नेमा सभी उपरोक्त सम्मानीय इंजीनियर्स सदस्यों को लिया गया।

# मुख्यमंत्री आज मुंगवानी में लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित कर विभिन्न निर्माण कार्यों का करेंगे भूमिपूजन और लोकार्पण

## कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 मई मंगलवार को दोपहर 12:35 बजे भोपाल से हैलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 01:30 बजे हैलीपेड मुंगवानी जिला नरसिंहपुर आगमन कर स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। आप दोपहर 03:20 बजे हैलीपेड मुंगवानी जिला नरसिंहपुर से जिला अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 13 मई को नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को लाभांवित करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न निर्माण कार्यों का



भूमिपूजन और लोकार्पण भी होगा। जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री जी के आगमन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम में आने वाले हितग्राहियों के लिए वाहन व्यवस्था, भोजन, पेयजल, चिकित्सा सुविधा सहित विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने मंगलवार को ग्राम मुंगवानी में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री महेन्द्र नागेश, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कार्यक्रम स्थल में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान कार्यक्रम स्थल में हितग्राहियों, मीडिया, जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों के लिए समुचित बैठक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वाहन पार्किंग स्थल, चिकित्सा दल, प्रदर्शनी स्थल, फायर बिग्रेड, पेयजल प्रबंध, शौचालय की व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम की तैयारियां और कार्यक्रम का संचालन सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह इस दौरान पौधरोपण स्थल और हैलीपेड स्थल का भी निरीक्षण किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 मई को ग्राम मुंगवानी आएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 मई दिन मंगलवार को दोपहर 12:35 बजे भोपाल से हैलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 01:30 बजे हैलीपेड मुंगवानी जिला नरसिंहपुर आगमन कर स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। आप दोपहर 03:20 बजे हैलीपेड मुंगवानी जिला नरसिंहपुर से जिला अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जिले में समर्थन मूल्य पर 18 हजार 649 किसानों से 11 लाख 44 हजार 730 क्विंटल गेहूं की खरीदी

## 10 हजार 935 किसानों के बैंक खातों में 133 करोड़ रुपये का ऑनलाइन भुगतान हुआ

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में समर्थन मूल्य पर 18 हजार 649 किसानों से 11 लाख 44 हजार 730 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही 10 हजार 935 किसानों के बैंक खातों में 133 करोड़ रुपये का ऑनलाइन भुगतान किया जा चुका है। शेष किसानों को भुगतान की कार्यवाही निरंतर जारी है। जिले में अब तक 30 हजार 260 किसानों के द्वारा गेहूं विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है, जो 78 प्रतिशत है। शासन से गेहूं खरीदी का प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध लगभग 90 प्रतिशत मात्रा की खरीदी पूर्ण की जा चुकी है। जिले के विभिन्न खरीदी केन्द्रों में किसानों के द्वारा बुकिंग कराए गए स्लॉटों में गेहूं की खरीदी निरंतर जारी है। किसानों की स्लॉट बुकिंग संख्या अनुसार जिले में गेहूं खरीदी के अनुमानित मात्रा लगभग 18 लाख क्विंटल के लिए आवश्यक बारदानों की मांग वरिष्ठ स्तर पर की गई है, जिसके अनुक्रम में जिले को निरंतर बारदानें प्राप्त हो रहे हैं। जिन किसानों के स्लॉट बुकिंग होना शेष है, उस संबंध में ई-उपार्जन पोर्टल में स्लॉट बुकिंग की क्षमता बढ़ाने के लिए शासन को पत्र भी प्रेषित किए जा चुके हैं, जो शासन स्तर से कार्यवाही जारी है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि खरीदी केन्द्रों में किसानों से गेहूं की अत्याधिक आवक को ध्यान में रखते हुए भीड़ वाले खरीदी केन्द्रों से अन्य नजदीकी खरीदी केन्द्रों में किसानों की स्लॉट शिफ्टिंग की कार्यवाही की जा रही है। जिले में अब तक 270 किसानों के स्लॉट शिफ्ट दूसरे नजदीकी खरीदी केन्द्रों में किए गए हैं, जिससे सहूलियत से किसानों की खरीदी पूर्ण की जा सके। साथ ही जिन किसानों के स्लॉट की अंतिम तिथि तक खरीदी से स्लॉट बुकिंग की अंतिम तारीख में ऑनलाइन किसान तौल पर्ची जारी कराई जाकर आगामी 3 दिवस खरीदी की तिथि में वृद्धि कर गेहूं की खरीदी कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त जिन स्लॉटों की तिथि 26 अप्रैल 2026 से 4 मई 2026 की अवधि में निकल गई है और किसानों की तौल नहीं हो पाई है, ऐसे किसानों की तौल के लिए तिथि में वृद्धि करने की कार्यवाही जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय नरसिंहपुर से की जा रही है। अब तक 315 किसानों की खरीदी के लिए तिथि में वृद्धि की गई है और किसानों से खरीदी का कार्य कराया गया है। प्रत्येक खरीदी केन्द्रों में कर्मचारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त कर उनकी ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही उपार्जन कार्य में नियंत्रण रखने के लिए खाद्य, कृषि, सहकारिता एवं अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन खरीदी केन्द्रों का निरंतर निरीक्षण एवं जांच की जा रही है। जिन खरीदी केन्द्रों द्वारा उपार्जन कार्य में अनियमितताएं बरती जा रही हैं, ऐसे खरीदी केन्द्रों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही भी की जा रही है। जिले में अब तक 4 खरीदी केन्द्रों को निरस्त किया गया है और 10 खरीदी केन्द्रों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर संबंधित खरीदी केन्द्र के कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है। उन्होंने सभी किसानों से अपील की है कि वे स्लॉट बुकिंग तिथि अनुसार खरीदी केन्द्रों में गेहूं विक्रय के लिए उपज लेकर पहुंचे। किन्ही कारणों से स्लॉट बुकिंग तिथि में खरीदी नहीं हो पा रही है, तो स्लॉट की अंतिम तारीख में खरीदी केन्द्र से ऑनलाइन किसान तौल पर्ची अनिवार्य रूप से जारी करा लिया जाए।

# तेंदूपत्ता संग्राहक पर वन्य प्राणी भालू ने किया हमला

कटंगी(स्वतंत्र मत)।

मंगलवार की सुबह तिरोड़ी तहसील के अंबेझरी के कक्ष क्रमांक 569 में तेंदूपत्ता संग्राहक पर वन्य प्राणी भालू ने अचानक हमला कर घायल कर दिया। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। वन विभाग के अनुसार घायल व्यक्ति का नाम बीरसिंह पिता अर्जुन कोकोड़े उम्र 31 वर्ष है, जो रोड़ाना की तरह मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 7 बजे जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गया था। बीरसिंह जंगल में पत्ते तोड़ रहा था, तभी झाड़ियों से निकलकर एक भालू ने उन पर अचानक से हमला कर दिया। भालू के हमले से संग्राहक गंभीर रूप से घायल हो गया। जंगल में मौजूद अन्य संग्राहकों ने शोर मचाकर भालू को भगाया और हमले में घायल बीरसिंह को सुरक्षित जंगल से बाहर निकाला। घायल बीरसिंह



को तुरंत ग्रामीणों की मदद से कटंगी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार दिया। लेकिन चोटें गंभीर होने के कारण घायल को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया है।

इस घटना के बाद अंबेझरी गांव के ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। दरअसल, अंबेझरी गांव में कुछ महीने पहले ही वन्य प्राणी बाघ की चहलकदमी थी। इस गांव का एक किसान बाघ के हमले का शिकार हुआ था। जिसके बाद घायल शख्स की मौत हो गई थी।

इस घटना के बाद ग्रामीणों ने अंबेझरी गांव में जमकर विरोध जताया था। वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों से मारपीट तक हुई थी। अभी बाघ का आंतक थमा हुआ है किंतु तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के बीच भालू के हमले की घटना ने ग्रामीणों को दहशत में डाल दिया है।

## आहार अनुदान योजना के हितग्राहियों को माह अप्रैल और मई की अनुदान राशि प्रदाय की गई

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** प्रदेश सरकार द्वारा बालाघाट जिले में निवास करने वाले विशेष पिछडी जनजाति बैगा के परिवार की मुखिया महिला को हर माह 1500 रुपए की राशि आहार अनुदान के रूप में प्रदान की जा रही है। जिससे उनका पोषण स्तर सुधर सके। इस योजना के अंतर्गत हितग्राही महिलाओं के खाते में माह अप्रैल एवं मई 2026 की अनुदान राशि जमा करा दी गई है। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर पात्र बैगा महिलाओं को इस योजना का लाभ दिलाने के लिए घर-घर जाकर सर्वे का कार्य किया जा रहा है।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि आहार अनुदान योजना के अंतर्गत माह अप्रैल की राशि के रूप में 5821 बैगा जनजाति की महिलाओं के खाते में 87 लाख 31 हजार 500 रुपए की राशि जमा करायी गई है। इसी प्रकार माह मई की राशि के रूप में 5824 बैगा महिलाओं के खाते में 87 लाख 36 हजार रुपए की राशि जमा करायी गई है। बैगा जनजाति की महिला इस राशि का उपयोग अपने भोजन एवं पोषण स्तर को बेहतर बनाने के लिए कर रही है।

इस योजना के अंतर्गत पात्रता रखने वाली कोई भी बैगा महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे, इसके लिए जिले की बैगा बसाहट क्षेत्रो में घर घर जाकर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। सर्वे के दौरान जो महिला पात्र पायी जा रही है उनके दस्तावेज तैयार कर अनुदान राशि के प्रकरण बनाये जा रहे है। जो बैगा परिवार सर्वे में छूट गए है उनका सत्यापन मौक स्थल पर ही किया जा रहा है। सहायक आयुक्त श्रीमती डामोर ने बताया कि बालाघाट जिले में बैगा जनजाति की 260 बसाहटे है।

# वन स्टॉप सेंटर की पहल से दो परिवारों को मिला नया सहारा

## संवेदनशील परामर्श और त्वरित सहायता से परिवारों का हुआ पुनर्मिलन

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर बैहर एवं वन स्टॉप सेंटर बालाघाट पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों को सुरक्षा, परामर्श और पुनर्वास उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार सराहनीय कार्य कर रहे हैं। हाल ही में सेंटर की संवेदनशीलता एवं तत्परता से दो परिवारों को पुनः एकजुट करने में सफलता मिली, जो समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है।

पहला मामला पश्चिम बंगाल निवासी वृद्ध महिला मानसी देवी (परिवर्तित नाम) से जुड़ा है। मानसिक तनाव के चलते वह अपनी बेटी एवं दामाद के घर जाते समय रास्ता भटक गईं और भटकते हुए बैहर क्षेत्र तक पहुंच गईं। क्षेत्रवासियों ने महिला को असहाय अवस्था में घूमते देखा और तत्काल 181 हेल्पलाइन पर सूचना दी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस द्वारा महिला को सुरक्षित रूप से वन स्टॉप सेंटर बैहर पहुंचाया गया, जहां उन्हें भोजन, स्वास्थ्य सहायता, अस्थायी आश्रय एवं मनोसामाजिक परामर्श उपलब्ध कराया गया। महिला केवल बंगाली भाषा जानती थीं, जिससे उनकी पहचान और परिजनों तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण था। इसके बावजूद



सेंटर की टीम ने गूगल ट्रांसलेट के माध्यम से संवाद स्थापित किया और प्राप्त जानकारी के आधार पर पश्चिम बंगाल के संबंधित थाने से संपर्क कर परिजनों तक सूचना पहुंचाई।

सूचना मिलते ही महिला का बेटा वन स्टॉप सेंटर बैहर पहुंचा, जहां मां-बेटे का भावुक मिलन हुआ। यह पूरा घटनाक्रम वन स्टॉप सेंटर की संवेदनशील एवं मानवीय कार्यप्रणाली का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया। दूसरा मामला अनुष्का (परिवर्तित नाम) से संबंधित है, जो देर रात एक सार्वजनिक पार्क में भयभीत एवं असहज अवस्था में भटकती हुई मिली। पार्क कर्मचारियों ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल वन स्टॉप सेंटर को सूचना दी। सूचना प्राप्त होते ही टीम ने तत्परता दिखाते हुए अनुष्का को सुरक्षित संरक्षण में लिया तथा सेंटर में अस्थायी आश्रय, चिकित्सा सहायता एवं मनोसामाजिक परामर्श उपलब्ध कराया।

काउंसलिंग के दौरान सामने आया कि परिवार में मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके कारण तनाव में आकर वह घर छोड़कर निकल गई थी।

आगे की चर्चा में यह भी पता चला कि अनुष्का मिर्गी (एपिलेप्सी) जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है और नियमित उपचार के अभाव में उसकी मानसिक स्थिति प्रभावित हो रही थी।

वन स्टॉप सेंटर द्वारा अनुष्का के माता-पिता से संपर्क स्थापित कर संयुक्त काउंसलिंग की गई। काउंसलर ने परिवार को मानसिक स्वास्थ्य, बीमारी की गंभीरता एवं संवेदनशील व्यवहार के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। परामर्श के बाद माता-पिता ने बेहतर देखभाल एवं नियमित उपचार का आश्वासन दिया। वर्तमान में अनुष्का अपने परिवार के साथ सुरक्षित एवं खुशहाल जीवन व्यतीत कर रही है।

वन स्टॉप सेंटर की इन दोनों सफल पहलों ने यह साबित किया है कि समय पर सहायता, संवेदनशील परामर्श और निरंतर प्रयासों से न केवल संकटग्रस्त व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान की जा सकती है, बल्कि टूटते परिवारों को भी दोबारा जोड़ा जा सकता है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान बना जनआंदोलन

## कटनी में जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने उठे हजारों हाथ

### संवर रहे तालाब, लौट रही रौनक, खेतों तक पहुंच रही उम्मीद की नमी

### 3 हजार से अधिक कार्य पूर्ण, गांव-गांव में सहेजा जा रहा जल

कटनी (स्वतंत्र मत)।

कभी सूख चुके तालाबों की तलहटी अब फिर से संवारी जा रही है। गांवों के पुराने कुएं और बावड़ियां नई पहचान पा रहे हैं। खेतों में बन रहे तालाब किसानों के चेहरे पर उम्मीद की चमक लौटा रहे हैं। जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 अब केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप तथा कले?टर आशीष तिवारी के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के माध्यम से जिले में जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन के लिए अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं।

30 जून तक चलने वाले इस अभियान में प्रशासन, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन और विभिन्न विभाग मिलकर जल बचाने की साझा मुहिम को आगे बढ़ा रहे हैं। जिले के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों तालाबों का



गहरीकरण, कुओं का पुनर्जीवन, खेत तालाब निर्माण, कूप पुनर्भरण और वाटरशेड विकास जैसे कार्य तेजी से जारी हैं।

वर्षों से उपेक्षित पड़ी जल संरचनाएं अब फिर से जीवनदायिनी बनने की ओर अग्रसर हैं। जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, अतिक्रमण हटाने और वृक्षारोपण जैसे प्रयास पर्यावरण संरक्षण को भी नई मजबूती दे रहे हैं। अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। इसके साथ राजस्व, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन, कृषि, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित कुल 14 विभाग समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर समय-सीमा बैठकों में अभियान की नियमित समीक्षा करते हैं। यही कारण है कि अभियान के बेहतर परिणाम तेजी से सामने आ रहे हैं। जिले में कुल 4 हजार 146 कार्यों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिनमें से अब तक 3 हजार 12 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। यह कुल लक्ष्य का लगभग 72.65 प्रतिशत है। पूर्ण हुए कार्यों में 1 अमृत सरोवर, 1271 कूप पुनर्भरण (डगवेल रिचार्ज), 1004 खेत तालाब, 208 सिंचाई अधोसंरचना, 53 जल संरचनाओं का रखरखाव, 235 जल संरक्षण एवं 240 वाटरशेड विकास कार्य शामिल हैं। अभियान का प्रभाव अब ग्रामीण जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है।

खेत तालाबों और जल संरचनाओं के निर्माण से किसानों को सिंचाई के बेहतर साधन उपलब्ध होने की उम्मीद जगी है। वहीं भू-जल स्तर में सुधार और वर्षा जल संरक्षण की दिशा में भी यह अभियान महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। अभियान के तहत म.प्र. जन अभियान परिषद का कार्य भी सराहनीय है। परिषद के सहयोग एवं मार्गदर्शन से ग्रामीण श्रमदान के माध्यम से नदी एवं तालाबों की नियमित साफ-सफाई कर रहें हैं। साथ ही परिषद द्वारा चौपाल आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है और जल संरक्षण की शपथ दिलाई जा रही है। प्रशासन का मानना है कि यदि इसी तरह जनभागीदारी बनी रही, तो आने वाले वर्षों में कटनी जिला जल संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश के लिए एक मॉडल के रूप में स्थापित हो सकता है। जल है तो कल है की सोच को साकार करता जल गंगा संवर्धन अभियान जिले में प्रकृति और भविष्य दोनों को संवारने की दिशा में मजबूत कदम साबित हो रहा है।

# जनसुनवाई में एसपी ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

कटनी (स्वतंत्र मत)।



मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई के तहत मंगलवार 12 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कटनी स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा ने आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया, डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा, एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी तथा डीएसपी अजाक शिवा पाठक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों में पारिवारिक विवाद, आपसी विवाद, पैसों के लेन-देन के मामले, पुलिस द्वारा सुनवाई न होने की शिकायतें, भूमि एवं प्लॉट संबंधी धोखाधड़ी, महिला अपराध तथा अन्य पुलिस संबंधी समस्याएं प्रमुख रहीं। साइबर अपराध से संबंधित शिकायतें प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों को शासन की गाइडलाइन का पालन करने एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी तथा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश साइबर सेल को दिए।

अन्य विभागों से संबंधित मामलों में आवेदकों को संबंधित विभाग से संपर्क करने की समझाइश भी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि कटनी पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और प्रत्येक शिकायत पर निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने आवेदकों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुनकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की।

# अचीवर्स कोचिंग क्लासेस ने मेधावी छात्रों का किया सम्मान

कटनी (स्वतंत्र मत)।

अचीवर्स कोचिंग क्लासेस द्वारा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों के लिए प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है, लेकिन पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य रचनात्मक गतिविधियां भी उतनी ही आवश्यक हैं। उन्होंने बच्चों को मोबाइल फोन एवं तकनीक का सकारात्मक उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी सही दिशा में तकनीक का उपयोग करें तो वह उनके भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध हो सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के



लिए प्रेरित किया तथा कहा कि सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से प्रयास करना आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों ने उनके प्रेरणादायक उद्बोधन को सराहा। अचीवर्स कोचिंग क्लासेस के संचालक एवं शिक्षकों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना ही नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना भी है। कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री का बड़ा विजन, कटनी बनेगा देश का माइनिंग कैपिटल

### खनिज आधारित उद्योगों, निवेश और रोजगार के नए युग की शुरुआत

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और फेसबुक पर कटनी जिले की समृद्ध खनिज संपदा और तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण पोस्ट साझा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में कटनी देश के प्रमुख माइनिंग कैपिटल के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि कटनी अब केवल चूना नगरी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आधुनिक खनन प्रबंधन, औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन और आर्थिक विकास का राष्ट्रीय मॉडल बनेगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार खनिज संपदा के वैज्ञानिक, पारदर्शी और जनहितकारी उपयोग के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

**माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 से खुला निवेश का नया द्वार** – मुख्यमंत्री ने अगस्त 2025 में आयोजित माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 का उल्लेख करते हुए बताया कि कटनी में 56 हजार 414 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। कॉन्क्लेव में देश की बड़ी औद्योगिक कंपनियों ने सीमेंट, मिनरल प्रोसेसिंग, ऊर्जा, धातु प्रसंस्करण और निर्माण क्षेत्र में निवेश की रुचि दिखाई। इन निवेश प्रस्तावों से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है, जिससे कटनी औद्योगिक विकास के नए केंद्र के रूप में उभरेगा।

**स्वर्ण नगरी के रूप में विकसित होगा कटनी** – मुख्यमंत्री ने कटनी को कनकपुरी अर्थात स्वर्ण नगरी के रूप में विकसित करने की परिकल्पना को विशेष महत्व दिया। उन्होंने कहा कि कटनी की धरती केवल खनिज संपदा का भंडार नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश की औद्योगिक शक्ति का नया आधार बन रही है। कटनी जिले की स्लीमनाबाद तहसील के इमलिया गांव, जिसे स्थानीय स्तर पर सुनाही भी कहा जाता है, में लगभग 3.35 लाख टन स्वर्ण अयस्क मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। लगभग 50 वर्षों तक चले भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण और अनुसंधान के बाद वर्ष 2025-26 में इस खोज को अंतिम रूप दिया गया। विशेषज्ञों के अनुसार इमलिया क्षेत्र में केवल सोना ही नहीं, बल्कि तांबा, जिंक, लेड और चांदी जैसे बहुमूल्य खनिजों के विशाल भंडार भी पाए गए हैं। यह खोज कटनी को देश के प्रमुख बहु-खनिज क्षेत्रों में स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक मानी जा रही है।

**121 करोड़ की बोली, 50 वर्षों की खनन लीज** – मुंबई की प्रॉस्पेक्ट रिसोर्स मिनरल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने 121 करोड़ रुपये से अधिक की बोली लगाकर 50 वर्षों के लिए खनन लीज प्राप्त की है। लगभग 6.5 हेक्टेयर क्षेत्र में खनन गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इससे क्षेत्र में औद्योगिक निवेश, आर्थिक गतिविधियां और रोजगार के अवसरों में तेजी से वृद्धि होने की संभावना है।

**तकनीक और सुशासन से बढ़ा खनिज राजस्व** – कटनी जिला प्रशासन की तकनीक आधारित निगरानी और बेहतर खनन प्रबंधन के चलते जिले के खनिज राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जहां पहले औसत वार्षिक खनिज आय लगभग 100 करोड़ रुपये थी, वहीं अब यह बढ़कर 160 करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। बड़वारा रोड पर स्थापित ई-चेक गेट और माइनिंग सर्विलांस सिस्टम के माध्यम से अवैध उत्खनन और खनिज परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है।

# 1 जुलाई से मध्यप्रदेश में लागू होगा विकसित भारत अधिनियम जी राम जी

### अब साल भर में मिलेगा 125 दिन का रोजगार

### ग्रामीण आजीविका एवं अधोसंरचनात्म क विकास को मिलेगी गति

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश में एक जुलाई 2026 से विकसित भारत जी राम जी अधिनियम पूरी तरह से लागू हो जाएगा। अधिनियम के लागू होने से अब वर्ष भर में 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इससे न सिर्फ ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अधोसंरचनात्मक विकास को भी गति मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका एवं अधोसंरचनात्मक विकास के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम-जी) अधिनियम-2025 को हाल ही अधिसूचित किया गया है। यह अधिनियम प्रदेश में एक जुलाई 2026 से लागू हो जाएगा। प्रदेश में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम लागू होने के साथ मनरेगा अधिनियम स्वतरू ही निरस्त हो जाएगा। विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम ग्रामीण विकास के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन है जो विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक समेकित रूप में भविष्य उन्मुख एवं उत्पादकता आधारित ग्रामीण विकास में ढांचागत परिवर्तन कर एक नए युग की शुरुआत करता है। अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्य जो अकुशल कार्य करने के इच्छुक हैं उनके लिए एक वित्तीय वर्ष में 125 दिन के रोजगार का प्रावधान किया गया है। इससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि के साथ आजीविका की सुरक्षा को मजबूती प्राप्त होगी। अधिनियम के प्रावधानों में श्रमिकों द्वारा कार्य की मांग करने पर उसे समय सीमा में कार्य उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है, अन्यथा उसे श्रमिक बेरोजगारी भत्ता पाने का हक होगा। अधिनियम के तहत कार्य करने वाले श्रमिकों को समय सीमा में प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली (डायरे?ट बेनीफिट ट्रान्सफर-डीबीटी) के माध्यम से उनके बैंक अथवा डाकघर खातों में भुगतान किया जाना अनिवार्य किया गया है। अन्यथा वह श्रमिक विलम्बित क्षतिपूर्ति पाने का पात्र होगा। अधिनियम में विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक व पीएम गति शक्ति के एकीकरण सहित शुरू किए जाने वाले कार्यों में जल-संबंधी कार्यों के माध्यम से जल सुरक्षा, ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत अवसंरचना, आजीविका-संबंधी अवसंरचना तथा प्रतिकूल मौसमीय घटनाओं के शमन के लिये कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। वीबी जी राम जी अधिनियम में बुवाई और कटाई के पीक सीजन में कृषि श्रमिकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक वित्तीय वर्ष में 60 दिनों की अवधि विराम अवधि के रूप में रहेगी, जिससे कृषि कार्य के लिये श्रमिकों की उपलब्धता रहे। यह अधिनियम प्रभावी क्रियान्वयन, जवाबदेही और पारदर्शिता के लिये डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना रियल टाइम निगरानी और उन्नत पारदर्शिता तन्त्र के माध्यम से मजबूती प्रदान करता है। इस प्रणाली में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, मोबाइल आधारित निगरानी, रियल टाइम डेशबोर्ड, एआई तकनीकी का प्रयोग किया जाना है, जिससे पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन, निगरानी, समयबद्ध रिपोर्टिंग और सुधारात्मक कार्यवाही की जा सकेगी। अधिनियम में कार्ययोजना विकसित ग्राम पंचायत प्लान के माध्यम से ग्राम पंचायतों द्वारा तैयार की जाएंगी, जिसमें पंचायतों की भौगोलिक स्थिति एवं विकास स्तर के अनुसार आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाएगा। क्रियान्वयन में ग्राम पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वह श्रमिकों का पंजीकरण करने, ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी करने के लिए उत्तरदायी होगी। ग्राम सभा नियमित सामाजिक अंकेक्षण भी करेगी। मध्यवर्ती पंचायतें, ब्लॉक-स्तरीय आयोजना, प्रस्तावों के समेकन एवं अभिसरण के सुगमीकरण पर ध्यान केंद्रित करेंगी। जिला पंचायतें, एक समर्पित संचालन समिति के माध्यम से समग्र पर्यवेक्षण एवं निगरानी की जिम्मेदारी निभाएंगी।



# कलेक्टर जनसुनवाई में सुन रहे लोगों की समस्याएं

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर आशीष तिवारी कलेट्रेट में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के निर्देश दे रहे हैं। कलेक्टर अब तक 51 आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को सुन कर निराकरण के निर्देश दे चुके हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उइके, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद हैं।

# ग्राम चरगवा के बच्चों ने खाली बैग सौंपकर पूछा- सर, हमें स्कूल कब मिलेगा





कटनी (स्वतंत्रमत)।

कटनी जिले की जनसुनवाई में एक भावुक एवं मार्मिक दृश्य देखने को मिला, जब ग्राम चरगवा, थाना स्लीमनाबाद के स्कूली बच्चे अपने अभिभावकों एवं ग्रामीणों के साथ अतिरिक्त कलेक्टर के समक्ष पहुंचे। बच्चों ने शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अपने खाली स्कूल बैग प्रशासन को सौंपे और मासूम आवाज़ में सवाल किया- सर, हमें हमारा स्कूल कब मिलेगा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम चरगवा एक बड़ा एवं महत्वपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र है, जिससे पाली, पुरा, पहरुआ, सल्हना सहित आसपास के कई गांव जुड़े हुए हैं। वर्तमान में गांव में केवल माध्यमिक स्तर तक शिक्षा की व्यवस्था है, जबकि कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों को लगभग 8 किलोमीटर दूर घुघर, देवरी एवं कोडियां जाना पड़ता है। परिवहन सुविधा के अभाव, आर्थिक कठिनाइयों एवं सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा प्रभावित हो रही है। कई छात्र-छात्राएं दूरी एवं संसाधनों की कमी के कारण बीच में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। ज्ञापन में ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों ने मांग की कि ग्राम चरगवा में तत्काल शासकीय हाई स्कूल स्वीकृत कर आगामी शैक्षणिक सत्र से कक्षा 9वीं एवं 10वीं की पढ़ाई प्रारंभ कराई जाए। साथ ही विद्यालय हेतु भवन, शिक्षकों, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। ग्रामीणों ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का संवैधानिक अधिकार है तथा शासन को ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। जनसुनवाई में पहुंचे बच्चों के खाली बैग और उनके मासूम सवाल ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि शासन एवं प्रशासन इस जनहितकारी मांग पर संवेदनशीलता के साथ शीघ्र कार्यवाही करेगा, ताकि क्षेत्र के हजारों बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके। ज्ञापन के दौरान एड. अनिल सिंह सेंगर, सुशील सिंह, धर्मेंद्र सिंह राणा, धर्मेंद्र सिंह, अर्जुन कुशवाहा, हगाड़िया चौधरी, सुखदेव यादव, सुमत सिंह, रवि पाल, हरकेश पाल, अजय चौधरी, संदीप चौधरी, रवि चौधरी, कल्लू यादव, जयकुमार कोल, जित्तु कोल, बबलू यादव, बहादुर सिंह, साहू, अज्जू कुशवाह, भूरा महरा सहित सेकड़ो ग्रामीणजन, छात्र पालक सहित उपस्थित रहे।

# पंजीकृत श्रमिकों के लिए संजीवनी बनीं शासकीय योजनाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की गारंटी

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** पंजीकृत निर्माण श्रमिकों और उनके परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा व्यापक कल्याणकारी कदम उठाए जा रहे हैं। श्रम विभाग और विभिन्न बोर्ड्स के माध्यम से अब श्रमिकों को जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक हर कदम पर आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। इनमें प्रसूति सहायता 16 हजार रुपए, बेटियों के विवाह के लिये अनुदान 49 हजार रूपये और 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क चिकित्सा लाभ आयुष्मान भारत शामिल है। इसके अतिरिक्त श्रमिकों के बच्चों को वैश्विक स्तर की शिक्षा देने के लिए विदेश अध्ययन योजना के तहत 40 हजार डॉलर तक की सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही अधिकतम 10 हजार यू.एस. डॉलर प्रतिवर्ष बतौर वार्षिक निर्वाह भत्ता भी प्रदान किया जाता है। राज्य एवं संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 50 हजार रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। श्रमिकों के आवास निर्माण के लिए एक लाख रूपये तक, ई-स्कूटर खरीदी के लिए 40 हजार रूपये तक और औजार अनुदान भी सीधे उनके बैंक खातों (डीबीटी) में भेजा जा रहा है। पात्र श्रमिक निर्धारित समय-सीमा के भीतर श्रम सेवा पोर्टल या लोक सेवा केंद्र के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

सुरक्षा और संपूर्ण गारंटी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी इन योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए शासन द्वारा श्री अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष जनसंपर्क और आउटरीच अभियान के माध्यम से ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर जागरूकता फैलाई जा रही है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/47 / ज. प्र. वि. / 2026-27 कटनी, दिनांक 5 /5/2026

### द्वितीय अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नांकित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। समस्त शर्ते व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा https://mptenders.gov.in में देखी जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026 _UAD_ 505787_1 | CONSTRUCTION OF WATER RECHARGE PIT FOR EXISTING HAND PUMPS AT VARLOUS LOCATIONS मात्रा-500 नग | 365 दिवस रु. 64.40 लाख | रु.10,000/- रु.48.300/- | 14/5/2026 |

नोट - निविदा सम्बन्धी समस्त संशोधन सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जायेंगे, समाचार पत्रों में नहीं ।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम, कटनी

# प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने उतरेगी आरसीबी

रायपुर (वार्ता)।




प्लेऑफ़ का रास्ता अब मुश्किल होता जा रहा है, दबाव बढ़ता जा रहा है, और रायपुर की तेज गर्मी में, दो ऐसी टीमें जिनकी अब तक की यात्रा बिल्कुल अलग रही है, एक ऐसी टक्कर के लिए तैयार हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग में उनके पूरे सीजन का भविष्य तय कर सकती है। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आईपीएल 2026 के ज़्यादातर हिस्से में एक ऐसी टीम की तरह दिखी है जो पूरी तरह से नियंत्रण में है। शांत, संयमित और खतरनाक, उन्होंने 11 मैचों में सात जीत के साथ धीरे-धीरे अपनी लय बनाई है और अब वे एक और बार प्लेऑफ़ में पहुँचने की कगार पर खड़े हैं। लेकिन उनके सामने एक ऐसी टीम आ रही है जिसने ठीक सही समय पर अपना खोया हुआ आत्मविश्वास फिर से पा लिया है-एक नई ऊर्जा से भरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम, जिसने खुद को टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार से खींचकर वापस मुकाबले में ला खड़ा किया है। जब बुधवार की रात ये दोनों टीमें शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी, तो दाँव पर सिर्फ़ दो अंक ही नहीं होंगे। बल्कि दाँव पर होगी टीम की लय, आत्मविश्वास और शायद पूरे अभियान की दिशा।

### आरसीबी का यह सीजन विराट से ही आगे बढ़ा

आरसीबी का यह सीज़न एक बार फिर विराट कोहली की मौजूदगी से ही आगे बढ़ा है। हो सकता है कि अब वह अकेले ही टीम का सारा बोझ न उठाते हों, लेकिन वह अब भी इस बेंगलुरु टीम की भावनात्मक धड़कन बने हुए हैं। उनके बनाए 379 रन पूरी दबंगई और इरादे के साथ आए हैं; उन्होंने पारी की शुरुआत में ही टीम के लिए एक मज़बूत आधार तैयार किया है, जिससे उनके आस-पास के दूसरे खिलाड़ियों को भी खुलकर खेलने का मौका मिला है। कप्तान रजत पाटीदार ने पारी के बीच के ओवरों में निडरता का परिचय दिया है; वह क्रीज़ पर आते ही गेंदबाज़ों पर हमला बोल देते हैं। फिर टीम के पास टिम डेविड जैसा फिनिशर भी है, जिसने पारी के आखिरी ओवरों को विपक्षी गेंदबाज़ों के लिए पूरी तरह से अफरा-तफरी और मुश्किलों से भरे पलों में बदल दिया है। और जब पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ़ हालात मुश्किल हो गए थे, तो क्रुणाल पांड्या ही थे जिन्होंने एक ऐसी जुझारू और दमदार पारी खेली, जिसकी ज़रूरत अक्सर चैंपियन टीमों को होती है। मांसपेशियों में खिंचाव, दबाव और लड़खड़ाती हुई रन-चेज़ जैसी तमाम मुश्किलों से जूझते हुए, उन्होंने 46 गेंदों में 73 रनों की एक शानदार पारी खेलकर आरसीबी को जीत दिलाई। गेंदबाज़ी के मोर्चे पर, हमेशा की तरह बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भुवनेश्वर कुमार ने एक बार फिर अपने पुराने दिनों की याद ताज़ा कर दी है। इस सीज़न में उनके द्वारा लिए गए 21 विकेट एक ऐसे गेंदबाज़ की कहानी बयाँ करते हैं, जो आज भी लय, गेंद की मूवमेंट और नियंत्रण को ज़्यादातर दूसरे गेंदबाज़ों के मुकाबले कहीं बेहतर समझता है।

### कोलकाता को अपनी खोई हुई चमक मिल ही गई

लेकिन जहाँ आरसीबी का प्रदर्शन लगातार एक जैसा और स्थिर रहा है, वहीं केकेआर का सफ़र उतार-चढ़ावों और नाटकीयता से भरा रहा है। अभी कुछ ही हफ़्ते पहले तक तो ऐसा लग रहा था कि उनका यह अभियान अब पूरी तरह से खत्म हो चुका है। चोटों ने बॉलिंग को कमज़ोर कर दिया था, बैटिंग में आत्मविश्वास की कमी थी, और पॉइंट्स टेबल भी कोई रहम नहीं दिखा रहा था। फिर भी, इस अनिश्चितता के बीच कहीं न कहीं, कोलकाता को अपनी खोई हुई चमक मिल ही गई। अब वे लगातार चार मैच जीतकर रायपुर पहुँचे हैं, और उनके साथ है उस टीम की ऊर्जा जिसे अब किसी बात का डर नहीं है। इस वापसी की अगुवाई न्यूज़ीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज़ फिन एलन ने की है, जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी नाबाद सेंचुरी से केकेआर की वापसी का ज़ोरदार ऐलान कर दिया। रिंकू सिंह ने अपनी फिनिशिंग टच फिर से हासिल कर ली है, जबकि कैमरन ग्रीन अब उसी दबदबे के साथ मैचों पर असर डालना शुरू कर रहे हैं, जिसकी उम्मीद हर किसी को उनसे थी। और फिर है स्पिन डिपार्टमेंट - जो कोलकाता की वापसी की धड़कन है। सुनील नारायण अपनी जानी-पहचानी रहस्यमयी शैली और शांत स्वभाव के साथ अपना काम जारी रखे हुए हैं, और उन्हें वरुण चक्रवर्ती और अनुकूल रॉय का पूरा साथ मिल रहा है।

रायपुर की पिच पर, जहाँ स्पिनरों को पहले भी सफलता मिली है, बीच के ओवरों में होने वाली यह टक्कर ही शायद इस मुकाबले का नतीजा तय करेगी।

### किसी न किसी टीम को तो झुकना ही पड़ेगा

यहाँ एक इतिहास भी जुड़ा है। इन दोनों टीमों ने ही 2008 में आईपीएल की शुरुआत की थी, जब ब्रेंडन मैकुलम ने केकेआर के लिए एक यादगार पारी खेलकर पूरे टूर्नामेंट में धूम मचा दी थी। अठारह साल बाद भी, इस प्रतिद्वंद्विता में वही रोमांच, शोर और उम्मीदें बरकरार हैं। और शायद यही बात इस मुकाबले को इतना दिलचस्प बनाती है। एक टीम अपने ताज को बचाने की कोशिश कर रही है। दूसरी टीम किसी चमत्कार की तरह मुश्किलों से बाहर निकलने की कोशिश में जुटी है। रायपुर के जगमगाते स्टेडियम में, जब प्लेऑफ़ करीब आ रहे हैं, तो किसी न किसी टीम को तो झुकना ही पड़ेगा।



## अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

धर्मशाला (वार्ता)।

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान अक्षर पटेल पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली की टीम ने धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 55वें मैच के दौरान ने धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित है, यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध था, इसलिए अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। डीसी ने अक्षर पटेल (56) और डेविड मिलर (51) की विस्फोटक अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पंजाब किंग्स को छह गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीद को जिंदा रखा। पंजाब किंग्स की यह लगातार चौथी हार है।




## सात्विक-चिराग मुश्किल जीत के बाद दूसरे राउंड में

**बैंकाक (वार्ता)।** मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को निमिबुत्र स्टेडियम में कड़ी टक्कर में जीत के साथ थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिंटन कैंपेन की शुरुआत की। बैडमिंटन रैंकिंग में चौथे नंबर पर टॉप सीड सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने इंडोनेशिया की अनरैंक्ड जोड़ी पुत्रा एरवियनस्याह और बगास मौलाना को 21-19, 21-23, 21-10 से हराकर दूसरे राउंड में एंट्री की। धीमी शुरुआत के बाद, जिसमें वे 16-11 से पीछे थे, सात्विक-चिराग ने लगातार सात पॉइंट्स के साथ वापसी की और कंट्रोल हासिल किया और एक कड़े शुरुआती गेम में जीत हासिल की। दूसरे गेम में मोमेंटम बदला और इंडोनेशियाई जोड़ी ने 11-9 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टाई-ब्रेक तक पहुंचाया, जिसे उन्होंने जीतकर मुकाबला बराबर कर दिया और एक डिसाइडर सेट कर दिया। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने शुरू से आखिर तक आखिरी गेम में दबदबा बनाकर और एक घंटे चार मिनट में मुकाबला खत्म करके यह पक्का किया कि आगे कोई दिक्कत न हो।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी अपने तीसरे थाईलैंड ओपन टाइटल पर नज़र गड़ाए हुए हैं। उन्होंने पहले दो बार बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट जीता था - 2019 और 2024 में। भारत के एमआर अर्जुन/हरिहरन अम्साकारुनन और महिला डबल्स जोड़ी रुतपर्णा पांडा/श्वेतापर्णा पांडा दिन में बाद में अपने शुरुआती मेन ड्रॉ मैचों में एक्शन में होंगी। पुरुषों के सिंगल्स क्वालिफाइंग मैचों में, मानव चौधरी ने पेरिस 2024 ओलंपिक ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट मलेशिया के ली ज़ी जिया को कड़ी टक्कर दी, लेकिन मैच 21-19, 21-18 से हार गए। अनुष्का शाहपुरकर भी महिलाओं के सिंगल्स क्वालिफ़ायर में थाईलैंड की यातावीमिन केटक्लिएंग से 21-5, 21-7 से हारकर बाहर हो गईं। मोहित जगलान और लक्षिता जगलान का मिक्स्ड डबल्स कैंपेन भी क्वालिफ़ायर में चीनी ताइपे के त्साई फू-चेंग और सुंग यू-ह्सुआन से 21-11, 21-18 से हार के साथ खत्म हो गया। भारत ने इस साल बैंकॉक में इस सुपर 500 टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए 27 सदस्यों का एक बड़ा दल भेजा है।

## ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे स्थान पर पहुंचे केएल राहुल



**धर्मशाला (वार्ता)।** दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल में सर्वाधिक रनों के लिए ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे स्थान पर पहुँच गए हैं।

**ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड** - दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ सोमवार को बेहद ज़रूरी जीत दर्ज की, जिससे प्लेऑफ़ में पहुंचने की उनकी उम्मीदें ज़िंदा रहीं। हालांकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केएल राहुल वैसा योगदान नहीं दे पाए, जैसा वह चाहते थे। लेकिन 8 गेंदों पर 9 रन बनाकर वह इस सीजन के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में नंबर 3 से नंबर 2 पर पहुंच गए। उन्होंने अब तक 12 पारियों में 177.98 के स्ट्राइक रेट से 477 रन बनाए हैं। मंगलवार को सनराइज़र्स हैदराबाद (एसआरएच) का मुकाबला गुजरात टाइटंस (जीटी) से है, इसलिए राहुल की यह पोज़िशन सुरक्षित नहीं है। अभिषेक शर्मा (475) और उनके सबसे पुराने व अच्छे दोस्त शुभमन गिल (462) उनके बेहद क़रीब हैं। वहीं हेनरिक क्लासेन 11 पारियों में 157.32 के स्ट्राइक रेट से 494 रन बनाकर शीर्ष पर हैं। उनके पास भी अपनी बढ़त को और मजबूत करने का मौक़ा है।

**पर्पल कैप लीडरबोर्ड** - 2016 और 2017 में लगातार दो बार पर्पल कैप जीतने वाले भुवनेश्वर कुमार ने साफ़ कर दिया है कि 36 साल की उम्र में भी उनकी कला कम नहीं हुई है, भले ही साल के बड़े हिस्से में वह लगभग नजर नहीं आते हैं। ऐसा लगता है कि वह लगातार बेहतर होते जा रहे हैं। मुंबई इंडियंस (एमआई) के ख़िलाफ़ 4 विकेट के प्रदर्शन ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को एक रोमांचक जीत दिलाई।



## चीन ने लगातार 12वीं बार जीता विश्व टीम टेबल टेनिस खिताब

**लंदन (वार्ता)।** चीन ने वर्ल्ड टेबल टेनिस चैंपियनशिप में जापान पर 3-0 से जीत हासिल करते हुए पुरुषों की टीम का लगातार 12वां खिताब अपने नाम किया। यह जीत लियांग जिंगकुन के एक और शानदार वापसी वाले प्रदर्शन की बदौलत मिली। सेमीफाइनल में फ्रांस के एलेक्सिस लेब्रून के खिलाफ दो गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करने के ठीक एक दिन बाद, लियांग ने जापान के शीर्ष खिलाड़ी टोमोकाज़ु हारिमोटो के खिलाफ भी उसी कारनामे को दोहराया। लियांग को शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा; वह शुरुआती दो गेम 11-8 और 11-4 से हार गए, क्योंकि हारिमोटो अपनी ज़बरदस्त गति और आक्रामकता से खेल पर हावी थे।

## नाहिद राणा के पंजे में फंसा पाकिस्तान

### बांग्लादेश ने 104 रनों से रौंदा



**मीरपुर (वार्ता)।** 2024 तक पाकिस्तान को कभी टेस्ट मैच में नहीं हराने के बाद, बंगलादेश ने अब उनके खिलाफ लगातार तीन मैच जीते हैं, और यह मैच - घर पर पाकिस्तान के खिलाफ उनका पहला मैच - मीरपुर में आखिरी दिन के आखिरी सेशन में जाकर तय हुआ। नाहिद राणा, पेस सेंसेशन जिनकी पहचान हर स्पेल के साथ बढ़ी है, ने 40 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे मेजबान टीम ने मंगलवार को 104 रन से जीत हासिल की और सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली, यह टेस्ट आखिर तक उतार-चढ़ाव भरा रहा। आखिरी सेशन में सभी नतीजे अभी भी पक्के थे, पाकिस्तान को 152 रन चाहिए थे और उसके सात विकेट बाकी थे, और गेम का नतीजा सबसे ज़्यादा अब्दुल्ला फज़ल पर टिका था। डेब्यू करने वाले फज़ल 66 रन पर पहुँच चुके थे, उन्होंने इतने शांत तरीके से बैटिंग की कि उनका कम अनुभव दिखा, और उन्होंने और सलमान अली आगा ने चौथे विकेट के लिए 48 रन जोड़कर पाकिस्तान को 268 रन के टारगेट को दोपहर तक पूरा करने में मदद की। आखिरी दिन की खराब पिच पर, जिसमें बाउंस कम था, पाकिस्तान की जीत लंबे समय से नामुमकिन लग रही थी, लेकिन वे कम से कम खुद को एक मौका तो दे ही सकते थे, और खराब रोशनी के कारण, ड्रॉ भी उनके लिए नामुमकिन नहीं था। आखिरी सेशन की पाँच गेंदें खत्म होने के बाद, सब कुछ बिखर गया। तैजुल इस्लाम को एक ऐसी गेंद मिली जो ज़ोरदार तरीके से मुड़ी और डिफेंस पर फज़ल के अंदरूनी किनारे से टकराकर उनके पैड से टकरा गई। अंपायर रिचर्ड केटलबोरो शांत थे, लेकिन रिव्यू ने कुछ और ही कहानी बताई - तीन रेड, और डेब्यू करने वाले फज़ल की बहादुरी खत्म हो गई। जैसा कि ज़रूरी विकेट गिरने पर होता है, तुरंत दूसरा विकेट भी गिर गया। अगले ही ओवर में तस्कीन अहमद ने विकेट लिया, जब सलमान ने एक वाइड फुल बॉल पर हाथ फेंका और बॉल का किनारा लेकर गली में मौजूद दो फील्डरों में से एक के पास चली गई।

मोहम्मद रिज़वान रिव्यू में अपने पहले मौके से बच गए, उन्होंने पहली ही बॉल पर एलबीडब्ल्यू का फैसला पलट दिया, और वह और सऊद शकील बिना किसी और परेशानी के ड्रिंक्स ब्रेक तक पहुँच गए। पाकिस्तान को अभी भी 119 रन चाहिए थे और पाँच विकेट बाकी थे।

## निर्यात बढ़ाने, आयात कम करने के लिए काम करें उद्योग-गोयल

नयी दिल्ली (वार्ता)।




केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बदलते वैश्विक परिदृश्य के मद्देनजर मंगलवार को उद्योग जगत से निर्यात बढ़ाने और आयात कम करने की अपील की। श्री गोयल ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आत्मनिर्भरता बढ़ाने और देश की क्षमताओं पर विश्वास की नीति पर लगातार काम कर रही है। सरकार और उद्योग जगत के मिलकर काम करने की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने उद्योगों से विभिन्न क्षेत्रों में अधिक दक्षता लाने, बर्बादी कम करने, उत्पादकता बढ़ाने और आयात बिल को कम करने पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार ने मेट्रो और रैपिड रेल जैसी सार्वजनिक परिवहन अवसंरचना में निवेश किया है। ऊर्जा की बचत के उपायों से हर साल लगभग 10 अरब डॉलर की ऊर्जा लागत कम हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत है और दुनिया का भारत पर विश्वास बढ़ रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 11 महीने के आयात के लिए पर्याप्त है। उन्होंने उद्योग जगत से अगले पांच-छह साल में दो लाख करोड़ डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल करने की दिशा में काम करने का आह्वान किया और कहा कि लगभग 15 प्रतिशत वार्षिक निर्यात वृद्धि के साथ यह संभव है। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल, स्टील और स्टार्टअप जैसे क्षेत्र नवाचार और प्रतिस्पर्धा के माध्यम से निर्यात को गति दे सकते हैं। श्री गोयल ने बताया कि इस साल लगभग 863 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निर्यात होने की संभावना है। उन्होंने उद्योग जगत से सरकार द्वारा विभिन्न मुक्त व्यापार संधियों (एफटीए) का लाभ उठाने की अपील की और कहा कि पिछले साढ़े तीन साल में 38 देशों के साथ किए गए नौ एफटीए विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हैं। ये भारत में निवेश आकर्षित करने तथा निर्यात बढ़ाने में मदद करेंगे। ये देश भारत के प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि पूरक हैं और बड़े वैश्विक बाजारों तक पहुंच प्रदान करते हैं। स्विटजरलैंड, अमेरिका और यूरोपीय संघ के बारे में उन्होंने कहा कि वहां प्रति व्यक्ति आय भारत से कहीं अधिक है और वे भारत की तुलना में कम लागत पर उत्पादन नहीं कर सकते। जहां इन देशों के पास मजबूत तकनीकी और औद्योगिक क्षमताएं हैं, वहीं भारत के पास प्रतिस्पर्धी विनिर्माण क्षमता और प्रतिभा है। श्री गोयल ने बताया कि एफटीए का उद्देश्य देश की निर्यात क्षमता को मजबूत करना, निवेश बढ़ाना और भारतीय व्यवसायों के लिए वैश्विक बाजारों में नये अवसर पैदा करना है।

## रुपया 40 पैसे टूटा, ऐतिहासिक निचले स्तर पर

*मुंबई (वार्ता)। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को 40 पैसे लुढ़ककर 95.68 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ। बीच कारोबार में रुपया पहली बार 95.78 प्रति डॉलर तक टूट गया था। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 79 पैसे की गिरावट में 95.28 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपये पर आज शुरू से ही दबाव रहा। यह 29 पैसे गिरकर 95.57 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह ऊपर 95.42 रुपये प्रति डॉलर तक गया था, लेकिन बाद में इसकी गिरावट और बढ़ गयी। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने आज भारतीय पूंजी बाजार से 79 करोड़ डॉलर की शुद्ध निकासी की जिससे रुपया कमजोर हुआ। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में तेजी से भी भारतीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा। कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड वायदा तीन प्रतिशत से अधिक चढ़कर 107 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया।*

## खाने-पीने की चीजों, सोने-चांदी ने बढ़ाई खुदरा महंगाई

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** खाने-पीने की चीजों और सोने-चांदी के गहनों की कीमतें एक साल पहले की तुलना में तेजी से बढ़ने से अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 3.48 प्रतिशत पर पहुंच गयी। यह लगातार तीसरा महीना है जब खुदरा महंगाई बढ़ी है। मार्च में यह 3.40 प्रतिशत रही थी। खाद्य मुद्रास्फीति अप्रैल में 4.20 प्रतिशत पर रही जबकि इस साल मार्च में यह 3.87 प्रतिशत दर्ज की गयी थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई दर 4.01 प्रतिशत रही। पान-तंबाकू आदि की कीमत 4.76 प्रतिशत बढ़ी। रेस्त्रां एवं होटल के कमरों की मुद्रास्फीति 4.2 प्रतिशत रही। खाने-पीने के सामान में टमाटर की कीमत सालाना 35 प्रतिशत और फूल गोभी की 26 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, आलू 24 प्रतिशत, प्याज 18 प्रतिशत और मटर



सात प्रतिशत सस्ता हुआ। चांदी के गहनों के दाम पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 144 प्रतिशत बढ़े। सोना, हीरा और प्लेटिनम के गहने 41 प्रतिशत महंगे हुए। आंकड़ों में बताया गया है कि 50 लाख से अधिक की आबादी वाले राज्यों में तेलंगाना में खुदरा महंगाई सबसे अधिक 5.81 प्रतिशत रही। आंध्र प्रदेश में यह 4.20 प्रतिशत, तमिलनाडु में 4.18 और कर्नाटक में चार प्रतिशत रही। राजस्थान में मुद्रास्फीति की दर 3.52 फीसदी रिकॉर्ड की गयी।

## चावल, चीनी, दालों में तेजी- गेहूं नरम

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीनी और दालों में भी तेजी रही। गेहूं के दाम टूट गये जबकि खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत छह रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं चार रुपये सस्ता हुआ और 2,776 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। आटे की कीमत छह रुपये बढ़ गयी। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसतन 13 रुपये और चना दाल सात रुपये महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत पांच रुपये और मूंग दाल की चार रुपये बढ़ गयी। मसूर दाल कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 33 रिंगिट टूटकर 4,483 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74.36 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 37 रुपये टूट गयी। मूंगफली तेल 12 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये सस्ता हुआ। वहीं, वनस्पति 11 रुपये मजबूत हुआ। सोया तेल और पाम ऑयल 30-30 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज




गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी छह रुपये महंगी हुई।दाल चना 7661.86 रुपये, मसूर काली 8098.03 रुपये, मूंग दाल 10147.21 रुपये, उड़द दाल 10818.38 रुपये, तुअर दाल 11249.08 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2776.03 रुपये और चावल 3856.41 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3250.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4315.51 रुपये और गुड़ 5025.48 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17866.52 रुपये, मूंगफली तेल 18881.82 रुपये, सूरजमुखी तेल 17504.34 रुपये, सोया तेल 14917.20 रुपये, पाम ऑयल 13501.95 रुपये और वनस्पति 14969.82 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट

### प्रमुख सूचकांक पांच सप्ताह के निचले स्तर पर

**मुंबई (वार्ता)।** अमेरिका और ईरान के बीच फिर संघर्ष शुरू होने की आशंका और रुपये पर जारी दबाव के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी दिवस पर गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक पांच सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,456.04 अंक (1.92 प्रतिशत) टूटकर 74,559.24 अंक पर बंद हुआ। यह 06 अप्रैल के बाद का इसका निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 436.30 अंक यानी 1.83 प्रतिशत गिरकर इस साल 07 अप्रैल के बाद के निचले स्तर 23,379.55 अंक पर बंद हुआ। मीडिया रिपोर्टों में यह खबर आने पर कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं, विदेशों में भी ज्यादातर प्रमुख शेयर बाजार फिसल गये। इसके अलावा, रुपये के आज ऐतिहासिक निचले स्तर तक उतरने से भी बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई है। पहली बार एक डॉलर 95.50 रुपये से ज्यादा का बोला गया है। फिलहाल यह 95.63 रुपये प्रति डॉलर पर है।



चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव रहा। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.43 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 3.17 प्रतिशत गिर गया। सभी सेक्टरों में दबाव देखा गया। रियलटी समूह का सूचकांक चार प्रतिशत से अधिक टूट गया। आईटी का सूचकांक पौने चार प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद का साढ़े तीन प्रतिशत से ज्यादा लुढ़का। ऑटो, मीडिया, रसायन, वित्त, बैंकिंग, एफएमसीजी, फार्मा और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांकों में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एनएसई में जिन 3,378 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,723 के शेयर लाल निशान में और 589 हरे निशान में रहे। अन्य 66 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से भारतीय स्टेट बैंक को छोड़कर अन्य 29 में गिरावट रही। टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 4.44 प्रतिशत टूट गया। अडानी पोर्ट्स का शेयर 4.39 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 4.11, टीसीएस का 3.84, टाइटन का 3.60, बीईएल का 3.51, बजाज फाइनेंस का 3.43, इंफोसिस का 3.09, ट्रेंट का 3.08 और बजाज फिनसर्व का 3.02 प्रतिशत लुढ़क गया। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 2.89 फीसदी, इटरनल का 2.40, एशियन पेंट्स का 2.38, मारुति सुजुकी का 2.30, इंडिगो का 2.16, एलएंडटी का 2.12, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 2.10 और आईसीआईसीआई बैंक का 2.05 प्रतिशत नीचे रहा। एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज दोनों में 1.77 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.76, आईटीसी में 1.70, पावर ग्रिड में 1.50, सन फार्मा में 1.42 और कोटक महिंद्रा बैंक में 1.36 प्रतिशत की गिरावट रही। एक्सिस बैंक का शेयर भी लाल निशान में रहा। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत और हांगकांग का हैंग सेंग 0.22 प्रतिशत टूट गया। जापान का निक्केई 0.52 प्रतिशत की बढ़त में रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.11 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.40 प्रतिशत नीचे थे।

> बरगी थाना क्षेत्र में वारदात, जांच में जुटी पुलिस

## ताला तोड़कर जेवर-नगदी उड़ा ले गये चोर



**जबलपुर।** बरगी थाने में डेविड परिसर निवासी 57 वर्षीय मनोज ऋषि ने शिकायत दर्ज क बताया कि वह सपरिवार जबलपुर चर्च गये थे। वापस आए तो देखा की घर को ताला टूटा हुआ था। अलमारी में रखे जेवर और नगदी गायब थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

> तेजी से बढ़ने लगा तापमान

## बादलों की विदाई के साथ 'लू' का तांडव शुरू



**जबलपुर।** संस्कारधानी में मौसम के मिजाज अब जानलेवा होने लगे हैं। मंगलवार को शहर का मौसम पूरी तरह शुष्क रहा और सूरज ने अपने तेवर और कड़े कर लिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार दिन का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

> निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं

## जनसुनवाई में पहुंचे दर्जनों आवेदन



**जबलपुर।** नगर निगम मुख्यालय और सभी 16 संभागों में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने मुख्यालय में आए 46 आवेदकों से सीधा संवाद किया और आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की। इसी तरह सभी 16 संभागों में संभागीय अधिकारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए 32 प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही कर निराकरण कराया।



## जेडीए अध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह कल होगा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल के आदेश में पर जबलपुर विकास प्राधिकरण में संदीप जैन को अध्यक्ष एवं प्रशांत केसरवानी को उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया था। जिनका पदभार ग्रहण समारोह 14 मई दिन गुरुवार को सुबह दस बजे वन्दे मातरम चौक, सिविक सेंटर में पूज्य संतो के सानिध्य में होगा। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह मुख्यातिथ्य होंगे।

## युवक का मोबाइल ले उड़े बदमाश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गढ़ा थाना क्षेत्र में बीती रात ऑटो से उतरकर मोबाईल पर बात करते हुए जा रहे युवक का कीमती मोबाईल एक्टिवा सवार बदमाश झपट्टा मारकर ले उड़े। पुलिस ने बताया कि शारदा चौक निवासी 30 वर्षीय दुर्गेश दुबे बीती रात करीब पौने आठ बजे ऑटो से शारदा चौक पर उतरा और मोबाईल पर बात करते हुए अपने घर की ओर जा रहा था। उसी समय पीछे से एक्टिवा में दो लड़के पहुंचे। जिन्होंने झपट्टा मारकर उसका वीवों कंपनी का मोबाईल ले उड़े। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## शराब के लिये रुपये न देने पर युवक को मारा चाकू

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोरखपुर पुलिस ने बताया कि रामपुर आजाद चौक भैंसासुर रोड निवासी 17 वर्षीय सौर्य पटेल शाम को पांडुताल मैदान में वॉकिंग के लिये गया था। जहां से घर वापस आते समय रास्ते में उसे कृष्णा उर्फ केशू बेन ने उसे बुलाया और उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा। सौर्य ने रुपये देने से मना किया तो गाली गलोज करते हुये चाकू से हमलाकर दाहिने जांघ में चोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

## बरगी बांध का गिरा जलस्तर

**जबलपुर।** अपर नर्मदा जोन के मुख्य अभियंता डीएल वर्मा ने कहा कि रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना के बरगी बांध जलाशय का जल स्तर 12 मई को 411.20 मीटर हो गया है, जो कि बरगी बांध की दांयी तट मुख्य नहर के जल प्रवाह स्तर अर्थात 411.48 मीटर से 0.28 मीटर कम हो गया है, जिसके फलस्वरूप बरगी व्यपवर्तन परियोजना की दांयी तट मुख्य नहर के स्लूस से पर्याप्त ड्राईविंग हेड न मिल पाने के कारण नहर में पानी प्रवाहित किया जाना संभव नहीं है।

# खेल-खेल में बच्चों ने सीखा गणित का जादू



### हितकारिणी सभा विद्या परिषद के समर कैंप में आयोजित हुई वैदिक गणित कार्यशाला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी सभा विधा परिषद द्वारा आयोजित समर कैंप में विद्यार्थियों के लिए वैदिक गणित कार्यशाला का प्रभावशाली आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. नीलेश पाण्डेय रहे, जिन्हें शिक्षण जगत में अंकों के जादूगर के नाम से जाना जाता है। कार्यशाला में डॉ. पाण्डेय ने वैदिक गणित की प्राचीन भारतीय पद्धति को आधुनिक एवं रोचक शैली में प्रस्तुत करते हुए बच्चों को गणित के अनेक आसान सूत्र एवं शॉर्टकट ट्रिक्स सिखाईं। उन्होंने बताया कि वैदिक गणित केवल तेजी से गणना करने की तकनीक नहीं, बल्कि मस्तिष्क की कार्यक्षमता, स्मरण शक्ति, तार्किक क्षमता एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है।

उन्होंने विद्यार्थियों को निखिलम सूत्र, ऊर्ध्व तिर्यक सूत्र एवं एकाधिकेन पूर्वेण जैसे महत्वपूर्ण वैदिक सूत्रों की सहायता से बड़ी संख्याओं का गुणा, भाग, वर्ग एवं प्रतिशत कुछ ही सेकंड में निकालना सिखाया। बच्चों ने बिना कैलकुलेटर के कठिन प्रश्नों को तेजी से हल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान गणितीय जादू, संख्या खेल एवं मानसिक गणना की रोचक गतिविधियों ने विद्यार्थियों को अत्यंत उत्साहित किया। बच्चों ने खेल-खेल में गणित सीखते हुए आनंदपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों ने कहा कि अब उन्हें गणित कठिन विषय नहीं बल्कि रोचक और मनोरंजक लगने लगा है।

### मानसिक गणना को विकसित करने की दी प्रेरणा

डॉ. पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि वैदिक गणित भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसकी उपयोगिता आज प्रतियोगी परीक्षाओं से लेकर दैनिक जीवन तक हर क्षेत्र में बढ़ती जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास के माध्यम से मानसिक गणना विकसित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में राजीव श्रीवास्तव, संयोजक दिनेश सिंह ठाकुर एवं शेखर खंपरिया,अंजली शर्मा, मीनाक्षी धुरिया एवं अन्य स्टाफ की विशेष उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि बढ़ाने तथा उनकी बौद्धिक क्षमता के विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होती हैं।

## चोरी की बढ़ती घटनाओं पर पाटन में जनाक्रोश

### पुलिस की सुस्ती के खिलाफ आज होगा पाटन थाने का घेराव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पाटन नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों ने आम जनता की रातों की नींद उड़ा दी है। पुलिस प्रशासन की कथित निष्क्रियता और सुस्त रवैये से आक्रोशित होकर समस्त नगरवासियों और ग्रामीणों ने आज, 13 मई को एक विशाल जनआंदोलन का निर्णय लिया है। चोर चुस्त -पाटन पुलिस सुस्त के नारे के साथ आज सुबह 11 बजे पाटन थाने का घेराव कर हल्ला बोल प्रदर्शन किया जाएगा। इस आंदोलन की शुरुआत सिद्धेश्वरी माता मंदिर प्रांगण (बस स्टैंड, पाटन) से होगी। जनता का आरोप है कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जबकि पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। आंदोलनकारियों ने पुलिस के सामने स्पष्ट मांगें रखी हैं, जिनमें चोरी की वारदातों का तत्काल खुलासा करना, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और पुलिस गश्त बढ़ाना शामिल है। इसके अलावा, सिविल कोर्ट चौराहे पर बढ़ते हादसों को रोकने के लिए वहां 24 घंटे पुलिस ड्यूटी लगाने और बेरिकेड्स लगाने की भी मांग की गई है। साथ ही मांग की गई है कि रिकॉर्ड में दर्ज पुराने अपराधियों को पकड़कर उनसे सख्ती से पूछताछ की जाए।आयोजकों ने चेतावनी दी है कि यह आंदोलन केवल एक शंखनाद है। यदि पुलिस ने जल्द ही इन मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की, तो आगामी दिनों में अतिशीघ्र पाटन बंद जैसा बड़ा कदम उठाया जाएगा।

## 17 मई को होगी सहायक कुल सचिव परीक्षा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक कुल सचिव परीक्षा 2025 का आयोजन आगामी 17 मई को जबलपुर के 8 केंद्रों पर किया जा रहा है। यह परीक्षा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक एक ही सत्र में ऑफलाइन पद्धति से संपन्न होगी।

South Avenue Mall | moviemagic | RUBY moviemagic

EXPERIENCE RUBY WHERE CINEMATIC LUXURY AWAITS

| | |
|---|---|
| KRISHNAVATARAM PART 1 (HINDI) | 1:15 PM, 4:15 PM, 7:15 PM & 10:15 PM |
| DAADI KI SHAADI (HINDI) | RUBY 9:40 PM \| 9:30 AM, 3:30 PM |
| MORTAL KOMBAT II (HIN/ENG) | RUBY HINDI - 2:45 PM \| 9:00 AM; RUBY ENG - 7:20 PM |
| RAJA SHIVAJI (HINDI) | RUBY 11:40 AM, 3:00 PM & 6:20 PM \| 10:00 PM |
| THE DEVIL WEARS PRADA 2 (ENG) | RUBY 5:00 PM |
| MICHAEL (ENG) | RUBY 9:50 AM & 9:35 PM |
| BHOOTH BANGLA (HINDI) | 10:00 AM, 12:20 PM, 3:35 PM, 6:45 PM & 10:30 PM |
| LEE CRONIN'S THE MUMMY (HINDI) | RUBY 12:20 PM |
| DHURANDHAR THE REVENGE (HINDI) | 11:20 AM & 6:20 PM |

@moviemagic_jbp MOVIE MAGIC NOW WITH 5 BIG SCREENS
Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE
Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508

# साइकिल चलाकर हाईकोर्ट पहुंचे जस्टिस डीडी बंसल

### प्रधानमंत्री की अपील का असर

### कहा, तेल बचाना सबकी जिम्मेदारी



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्यूल बचाने की अपील का असर अब मप्र में भी दिखाई देने लगा है। दरअसल मंगलवार को मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल लग्जरी कार छोड़ साइकिल से हाईकोर्ट पहुंचे। उनका वीडियो सामने आने के बाद लोगों के बीच इसकी चर्चा शुरू हो गई। जानकारी के मुताबिक जस्टिस डीडी बंसल करीब 3 किलोमीटर तक साइकिल चलाकर सिविल लाइंस स्थित निवास से हाईकोर्ट पहुंचे। इस दौरान रास्तेभर लोगों की नजरें उन पर टिकी रहीं। हाईकोर्ट परिसर पहुंचने पर भी कर्मचारियों और आम लोगों ने उन्हें उत्सुकता से देखा। मीडिया से बातचीत में जस्टिस डीडी बंसल ने कहा कि यह सोच गलत है कि हाईकोर्ट के जज साइकिल से नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो, सभी लोगों को साइकिल चलाकर पेट्रोल-डीजल की बचत करनी चाहिए। उन्होंने इसे पर्यावरण और देशहित से जुड़ा विषय बताया।

## ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मी की वर्दी फाड़कर मारपीट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बरगी नगर पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत रानी अवंती बाई जल विद्युत गृह प्रवेश द्वार पर ड्यूटी में तैनात वरिष्ठ सुरक्षा सैनिक से एक दंपत्ति ने विवाद करते हुए मारपीट कर दी। इतना ही नहीं उसकी बर्दी भी फाड़ दी। इसके बाद उनके दो अन्य साथी भी पहुंचे, जिन्होंने भी पत्थर व डंडे से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित सुरक्षा कर्मी की शिकायत पर पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि गोरखपुर साई मोहल्ला निवासी 61 वर्षीय मनोज कुमार कटारिया रानी अवन्ती बाई जल विद्युत गृह बरगीनगर में वरिष्ठ सुरक्षा सैनिक के पद पर पदस्थ है।

# फर्श पर हो रहे प्रसव, हाईकोर्ट ने सरकार को जारी किया नोटिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट में दायर एक जनहित याचिका ने मप्र के जनजातीय बहुल मण्डला जिले की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि जिले की 10 लाख से अधिक आबादी को पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं और जिला अस्पताल में मूलभूत चिकित्सा व्यवस्था तक चरमराई हुई है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले को संजीदगी से लेते हुए अनावेदकों को 4 सप्ताह में जवाब पेश करने कहा है। अगली सुनवाई जून माह के अंतिम सप्ताह में होगी। यह जनहित याचिका जबलपुर निवासी और अध्यक्ष पंकज कुमार सोनी की ओर से दायर की गई है। याचिका में राज्य सरकार से स्वास्थ्य सेवाओं को तत्काल सुधारने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की गई है। याचिका में मंडला जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड की बेहद चिंताजनक स्थिति का उल्लेख किया गया है। बताया गया है कि अस्पताल में बिस्तरों की भारी कमी



के कारण गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को फर्श पर लेटना पड़ रहा है। याचिका के अनुसार यह स्थिति संक्रमण और गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर रही है, जो संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार का उल्लंघन है।

### खाली पड़े डॉक्टरों के पद, मशीनें बनी शोपीस

जनहित याचिका में यह भी कहा गया है कि मंडला जिला अस्पताल में कई महत्वपूर्ण विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद वर्षों से खाली पड़े हैं। इनमें न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट जैसे विशेषज्ञ शामिल हैं। आरोप है कि रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति न होने के कारण अस्पताल की सोनोग्राफी मशीनें उपयोग में नहीं आ पा रही हैं। इसका सीधा लाभ निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों को मिल रहा है, जहां मरीजों को महंगे परीक्षण कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही


याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए गए, प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए और कानूनी नोटिस भी भेजे गए, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। याचिका में राज्य सरकार की प्रशासनिक चुप्पी पर भी सवाल उठाए गए हैं।

जनहित याचिका में अदालत से मांग की गई है कि प्रसूति वार्ड में तत्काल अतिरिक्त बिस्तरों की व्यवस्था की जाए। विशेषज्ञ डॉक्टरों के स्वीकृत पद समयबद्ध तरीके से भरे जाएं। स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो। याचिका संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 47 के उल्लंघन को आधार बनाकर दायर की गई है।













हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**